
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 76
फरीदाबाद, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



'अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी'

पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 40.00°C
न्यूनतम 23.00°C

## क्विक न्यूज

### विश्व बैंक और आईएमएफ की बैठकों में जलवायु वित पर सुस्त प्रगति



**नई दिल्ली।** विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे बार-बार विफल रहे।

### पुंछ में आतंकियों का मददगार गिरफ्तार, चुनाव में अशांति फैलाने की आशंका

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले के हरि बुद्ध इलाके के एक स्कूल से आतंकी के मददगार शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार (21 अप्रैल) को बताया कि आतंकी का मदद करने वाला कमरुद्दीन स्कूल का हेडमास्टर है। उसके पास से एक पाकिस्तानी पिस्तौल और 2 चीनी ग्रेनेड मिले हैं। पुलिस ने कहा- सूचना मिलने पर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसपीजी) के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। कमरुद्दीन के ठिकानों पर कई जवान एक साथ पहुंचे। हमें आशंका है कि लोकसभा चुनाव से पहले इलाके में अंशाति फैलाने के लिए कुछ प्लानिंग की जा रही थी।

### तिमाही नतीजे और वैश्विक रुझान तय करेंगे बाजार का रुख

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष, कंपनियों के तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह शेयर बाजारों का रुख प्रभावित होगा। विश्लेषकों ने यह राय देते हुए साथ ही जोड़ा कि कच्चे तेल और डॉलर के मुकाबले रुपए की चाल से भी बाजार प्रभावित होगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष को लेकर चल रही चिंताओं के बीच यह सप्ताह बाजार के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अगर तनाव काफी बढ़ जाता है, तो वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहट में बिक्री और अस्थिरता बढ़ने का जोखिम है। इसके अलावा, बाजार कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाएं अक्सर उन्हें प्रभावित करती हैं।

# 'मोदी सरकार में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट, इंडिया गठबंधन में होगी उच्च वृद्धि'

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। पार्टी ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में आज कम है। उन्होंने एक बयान में कहा कि धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के चलते वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है।

उन्होंने कहा, श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार 2014 और 2023 के बीच, मजदूरों के लिए वास्तविक मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है। रमेश ने यह भी बताया कि कृषि मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में कृषि मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल 6.8 प्रतिशत बढ़ी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में कृषि मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल 1.3



प्रतिशत घटी है। उन्होंने एक बयान में कहा, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण श्रृंखला (सरकारी आंकड़ा): 2017 और 2022 के बीच सभी प्रकार के रोजगारों - वेतनभोगी श्रमिकों, आकस्मिक श्रमिकों और स्व-नियोजित श्रमिकों की औसत वास्तविक आय स्थिर रही है।

सेंटर फॉर लेबर रिसर्च एंड एक्शन के आंकड़ों का हवाला देते हुए रमेश ने कहा कि ईंट भट्ठा श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी 2014 और 2022 के बीच स्थिर है या घटी है। उन्होंने कहा कि एनएसएसओ के उपभोग व्यय सर्वेक्षण से पता चलता है कि स्थिर वास्तविक मजदूरी ने उपभोग वृद्धि को कम कर दिया है। लगभग 50 वर्षों में पहली बार ग्रामीण उपभोग में गिरावट दिखाई गई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि धीमी होती खपत वृद्धि और बढ़ते डर के कारण, निजी क्षेत्र के पास अब अर्थव्यवस्था में निवेश करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है। बयान में कहा गया, भारत में निवेश ऐतिहासिक रूप से निम्न स्तर पर पहुंच गया है, जिससे हमारी दीर्घकालिक वृद्धि को खतरा है। संप्रग के कार्यकाल में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में निवेश (10-वर्षीय औसत) 33.4 प्रतिशत था, लेकिन मोदी के कार्यकाल में यह केवल 28.7 प्रतिशत है।

# 25 मिनट में किसान, मुस्लिम और सवर्णों को साध गईं मायावती

## भाजपा-कांग्रेस पर जमकर बरसीं बसपा प्रमुख

**एजेंसी।** गाजियाबाद



**बहुजन** समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने कहा जो काम पहले कांग्रेस सरकार ने किया, वही काम अब भाजपा सरकार कर रही है। पूंजीपतियों और धन्नासेठों को लाभ पहुंचाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। गरीबों, वंचितों और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। वह चार बार उत्तर प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री रहीं। उन्होंने सभी जातियों, वर्गों के हितों का ध्यान रखा और सरकार में बराबर की भागीदारी दी। रविवार को वह गाजियाबाद के कविनगर रामलीला मैदान में गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहीं थीं।

25 मिनट के अपने भाषण में मायावती ने किसान, मुस्लिम, अपर कास्ट व अन्य समाज को साधने का प्रयास किया। 26 अप्रैल को बसपा प्रत्याशियों के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए कहा। कहा कि उनकी सरकार आने पर सभी वर्गों को सरकार में बराबर की भागीदारी दी जाएगी। स्थानीय मुद्दों का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाएगा। 2.48 मिनट पर उन्होंने अपना उद्बोधन शुरू किया और 3.13 पर भाषण समाप्त हो गया।

जातीय कार्ड खेलते हुए कहा पश्चिम उत्तर प्रदेश में क्षत्रिय समाज की संख्या काफी संख्या में है। उन्होंने भाजपा पर क्षत्रिय समाज की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। इससे क्षत्रिय समाज काफी नाराज हैं। कई जगह महापंचायत भी हुई है। कहा उनकी पार्टी सभी जातियों को सम्मान करती है। इसलिए गाजियाबाद में क्षत्रिय समाज के नंदकिशोर पुंडीर को टिकट दिया। टिकट बंटवारे में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बागपत सीट से पार्टी ने प्रवीन बंसल को टिकट दिया है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में गुर्जर समाज के लोगों की भी संख्या काफी अधिक है। मायावती ने पंजाबी समाज को भी साधने का काम किया। कहा मैंने पहले गाजियाबाद सीट से पंजाबी समाज के अंशय कालरा को टिकट दिया था, लेकिन इस समाज के वोटरों की संख्या यहां कम होने पर अंशय को सिख बाहुल्य वाली लखीमपुर सीट से टिकट दिया है।

भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। गरीबी मिटाने का दावा हवा हवाई है। गारंटी का दावा जुमलों से ज्यादा कुछ नहीं है। भ्रष्टाचार देश से समाप्त होने की बजाय और बढ़ गया है। कांग्रेस के बारे में कहा कि जब कांग्रेस की सत्ता थी तो गरीबों और वंचितों का लगातार शोषण हुआ। यही कारण रहा कि कांग्रेस सत्ता से बाहर हो चुकी है। यही हाल बीजेपी का भी होगा। इस बार भाजपा सत्ता में वापस नहीं आने वाली है। भाजपा व उनकी सहयोगी पार्टियां द्वेष पूर्ण काम करती हैं। भाजपा सरकार में केवल और केवल पूंजीपतियों का ही भला हो रहा है। इलेक्टोरल बांड से इसका खुलासा हो गया है। जब वह मुख्यमंत्री थीं तब उन्होंने किसानों के हित में अनेकों कार्य किए। किसानों को आसानी से सभी सुविधाएं मिल जाती थीं।

# अरविंद केजरीवाल को जेल में मारने की साजिश रची जा रही : सुनीता

## आरोप: दिल्ली सीएम को इंसुलिन नहीं दी जा रही

### आप की मंत्री आतिशी इंसुलिन लेकर जेल पहुंचीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दिल्ली** के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा- केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। सुनीता रांची में इंडिया की रैली को संबोधित कर रही थीं। इधर, तिहाड़ जेल के डीजी संजय बेनीवाल ने शनिवार 20 अप्रैल को एम्स को चिट्ठी लिखी। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के लिए एक सीनियर डाइबिटोलॉजिस्ट अपॉइंट करने को कहा गया है। इस लेटर को आम आदमी पार्टी (आप) ने भी रविवार (21 अप्रैल) को शेयर किया। इस बीच, रविवार को दिल्ली की मंत्री आतिशी तिहाड़ जेल के सामने इंसुलिन लेकर पहुंचीं। उन्होंने केंद्र सरकार को ब्रिटिश राज से ज्यादा क्रूर बताया। इससे पहले आतिशी ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार केजरीवाल को मारने की साजिश कर रही है।

अरविंद केजरीवाल 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में हैं। 18 अप्रैल को उन्होंने कोर्ट से अपने डॉक्टर से सलाह लेने और इंसुलिन की मांग वाली याचिका लगाई थी, जिस पर 22 अप्रैल को फैसला आना है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि तिहाड़ जेल की रिपोर्ट झूठ का पुलिंदा है। सबसे पहले केजरीवाल की शुगर को बेतरतीब ढंग से मापा गया। जब भी शुगर लेवल कम हुआ है, रिपोर्ट में केवल वही रिकॉर्ड है।

ये अरविंद केजरीवाल को मारने की साजिश है। अरविंद केजरीवाल बार-बार जेल प्रशासन से इंसुलिन मांग रहे हैं, लेकिन वे इसे देने के लिए तैयार नहीं हैं। केंद्र सरकार कहती रही कि केजरीवाल की देखभाल के लिए जेल में एक विशेषज्ञ मौजूद है। तिहाड़ डीजी के एम्स को डायबिटोलॉजिस्ट भेजने के लिए चिट्ठी लिखने के बाद उनका झूठ उजागर हो गया है।

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल की अपील पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस करवाई। इसमें अस्पताल के एक सीनियर डॉक्टर के अलावा तिहाड़ के चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद थे। एक जेल अधिकारी ने बताया कि 40 मिनट की सलाह के बाद केजरीवाल को आश्वासन दिया गया कि कोई गंभीर चिंता नहीं है। उन्हें दवाएं जारी रखने की सलाह दी गई। इसकी रेगुलर जांच की जाएगी। एम्स विशेषज्ञ को सीजीएम (ग्लूकोज मॉनिटरिंग सेंसर) का पूरा रिकॉर्ड, केजरीवाल का फूड चार्ट और दवाओं की डिटेल दी गई थी। जेल अधिकारी का कहना है कि इंसुलिन का मुद्दा केजरीवाल ने नहीं उठाया था और न ही डॉक्टरों ने इसका सुझाव दिया था।

# टीएचडीसी इंडिया सितंबर तक कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना चालू करेगा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**सार्वजनिक** क्षेत्र की टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) का लक्ष्य सितंबर, 2024 तक अपने कोयला आधारित बिजली संयंत्र को चालू करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही कंपनी घरेलू ताप विद्युत क्षेत्र में उतर जाएगी। अधिकारी ने कोयला आधारित क्षमता स्थापित करने की कंपनी की योजना के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि टीएचडीसीआईएल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में 1320 मेगावाट अत्याधुनिक तापीय बिजली परियोजना (एसटीपीपी) स्थापित कर रही है। वर्तमान में, उत्तराखंड स्थित इकाई की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 1587 मेगावाट है, जिसमें से 1424 मेगावाट जलविद्युत, 113 मेगावाट पवन और 50 मेगावाट सौर है।

परियोजना की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा, काम पूरे जोरों पर चल रहा है। हमें 660 मेगावाट की पहली इकाई इस साल सितंबर तक और दूसरी इकाई मार्च 2025 तक चालू होने का विश्वास है। यह लगभग 12,000 करोड़ रुपए की परियोजना है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि जनवरी, 2024 तक खुर्जा अत्याधुनिक तापीय बिजली संयंत्र (केएसटीपीपी) पर 9428.30 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, और लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध हुआ तो बढ़ेंगी तेल, एलएनजी की कीमतें

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**ईरान-इजराइल** संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं।

ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की। संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है, लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। जिससे विश्व भर में महंगाई और बढ़ने की आशंका है।

# छत्तीसगढ़ में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया एक नक्सली

**एजेसी।** बीजापुर



**छत्तीसगढ़** के बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच रविवार सुबह मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया है, जिसका शव भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने मौके से हथियार समेत विस्फोटक सामान बरामद कर लिया है। मुठभेड़ खत्म हो गई है।

बस्तर में चुनाव खत्म होने के बाद जवान एक बार फिर भैरमगढ़ केशकुतुल इलाके में सर्च ऑपरेशन पर निकले हुए थे। यहां नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना थी। जैसे ही जवान माओवादियों के कोर इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायर खोल दिया। जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और गोलियों का जवाब दिया। पिछले तीन महीने में बस्तर के अलग-अलग जिलों में हुई मुठभेड़ में पुलिस फोर्स ने अब तक कुल 80 माओवादियों को ढेर कर दिया है। इनमें 16 अप्रैल को 29 नक्सली सिर्फ कांकेर में ही मारे गए। इन पर लाखों रुपए का इनाम भी घोषित था। एनकाउंटर का लाइव वीडियो भी सामने आया था।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचा

### कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपए हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपए (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपए अधिक रहा। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपए हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया।

# मालदीव की संसद के लिए मतदान शुरू, भारत और चीन की करीबी नजर

## छह राजनीतिक दलों और स्वतंत्र समूहों ने संसद की 93 सीट के लिए 368 उम्मीदवारों को उतारा है मैदान में

### राष्ट्रपति के लिए संसद में बहुमत हासिल करना कठिन होगा

**एजेंसी।** माले

**मालदीव** में संसदीय चुनाव के लिए रविवार को मतदान शुरू हो गया। इसके अस्थायी परिणाम देर रात तक घोषित किए जाने की संभावना है। यह चुनाव देश के मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है।

मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जगह पर स्थित है। ऐसे में भारत और चीन मालदीव में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करते रहे हैं। मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ गई। मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया।

राष्ट्रपति के लिए संसद में बहुमत हासिल करना कठिन होगा क्योंकि उनके कुछ सहयोगी अलग हो गए हैं तथा अधिक संख्या में दल चुनावी दौड़ में शामिल हो गए हैं। छह राजनीतिक दलों और स्वतंत्र समूहों ने संसद की 93 सीट के लिए



368 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। जनसंख्या वृद्धि संबंधी समायोजन के बाद ये पिछली संसद की तुलना में छह सीट अधिक हैं। लगभग 2,84,000 लोग मतदान करने के पात्र हैं और अस्थायी परिणाम रविवार देर रात घोषित होने की संभावना है। राष्ट्रपति पद के लिए मुइज्जू का चुनाव अभियान भारत को बाहर करो थीम पर आधारित था, जिसमें उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति पर भारत को बहुत अधिक महत्व देकर राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया था।

मालदीव में कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी तैनात थे और वे भारत द्वारा दान किए गए दो विमानों का संचालन करने के साथ ही समुद्र में फंसे या आपदाओं का सामना करने वाले लोगों के बचाव कार्य में सहयोग करते थे। भारत और मालदीव के बीच रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गए जब अनेक भारतीय लोगों ने सोशल मीडिया पर मालदीव पर्यटन का बहिष्कार करने का अभियान शुरू कर दिया। दरअसल मालदीव के तीन उपमंत्रियों ने लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार को लेकर उनके बारे में अपमानजनक बयान दिए थे, जिसके जवाब में भारत में मालदीव पर्यटन के बहिष्कार का मुहिम चली।

मालदीव सरकार के हालिया आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है। मुइज्जू ने इस साल की शुरुआत में चीन का दौरा किया था और चीन से आने वाली पर्यटकों तथा उड़ानों की संख्या में वृद्धि पर बातचीत की थी। मालदीव 2013 में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल में शामिल हो गया था, जिसका उद्देश्य पूरे एशिया, अफ्रीका और यूरोप में व्यापार तथा चीन के प्रभाव का विस्तार करने के लिए बंदरगाहों और राजमार्गों का निर्माण करना था।


## हमारी संस्कृति में शामिल है बुजुर्गों का सम्मान : नागर




**फरीदाबाद।** सेक्टर-8 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में विधायक राजेश नागर पहुंचे और उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान शामिल है, यही कारण है कि हम सबसे पहले अपने बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्हें यहां सीनियर सिटीजन क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। जहां बड़ी संख्या में जुटे बुजुर्गों ने खुलकर आशीर्वाद दिया। नागर ने कहा कि आज जो बुजुर्ग हैं वह कल जवान थे और हम कल बुजुर्ग होंगे, लेकिन इन्होंने जो हमें योग्य बनाने की जिम्मेदारी निभाई है, वह जिम्मेदारी हमें भी निभानी होगी। यही नहीं, हमारे ऊपर तो दोहरी जिम्मेदारी है। एक तो हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान रखना है और दूसरा आने वाली पीढ़ी को योग्य बनाना है। इसलिए अपने इस किरदार को ढंग से निभाएं।

## बीजेपी के सत्ता संभालते ही हर रोज बढ़ रही महंगाई : सविता चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद






पलवल जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता सविता चौधरी ने पायनियर को दिए अपने इंटरव्यू में कहा है कि देश व प्रदेश की बीजेपी सरकार सबसे नाकामयाब सरकार रही है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार हर मुद्दे पर पूरी तरह से असफल रही है। बीजेपी सरकार ने अपने किसी भी चुनावी वायदे को पूरा नहीं किया है। बीजेपी के शासनकाल में युवाओं को रोजगार नहीं मिलने से देश व प्रदेश में बेरोजगारों की एक फौज खड़ी हो गई हैं। महंगाई हर रोज आसमान छू रही है। किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिलने से किसानों की हालात दयनीय है। पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम बढ़ने से लोगों पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। सरकारी विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं। परंतु सरकार उन पदों को भरने की जगह पदों को ही समाप्त कर रही हैं। बीजेपी की जन विरोधी नीतियों से जनता में भाजपा के खिलाफ भारी रोष हैं। इसकी वजह से बीजेपी नेताओं का गांवों में भारी विरोध है। आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता बीजेपी का सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देगी।

सविता चौधरी ने बताया कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वायदा जनता से किया था। परंतु 10 साल बीत जाने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया हैं। रोजगार देने की जगह बीजेपी ने सत्ता में आते ही सरकारी विभागों और कंपनियों को निजी हाथों में देने का काम शुरू कर दिया। जिससे सरकारी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को हटाया जा रहा है, इससे रोजगार छीनने का काम किया है। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से विदेशी पूंजीनिवेश बढ़ने के लंबे-चौड़े दावे किए जा रहे हैं। परंतु धरातल पर कहीं पूंजी निवेश नहीं दिखाई दे रहा हैं, उल्टे कंपनियां देश व प्रदेश से पलायन कर रही हैं। जिससे रोजगार के अवसर घटे हैं।

चौधरी ने बताया कि बीजेपी व प्रधानमंत्री ने सत्ता में आने से पहले पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस, आटा, तेल, दालों व सब्जियों आदि के दाम कम करने का वायदा जनता से किया था। परंतु सत्ता में आते ही इनके दाम दो से तीन गुणा बढ़ा दिए गए हैं। जिससे महंगाई आसमान छू रही है। इससे लोगों का बजट गड़बड़ा गया है। उन्होंने बताया कि बीजेपी ने किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा किसानों से किया था। परंतु दस साल सत्ता में बीत जाने के बाद भी किसानों की आय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। वहीं सरकार ने खाद, बीज, खरपतवार नाशक दवाइयों आदि के दाम बढ़ा दिए। जिससे किसानों पर अतिरिक्त भार बढ़ गया हैं। किसानों को आज अपनी फसलों की एमएसपी के लिए आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

चौधरी ने बताया कि बीजेपी सरकार देश व प्रदेश में विकास के लंबे-चौड़े दावे कर रही है। परंतु विकास कहीं पर दिखाई नहीं दे रहा हैं। पिछली सरकारों में बनी सड़कों, स्कूल, अस्पतालों, चौपालों, स्टेडियमों आदि की मरम्मत भी सरकार नहीं करवा पाई है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। देश व प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय है। हर रोज लूटपाट, डकैती, चोरी, महिलाओं के साथ छेड़छाड़, बलात्कार आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। जिससे महिलाएं आज घर से बाहर निकलने में भी डरती हैं। अग्निवीर योजना के बाद सेना के प्रति युवाओं का क्रेज घटा है। अग्निवीरों को केवल चार साल के लिए सेना में लिए जा रहा है। वहीं नौकरी के बाद उनको पेंशन, केंटीन, मेडिकल आदि सुविधाओं से भी वंचित रखा जा रहा हैं। जिससे सरकार के खिलाफ जनता में भारी नाराजगी है।

# प्रथम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम वाला शहर फरीदाबाद स्वास्थ्य सुविधाओं में पीछे

### शहर के बीके अस्पताल में नहीं है आईसीयू की सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**हरियाणा** प्रदेश को पहला अंतरर्राष्ट्रीय नाहरसिंह क्रिकेट स्टेडियम देने वाला जिला फरीदाबाद आज भी स्वास्थ्य सुविधाओं में पिछड़ा हुआ है। जिससे इस अस्पताल में आने वाले फरीदाबाद-पलवल जिले के मरीजों को इलाज में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल में आईसीयू सुविधा के अभाव में डॉक्टर अस्पताल में आने वाले गंभीर बीमार व घायल मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली-रोहतक के अस्पतालों में रेफर कर देते हैं, जिससे कई बार मरीज दूसरे शहरों के अस्पतालों में पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही दम तोड़ देता है। लोगों ने बीके अस्पताल में तुरंत ही आईसीयू की सुविधा की शुरूआत की मांग की है जिससे फरीदाबाद के बीके अस्पताल में ही रोगियों का इलाज समय पर हो सके व उन्हें दूसरे शहरों में इलाज के लिए जाने से छुटकारा मिल सके।




हरियाणा प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों का आयोजन करने के लिए फरीदाबाद शहर को चुना गया था। इसके लिए फरीदाबाद में 1981 में नाहर क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया गया। इस स्टेडियम में अब तक कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन किया जा चुका है। परंतु जिला फरीदाबाद का मुख्य जिला अस्पताल आज भी स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी पिछड़ा हुआ है। बीके अस्पताल में आज भी आईसीयू जैसी मुख्य सुविधा नहीं है, जिसकी वजह से अस्पताल में आने वाले मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। इस कारण अस्पतालों तक पहुंचने में ही घंटो का समय लगा जाता है। इसकी वजह से कई बार मरीज इलाज की सुविधा मिलने से पहले ही रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। लोगों का कहना है कि फरीदाबाद व पलवल जिलों की जनसंख्या लाखों हैं। परंतु स्वास्थ्य विभाग उसके बाद भी यहां के इस मुख्य अस्पताल में आज तक आईसीयू की सुविधा देने में नाकामयाब रहा है। बाहर इलाज करवाने के कारण मरीज के रिश्तेदारों का काफी समय और धन बर्बाद होता हैं। जिससे कई बार वे आर्थिक रूप से भी टूट जाते हैं। लोगों का कहना है बार-बार मांग के बाबजूद बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में नाराजगी है। लोगों ने तुरंत ही आईसीयू की सुविधा देने की मांग की है, जिससे अस्पताल में ही लोगों का इलाज हो सके। उनका कहना है कि यह मांग काफी पुरानी है, जिसके लिए अधिकारियों व नेताओं से गुहार लगा चुके हैं तथा मांगपत्र भी सौंप चुके हैं, लेकिन अस्पताल प्रबंधन के कानों में जूं नहीं रेंग रही। अस्पताल को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

प्रदेश को पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम देने वाले जिला फरीदाबाद का बीके अस्पताल आज भी आईसीयू की सुविधा से वंचित है। जिसकी वजह से इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को दूसरे शहरों को इलाज के लिए रेफर कर दिया जाता है।

**-हरीपाल**

आईसीयू की कमी से कई बार इलाज के अभाव में ही मरीज दम तोड़ देते हैं। बीके अस्पताल में बगैर देरी के आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे अस्पताल में आए मरीजों को दूसरे शहरों में इलाज के लिए जाने से छुटकारा मिल सके।

**-कृष्णपाल सिंह**

### गरीब और मजदूर को होती हैं दिक्कतें

## बीजेपी के शासनकाल में रेहड़ी पर खाना भी हुआ महंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**चुनाव** के नजदीक आते ही सत्तारी पार्टी व विपक्षी पार्टियों की नीतियों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। चार आदमी इकट्ठा होते ही चुनावी चर्चा में मशगूल हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि बीजेपी के शासनकाल में मजदूर, किसान, कमेरे वर्ग और छोटे व्यापारी के खाने की वस्तुएं जैसे छोले कुल्चे, छोले-भटूरे, दाल रोटी आदि के दामों में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है। जिससे लोगों का दो जून की रोटी खाना भी मुश्किल हुआ है। लोगों का कहना है कि सरकार को मंहगाई पर काबू करने का यत्न करना चाहिए। जिससे गरीब वर्ग के लोग भी पेट भर खाना खा सकें।




पलवल के पुराने जीटी रोड स्थित गौरी-शिव मंदिर के पास रेहड़ी पर खाना खाने वाले गौरव का कहना था कि कुछ साल पहले तक रेहड़ी पर 15 से 20 रूपये में भर पेट खाना खा लेते थे। परंतु अब कुछ सालों से खाने की सभी वस्तुओं के दामों में एकाएक कई गुणा बढ़ोतरी हो गई है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले 10 रुपये में लोग छोले कुल्चे व छोले भटूरे रेहड़ी से खरीदकर अपना पेट भर लेते थे। परंतु अब इसके दाम तीस रुपये तक पहुंच गए हैं। वहीं वेज बिरयानी भी 60 रुपये की मिलती है। 30 रुपये में दो कुल्चे व छोले मिलते हैं। अधिक भूखा होने पर कामकाजी मनुष्य दो प्लेट तक आराम से खा लेता है। हॉफ प्लेट कुी-चावल के दाम भी 40 तक हैं। उनकी बात का समर्थन करते हुए दिनेश कुमार, महीपाल का कहना था कि पिछले कुछ सालों में खाने-पीने के सामानों में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है। जिससे लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। उन्होंने बताया कि अब एक आदमी को पूरे महीने का 12 से 15 हजार रुपये मिलता है। जिसमे वे दो-ढाई हजार रुपये अपने ऊपर ही खर्च कर लेता है। बाकर के 10 हजार रूपये में पूरे परिवार का खाना, पढ़ाई आदि का खर्चा उठाना भारी भड़ता है। सरकार को लोगों की दिहाड़ी बढ़ानी चाहिए। वहीं महंगाई पर काबू करने का प्रयत्न करना चाहिए, जिससे लोगों को सुविधा रहे।

## समरस्य में दिखे प्रबंधन कौशल के रंग

### श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के फेस्ट में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**श्री** विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में समरस्य प्रबंधन फेस्ट-2024 का भव्य आयोजन किया गया। रत्नागिरी भवन में आयोजित इस फेस्ट में मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने कौशल, ज्ञान और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। अपनी प्रतिभा के बल पर छात्रा स्नेहा ने मिस मैनेजमेंट का खिताब जीता, जबकि छात्र रवि ने मिस्टर मैनेजमेंट चुने गए। कुलपति डॉ. राज नेहरू, कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा और मैनेजमेंट के डीन प्रोफेसर ऋषिपाल ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी।

इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने फेस्ट का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रबंधन जीवन को व्यवस्थित बनाता है और आगे बढ़ने की दिशा देता है। प्रबंधन के माध्यम से हम अपने लक्ष्यों को सरलता सा प्राप्त कर सकते हैं। प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने प्रबंधन विभाग को सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सब अच्छे लीडर के रूप में किसी भी संस्थान को आगे ले जाने में सक्षम बनेंगे। विद्यार्थियों में प्रबंधन के गुण विकसित करने के लिए उन्होंने सभी शिक्षकों की सराहना की।



इस फेस्ट में 130 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कभी विद्यार्थी नृत्य में झूमते नजर आए और कभी कविता पाठ से तालियां बटोरी। कहानी सुनाने से लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता, केस स्टडी, बिजनेस क्विज, एड-मैड, आइडियाथॉर्न में विद्यार्थियों ने खुद को साबित किया। प्रबंधन विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा के लिए उनकी खूब पीठ थपथपाई। डीन मैनेजमेंट प्रो. ऋषिपाल, कार्यक्रम संयोजक डॉ. पिंकी, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. श्रुति, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. पारुल भाटिया, डॉ. विकास मिश्रा और अन्य सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रबंधन कौशल के लिए सराहना की। विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पिंकी ने सभी अतिथियों एवं शिक्षकों का आभर ज्ञापित किया।

## ब्राह्मण सभा ने शुरू की चरित्र निर्माण कार्यशाला

**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा ने सर्व समाज की बेटियों को जागरूक करने के उद्देश्य से चरित्र निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ किया। पहली कार्यशाला का आयोजन गांव सुनपेड स्थित ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची जिला शिक्षा अधिकारी आशा दहिया ने किया। चरित्र निर्माण कार्यशाला में नौवीं से बारहवीं तक की 75 छात्राओं ने भाग लिया। आशा दहिया ने कहा कि अगर उन्हें जीवन में कामयाब होना है तो वह संयमित जीवन जीएं।


## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पूरी हो डॉक्टरों की कमी

**फरीदाबाद।** सांसद बनने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी गली गली घूमकर वोटरों को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। किंतु क्षेत्र की अनगिनत मूल समस्याओं पर नेता चुप्पी साधे हैं। उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। महिलाओं की प्रमुख समस्याओं को लेकर पायनियर की टीम ने शहर की महिलाओं से बात की। शहर की महिलाओं का कहना है कि अस्पतालों की डॉक्टरों की कमी जल्द पूरी होनी चाहिए। साथ ही महिलाओं की समस्या के लिए लेडी डॉक्टरों की नियुक्ति होनी चाहिए।







**मनीषा अग्रवाल** का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों के भवन काफी जर्जर हैं तथा महिला चिकित्सक नहीं मिलतीं। सबसे अधिक समस्या रात्रि में होती है। हमें ऐसा जनप्रतिनिधि चुनना है जो महिलाओं की समस्याओं पर ध्यान दे और उसका निस्तारण कराए।



**योगेश चौधरी** सबसे बड़ी समस्या महिला चिकित्सालय को मानती हैं। उनका कहना है संपन्न लोग तो प्रसव के लिए निजी नर्सिंग होम की शरण ले लेते हैं। जबकि गांव की गरीब महिलाओं के लिए एक मात्र अस्पताल ही सहारा है। किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।



**रूचि शर्मा** ने कहा कि महिला हित के लिए कोई नेता नहीं आगे आता। महिलाओं के लिए सबसे आवश्यक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार रहते हैं। मजबूर महिलाओं को अपनी समस्या पुरूष डॉक्टर को बतानी पड़ती है। चुने हुए विधायक को सबसे पहले महिलाओं की इस समस्या का निदान करना चाहिए।



**रविता** ने भी कहा कि महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या सरकारी चिकित्सालय में महिला डॉक्टर का न होना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों की हमेशा कमी रहती है। प्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं।

## चुनावों में व्यापारी और दुकानदार अधिक से अधिक करें मतदान : भाटिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सिद्धपीठ** श्री हनुमान मंदिर मार्केट नंबर-1 में व्यापार मंडल फरीदाबाद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रधान राजेश भाटिया सहित अन्य व्यापारियों व दुकानदारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

बैठक का मुद्दा लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करवाने के प्रति जागरुक करना था। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को मतदान करना चाहिए, क्योंकि जितना ज्यादा मतदान होगा, उतनी ही मजबूत सरकार देश को मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में चुनाव उत्सव के रूप में मनाया जाता है और इस चुनावी उत्सव में हम सभी को हिस्सा लेना चाहिए और दूसरों को भी इसमें भागेदारी निभाने के लिए जागरुक करना चाहिए। श्री भाटिया ने व्यापारियों व दुकानदारों से कहा कि वह अपनी दैनिक दिनचर्या के व्यस्त कार्यक्रम में से मतदान के दिन वोट डालने के लिए समय निकाले और ज्यादा से ज्यादा मतदान करे। बैठक में सभी व्यापारियों ने एक स्वर में भाटिया का समर्थन करते हुए विश्वास दिलाया कि वह इस बार चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान करेंगे।

## एसपीएस इंटरनेशनल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पलवल।** हुडा सेक्टर-2 स्थित एसपीएस इंटरनेशनल के छात्रों ने धूमधाम से पृथ्वी दिवस मनाया। इस अवसर पर एनवायरमेंट अवेयरनेस से जुड़ी विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज का भी आयोजन किया गया। जिसमें बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सेव आवर प्लैनेट अर्थ, गो ग्रीन जैसे विषयों पर पेंटिंग तथा पोस्टर मेकिंग में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया और छात्रों ने अपनी-अपनी कक्षाओं में आत्मनिर्भर ग्रह पृथ्वी की सुरक्षा और संरक्षण की शपथ भी ली। बच्चों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने और उन्हें अपने पर्यावरण की रक्षा में योगदान देने के लिए प्रेरित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में नियमित रूप से चलने वाली स्पोर्ट्स एक्टिविटीज का भी छात्रों ने जमकर लुफ्त उठाया, जिसमें खो-खो, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, योगा, वालीबॉल, ताइक्वांडो और तैराकी जैसे खेल शामिल हैं। अधिकतर छात्रों ने मौसम के अनुकूल खेल तैराकी में अधिक रुचि दिखाई तथा बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के संस्थापक सुरेश भारद्वाज ने भी सभी छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




भुलाना चाहता हूं और तेरी याद आती है
भुलाने की हर इक कोशिश यूं ही बेकारजाती है
भुला दी हैं बहुत सी बात बीते वक्त ने लेकिन
तेरी पायल की रुनझुन तो मुझे अब तक सताती है

## मोदी को गरीब की चिंता, कर रहे हैं गरीब को मजबूत : कृष्णपाल

### केंद्रीय मंत्री गुर्जर की उपस्थिति में जजपा नेता कुलदीप तेवतिया ने की भाजपा ज्वॉइन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**कृष्णपाल** गुर्जर ने फरीदाबाद की सेक्टर-8 हुडा मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय सांस्कृतिक विरासत को फिर से विश्व स्तर पर स्थापित करने और भारत की अर्थव्यवस्था को चोटी पर पहुंचाने के कार्य में जुटे हैं। देश के विकास के साथ मोदी को गरीब की चिंता है, इसलिए मोदी लगातार महिला, युवा, किसान और गरीब इन सभी वर्गों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। देश की जनता को पूर्ण विश्वास है कि मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने जजपा नेता पूर्व पार्षद कुलदीप तेवतिया को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रवीण चंदीला, पार्षद कुलबीर तेवतिया, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, अश्वनी गुलाटी, भाजपा कार्यकर्त्ता और इलाके के सम्मानित जन उपस्थित रहे। मास्टर किशन तेवतिया, मास्टर बीरसिंह तेवतिया, मास्टर भीमसिंह तेवतिया, मास्टर गजपाल तेवतिया, राजबीर तेवतिया, बनवारी लाल, चंद्रपाल, वीरेंद्र पंडित, ज्ञानलाल गुप्ता, कुलबीर फौजदार, मुकेश मलिक इन्द्रजीत मलिक, नवाब मलिक, ज्ञान मलिक, शिवराम मलिक, गिरिराज, सुरेंद्र, करण दलाल, राजेश बेनीवाल, अनिल, अमरजीत मलिक, मोती लाल, अरुण चौहान, हरिचंद दलाल, अमरचंद चौधरी, दयानंद चौधरी, उदयवीर चौधरी, रणसिंह, राजसिंह, रमेश, मोती लाल, कर्मबीर, महेंद्र दलाल, जसराम दलाल, भगत सिंह, साहब सिंह, साधू संतु, परसी दलाल, प्रधान दत्ता, कृपा राम शर्मा, ज्ञान कपड़े वाले, दरयाब तेवतिया, बिल्लू यादव, पंडित देशराज, महेश, जगपाल मलिक, सुखविंदर, शिव सिंह तेवतिया, जगबीर तेवतिया, राजाराम गुप्ता, प्रताप नम्बरदार आदि 100 के करीब सम्मानित लोगों और कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर कुलदीप तेवतिया के साथ भाजपा का पटका पहनकर भाजपा की सदस्यता ली।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि आज बड़ा खुशी का दिन है कि छोटा भाई कुलदीप तेवतिया भाजपा परिवार लौटा है, मैंने कभी कुलदीप को अपने भाजपा परिवार से अलग नहीं माना। मेरा और इनका मिलना जुलना, काम में एक दुसरे का सहयोग करना पहले भी जारी था। कुलदीप कभी मन से दूर नहीं रहा, आज पार्टी में आने के बाद पहले की तरह पार्टी में इनको पूरा मान, सम्मान, आदर मिलेगा। दोनों भाई मिलकर पार्टी को आगे बढ़ाएंगे और भाजपा एवं मोदी जी के हाथ को मजबूत करेंगे।

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि विरोधियों के पास कोई चेहरा नहीं है, जबकि मोदी जी पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। देश के 140 करोड़ लोगों का मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। गरीब का कोई भला कर सकता है तो वो मोदी है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश की जनता के आशार्वाद से 400 सीटों पर कमल खिलाकर तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। भाजपा की सदस्यता लेने के बाद कुलदीप तेवतिया ने कहा कि वो हमेशा से भाजपा के अपने परिवार में रहे हैं। कुछ समय के लिए पड़ोस में चले गए थे, लेकिन मन नहीं लगा और आज घर वापसी की।

# नूंह अकादमी ने स्पोर्ट्स क्यूब अकादमी को 81 रन से हराया

## आमिर को घोषित किया गया मैन ऑफ दा मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बीडीएम** कप सातवां ऑल इंडिया रविंदर फागना-19 क्रिकेट टूर्नामेंट-2024 रविंदर फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया। यह मैच नूंह क्रिकेट अकादमी और स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में नूंह क्रिकेट अकादमी ने स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी को 81 रन से हराया। यह मैच 40 ओवर का था और नूंह क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया। नूंह क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 37 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 173 रन का लक्ष्य दिया।

नूंह क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद सोहेल ने 44 गेंदों पर पांच चौको और एक छक्के की मदद से 41 रन, मोसिन खान ने 50 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 39 रन बनाए। स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए करण पासवान, साहिल मेहरा और राहुल कुमार ने 2/2 विकेट विभव शुक्ला और अंश ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य



का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी ने 24 ओवर में 10 विकेट खोकर 92 रन बनाकर हार गई। स्पोर्ट्स क्यूब क्रिकेट अकादमी की ओर से करण पासवान ने 17 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 23 रन, नित्यत कश्यप ने 39 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 19 रन बनाए।

नूंह अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आमिर ने सात ओवर में तीन मैडेन, 11 रन देकर तीन विकेट, रिहान और शोएब अख्तर ने 2/2 विकेट, अब्दुल हन्नन और जीशान ने 1/1 विकेट हासिल किया। इस मैच का मैन ऑफ दा मैच अमिरर व फाइटर ऑफ दा मैच करण पासवान को घोषित किया गया।

## पंचायत प्रशासन की लापरवाही से खांबी में लोग परेशान

**पलवल।** होडल ब्लॉक के प्रमुख गांव खांबी में कई दिनों से नालियों का गंदा पानी बहते रहने से विद्यार्थियों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को परेशानी झेलनी पड रही है। समाजसेवी रमनदेव शर्मा ने बताया कि वर्तमान पंचायत का गठन हुए लगभग डेढ़ वर्ष हो गया है। अनाज मंडी से राम मंदिर के सामने का सड़क है व गंदा पानी एकत्रित होता रहता है। रमन देव ने कहा कि गांव के विकास कार्य की जिम्मेदारी सरपंच, जिला पार्षद की है।

# मानसिक परेशानी के चलते व्यापारी ने फंदा लगाया

## सुसाइड नोट में लिखा मेरा धंधा बर्बाद कर दिया

## ल्यूमिनस बैटरी कंपनी अधिकारी पर केस दर्ज



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**एक** व्यापारी ने अपने घर की छत पर बने स्टोर में पंखे के कुंडे में रस्सी डालकर फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

पलवल सिटी थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, रेलवे रोड स्थित देव नगर निवासी प्रशांत गर्ग ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पिता दीन दयाल गर्ग ने ल्यूमिनस कंपनी से बैटरी-इन्वर्टर की एजेंसी ली हुई थी। पूरे जिले में दुकानदारों को उसके पिता ही ल्यूमिनस के प्रोडक्ट सप्लाई करते थे। करीब एक साल पहले मथुरा डिस्ट्रीब्यूटर डॉल्फिन के नाम जिशान पलवल में ल्यूमिनस की सप्लाई करने लगा। इससे उनका काम प्रभावित हो गया।

उन्होंने कंपनी अधिकारी उदित द्विवेदी से इसकी शिकायत कर जिशान की सप्लाई रोकने के लिए कहा। मगर, सप्लाई नहीं रोकी गई। काम प्रभावित होने से कंपनी की बिलिंग रुक गई। उदित द्विवेदी ने उनकी दुकान पर आकर उसके पिता को धमकी दी और मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया। बिलिंग रुकने पर उदित द्विवेदी ने उनकी दुकान पर काम करने वाले अनिल के साथ मिलकर प्रवीण नामक व्यक्ति को ल्यूमिनस की एजेंसी दिलवा दी।

प्रशांत गर्ग के अनुसार प्रवीण ने तेजस पॉवर सोल्यूशन के नाम से काम शुरू कर दिया। करीब तीन-चार माह से उनका काम बिल्कुल ठप हो गया। उसका काफी पैसा मार्केट फंस गया। क्योंकि दुकानदारों से रुपये मांगने पर वे ल्यूमिनस का सामान मांगते थे। परंतु वह माल सप्लाई नहीं कर पा रहे थे। इससे उसके पिता मानसिक रूप से परेशान रहने लगे। 14 अप्रैल को उसके पिता होडल से अचानक लापता हो गए थे। हालांकि अगले ही दिन वे वापस घर आ गए थे।

शिकायत में कहा गया कि उसके पिता द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट में मौत का जिम्मेदार ल्यूमिनस कंपनी के अधिकारी उदित द्विवेदी, कर्मचारी अनिल व नए डीलर प्रवीण को ठहराया है। क्योंकि इन्होंने मिलकर उसके पिता को प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए विवश कर दिया था। उनका काफी पैसा अभी भी मार्केट में फंसा हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# बुजुर्ग की चाकू से गोदकर हत्या

### एनआइटी बस स्टैंड के सामने रेहड़ी लगाता था मृतक

## घर में घुसकर वारदात को दिया अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोतवाली** थाना अंतर्गत टाउन नंबर-2, डी ब्लॉक में घर में घुसकर 60 वर्षीय बुजुर्ग सतीश कुमार की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। रात को जब मृतक का बेटा आया, तब वारदात का पता लगा। सूचना मिलने पर थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर आई और जांच शुरू की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में एक शख्स मकान के अंदर-बाहर आता-जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस व स्वजन को इसी पर शक है। पुलिस इस शख्स की तलाश कर रही है।

यहां रहने वाले सतीश कुमार एनआइटी बस अड्डा के पास सोडा-पानी की रेहड़ी लगाते थे। इनके दो बेटे यतिन व सुमित हैं। यतिन दिल्ली ओखला स्थित एक कंपनी में जॉब करते हैं। छोटा सुमित दिव्यांग है। वह एक कपड़े के शोरूम पर जाता है। यतिन की शादी हो चुकी है। लेकिन फिलहाल इनकी पत्नी अपने मायके गई हुई थी। इसलिए शनिवार दिन में घर पर कोई नहीं था।



सतीश कुमार रोज शाम चार बजे के बाद रेहड़ी लेकर अपने घर पहुंच जाते थे। शनिवार को करीब चार बजे अपने घर आ रहे थे। इनके पीछे एक युवक था। घर से कुछ दूरी पर सतीश ने मुड़कर उस युवक को वहीं रुकने के लिए हाथ का इशारा किया। इसके बाद वह गेट खोलकर अपने घर के अंदर पहली मंजिल पर बने कमरे में चले गए। वह अनजान शख्स रुका नहीं बल्कि बुजुर्ग के पीछे-पीछे मकान के अंदर चला गया। इसके बाद वह 5.22 पर मकान के बाहर निकाला। उसने अपनी हाफ काली शर्ट के ऊपर एक सफेद कमीज और पहनी हुई थी, जो बुजुर्ग के बेटे यतिन की थी। उसके हाथ में एक थैला भी था। आशंका है कि हत्या करते समय उसकी शर्ट पर खून लग गया था, इसी वजह से उसने उसके ऊपर दूसरी शर्ट पहनी।रात करीब नौ बजे सतीश का बड़ा बेटा यतिन ड्यूटी से आया। उसने देखा कि पिता अंदर बेड पर चादर ओढ़कर लेटे हुए हैं, लेकिन पंखा नहीं चल रहा है। उसे शक हुआ कि गर्मी पड़ रही है और पिता बिना पंखे के चादर कैसे ओढ़े हुए हैं।

उसने पिता को जगाने की कोशिश की, लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। इसके बाद जब चादर हटाई तो पिता को खून से लथपथ देखा। चाकू से हाथ, छाती व शरीर के अन्य हिस्सों पर करीब 10 से 12 वार किए गए थे। स्थानीय निवासी एक युवक ने बताया कि वह टैक्सी चलाता है। उसने इसी अनजान शख्स को शाम को सतीश कुमार की रेहड़ी पर बैठे हुए देखा था। वह उस समय रेहड़ी पर ही था। युवक ने अनजान शख्स से बात भी की थी।

उस अनजान शख्स ने बताया था कि वह टैटू बनाता है और उसने युवक से हरिद्वार जाने के लिए टैक्सी के बारे में भी पता किया था। ऐसा लग रहा था कि अनजान शख्स सतीश कुमार को जानता है। अनजान शख्स को शायद यह भी मालूम था कि सतीश कुमार के घर इस समय और कोई नहीं होगा। सतीश कुमार के भाई चंदर प्रकाश यहीं पर भूतल पर परिवार सहित रहते हैं। प्रथम मंजिल पर जाने का रास्ता अलग है। अनजान शख्स सतीश कुमार का बेरहमी से हत्या कर चला गया, लेकिन नीचे किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। यह सोचकर सभी हैरान हैं, क्योंकि चाकू से वार के समय सतीश कुमार चिल्लाए भी होंगे। जांच अधिकारी सतबीर सिंह का कहना है कि हर एंगल से जांच की जा रही है।

# 4.84 ग्राम स्मैक सहित आरोपी पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख ओपी सिंह, आईपीएस अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक पंखुडी कुमारी के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट फरीदाबाद ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए संजय कॉलोनी मुजेशर थाना क्षेत्र से 4.84 ग्राम स्मैक बरामद कर नशा तस्कर को पकड़ा है। यूनिट फरीदाबाद प्रभारी उप निरीक्षक कीमती लाल ने बताया कि उप निरीक्षक जसवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को सूचना मिली कि प्रेमचंद निवासी गली नंबर-2 संजय कॉलोनी नशीला



पदार्थ बेचने का काम करता है, जो अपने घर के बाहर खड़ा होकर स्मैक बेच रहा है। यदि अभी मौके पर रेड की जाए तो सफलता हासिल हो सकती है। सूचना के आधार पर मौके पर टीम की सहायता से नशा तस्कर को काबू किया गया। राजपत्रित अधिकारी के समक्ष नशा तस्कर की तलाशी ली गई जिसके पास से 4.84 ग्राम स्मैक बरामद हुआ।

## बिल दिए बिना अस्पताल से मरीज फरार, प्रबंधन को कर रहा ब्लैकमेल

**फरीदाबाद।** सेक्टर-20ए स्थित एसएसबी अस्पताल में एक मरीज एक लाख का बिल दिए बिना फरार हो गया। आरोप है कि वह अस्पताल के खिलाफ झूठी शिकायतें भेजकर प्रबंधन को ब्लैकमेल कर रहा है। सेंट्रल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सेंट्रल में एसएसबी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दलीप छाबड़ा ने दी शिकायत में बताया कि उनके अस्पताल में आठ अप्रैल को सोनू नामक मरीज दाखिल हुआ। उसे पेट दर्द की शिकायत थी। सोनू ने बताया था कि उसका मेडिक्लेम है। यदि मेडिक्लेम पास नहीं होगा तो वह बिल का भुगतान कर देगा। इसके बाद डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। इस दौरान उसके एस्टीमेट बिल को मंजूरी के लिए सोनू की मेडिक्लेम वाली कंपनी को अर्जी भेजी गई। वहां से अनुमति नहीं दी गई। इस बारे में सोनू को बताया गया। इसके बावजूद डॉक्टर सोनू का इलाज करते रहे।

# एसडी कॉलेज की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**गोस्वामी** गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल में विद्यार्थी लीगल लिटरेसी मिशन के अंतर्गत मेडिकल एवं लीगल प्रकोष्ठ द्वारा डेक्लेमेशन कंपटीशन प्राचार्य डॉ. नरेश कामरा के मार्गदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश कामरा ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा के आदेश अनुसार आयोजित की गई है।

आयोजन में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और मौलिक कर्तव्य, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा, नशे की लत आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। निर्णायक मंडल की भूमिका राजनीति शास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह, राजनीति शास्त्र विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मीना एवं अंग्रेजी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. बलकार सिंह ने निभाई। मौलिक कर्तव्य विषय पर प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी प्रीति तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा विषय पर कुमारी आकृति प्रथम स्थान पर रही। हेमलता, नितिन, मनीष आदि विद्यार्थियों ने बहुत अच्छा वक्तव्य दिया। मेडिकल एवं लीगल प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. एनके गोयल ने अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगा चालकों को यातायात के प्रति किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त राकेश आर्य के निर्देशानुसार एवं डीसीपी ट्रैफिक ऊषा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य भारी वाहनों सहित करीब 300 वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर 550 से अधिक वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि रात के समय होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में यातायात पुलिस की विमिन्न टीमों द्वारा भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई जा रही है। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने के प्रति भी जागरूक किया गया है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा करीब 300 ट्रैक्टर ट्रालियों एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई और वाहन चालक को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। रिफ्लेक्टिव टेप लगाते हुए वाहन चालकों से सफर के दौरान विशेष सावधानी रखने का आह्वान किया गया। वाहनों को एक-दूसरे से सुरक्षित दूरी व धीमी गति से चलाने के लिए प्रेरित भी किया गया तथा इस दौरान अनेक वाहनों पर लगी पुरानी टेप उतरवाकर नई रिफलेक्टिव टेप लगाई गई।



## फर्जी दस्तावेजों से 48 लाख का लोन लेने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से 48 लाख का लोन लेने के आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नई दिल्ली के नांगलोई निवासी योगेश के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आर्थिक अपराध शाखा के एसीपी मदन कुमार ने बताया कि योगेश इस मामले के मुख्य आरोपी संजीव के पास नौकरी करता है। आरोपी संजीव ने योगेश के नाम पर एक फर्म पंजीकृत कराकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र की दिल्ली विकासपुरी शाखा में खाता खुलवाया। संजीव ने अपने पास काम करने वाले सोनू को राजेश सभरवाल बनाकर खाता खुलवाया।

# दस वर्ष में मोदी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए किए कार्य : गुर्जर

## एनआईटी क्षेत्र के गांव गौंछी में हुआ भाजपा प्रत्याशी का स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भाजपा** प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि आज पूरे देश में मोदी जी का बोलबाला है, विपक्ष के पास सत्तापक्ष को घेरने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है क्योंकि पिछले दस वर्षो के दौरान मोदी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है, यही कारण है कि आज छत्तीस बिरादरी एक बार फिर से देश की बागडोर नरेंद्र मोदी जी को सौंपने का मन बना चुकी है।

श्री गुर्जर एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव गौंछी में आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गणमान्य लोगों ने सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं बड़ी फूल माला पहनाकर श्री गुर्जर का स्वागत किया और उन्हें भारी बहुमत से जिताकर संसद भेजने का आश्वासन दिया। कृणपाल गुर्जर ने कहा कि दस वर्षो के दौरान केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है। किसान, मजदूर, महिला, दलित, पिछड़े सभी वर्ग सरकार की नीतियों से लाभान्वित हो रहे है।

उन्होंने एनआईटी क्षेत्र के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव समान विकास किया है, इस क्षेत्र में भाजपा विधायक न होने के बावजूद यहां विकास में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ी और लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरसक प्रयास किया है।



उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस बार एनआईटी क्षेत्र में कमल खिलेगा और यहां से भाजपा उम्मीदवार विजयी होकर क्षेत्र के विकास को और गति देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आज उन्हें चुनावों के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे, यही कारण है कि अभी तक उन्होंने टिकटों की भी घोषणा नहीं की, कोई भी उम्मीदवार चुनाव लड़ने को तैयार ही नहीं है। उन्हें पता है कि देश में चल रही मोदी लहर में उनकी हार निश्चित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह खुद को कृष्णपाल गुर्जर मानकर जनता के बीच जाए और उन्हें सरकार की नीतियों के बारे में जागरुक करें, ताकि एनडीए का 400 पार का नारा सार्थक हो सके और देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन सके। इस मौके पर केबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा ने भी अपने संबोधन में भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया और लोगों से अपील की कि अगर वह देश प्रदेश को उन्नति के मार्ग लाने चाहते है तो देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मबीर भड़ाना, यशवीर डागर, सतीश फागना, मुकेश डागर आदि ने श्री गुर्जर को विश्वास दिलाया कि इस बार एनआईटी क्षेत्र की जनता उन्हें यहां से भारी मतों से विजयी बनाकर भेजेगी और मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर अपने विश्वास की मोहर लगाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## छात्राओं को प्रेरित करने को शेक्सपियर की फिल्म दिखाई



**फरीदाबाद।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल के अंग्रेजी विभाग द्वारा बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं को विलियम शेक्सपियर के नाटक दा मर्चेंट ऑफ वेनिस पर आधारित एक फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म को दिखाने का उद्देश्य छात्राओं को नाटक के किरदार, विषय वस्तु तथा उस समय की सामाजिक दशा से अवगत कराना था। इस फिल्म को पीपीटी के माध्यम से दिखाया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी जी के स्वागत के साथ की गई। छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. वंदना त्यागी ने कहा कि साहित्य तथा सिनेमा समाज का आईना होते हैं तथा हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए हमें प्रेरणादायक फिल्मों को देखना चाहिए। कार्यक्रम की आयोजक व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. सोनिया भारद्वाज ने छात्राओं को बताया कि फिल्म शिक्षण सबसे प्रभावशाली शैक्षिक माध्यम है, क्योंकि हमें यह दृश्य-श्रव्य कहानी कहने और मनोरंजन का एक संयोजन हैं, जो हमें भावनात्मक स्तर तक पहुंचाते है। इस मौके पर 250 छात्राएं उपस्थित रहीं। इस आयोजन को सफल बनाने में अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिकाओं सुमन मोर, बबिता सिंह, अदिति शर्मा, चमनलता, प्रियंका और चंचल अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अग्रवाल कॉलेज में राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस का आयोजन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की यूथ रेडक्रॉस तथा सेंट जॉन एंबुलेंस इकाई के तत्वावधान में नेशनल सिविल सर्विसेज डे का आयोजन किया गया। पूरे भारतवर्ष में हर साल 21 अप्रैल को नेशनल सिविल सर्विसेज डे के तौर पर मनाया जाता है। लोक सेवकों की अथक मेहनत को पहचान दिलाने के क्रम में यह दिन मनाया जाता है। इस दिन हर साल उत्कृष्ट योगदान देने वाले सिविल सर्वेंट को सम्मानित किया जाता है। महाविद्यालय के प्रधान देवेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज डे सर्वप्रथम सरदार वल्लभभाई पटेल के दिशा निर्देशन में मनाया गया था। उसके बाद यूथ रेडक्रॉस के कोऑर्डिनेटर सुभाष ने स्लोगन राइटिंग कंपटीशन का आयोजन किया। इस आयोजन में कुल 47 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट स्तर के स्लोगन प्रस्तुत किए। सफलतापूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड तथा यूथ रेडक्रॉ के वॉलिंटियर्स की अग्रणी भागीदारी रही।

## शिविर में 35 लोगों ने किया रक्तदान



**पलवल।** पहले मतदान, फिर जलपान फिर रक्तदान अभियान के तहत पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज और ओम सेवार्थ फाउंडेशन ने संयुक्त तत्वावधान में पलवल के मुख्य बाजार स्थित दीप स्वीट्स में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल, ओम सेवार्थ फाउंडेशन के प्रधान देवेंद्र शर्मा और क्लब की सह संयोजक अल्पना मित्तल ने किया। शिविर का शुभारंभ डॉ. कपिल गर्ग, समाजसेवी सुभाष गुप्ता, रूप कुमार, सुरेंद्र शर्मा, विकेश खंडेलवाल, विपिन गोयल, विशाल मंगला, हर्ष गुप्ता ने किया। अतिथियों ने संस्था द्वारा मानवसेवा व समाज कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान वास्तव में ही महादान है। रक्तदान शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान कर अंजान मित्रों की जान बचाने में अपना सहयोग देने के साथ मतदान करने की भी शपथ ली। इस मौके पर डॉ. नरेश डागर, राजीव गुप्ता, सोनु गुप्ता, सुभाष, श्रीराम अग्रवाल, रुद्र नारायण, विकल्प, बबीता शर्मा, मनीषा, संजीव, पूजा, रिंकू आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने रक्तदान शिविर की सराहना की।

## जेल के अस्पताल में दौरा कर कैदियों से पूछा हालचाल

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग व सुकीर्ति गोयल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद ने रविवार को जिला जेल नीमका फरीदाबाद का निरीक्षण किया। उनके साथ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिद्धार्थ कपूर, कोमल दहिया, दीपाली सिंघल, हिमानी सागर व डिफेंस काउंसिल रविंद्र गुप्ता भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वहां रह रहे विचाराधीन बंदियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को जाना व उनका समाधान किया तथा हर एक से अपील की कि यदि आपका कोई वकील नहीं है तो वह प्राधिकरण फरीदाबाद से मुफ्त कानूनी सहायता ले सकता है। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने निरीक्षण के दौरान जिला जेल नीमका में स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण किया। अस्पताल में रह रहे कैदियों से मुलाकात की तथा उनका हाल-चाल जाना। इसके साथ-साथ अस्पताल का निरीक्षण, सफाई, मेडिकल सुविधाओं को ध्यान में रख किया गया। टीवी वार्ड के बारे में भी जानकारी ली व साथ ही साथ लंगर का भी निरीक्षण किया तथा देखा कि खाना बनाते समय साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है या नहीं। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि यदि आपको किसी भी प्रकार की कोई कानूनी समस्या है या कोई अलग में अपनी शिकायत या समस्या बताना चाहता है तो वह भी कर सकता है, लेकिन किसी की कोई शिकायत मौके पर नहीं पाई गई। इस अवसर पर निरीक्षण के दौरान जेल सुपरिंटेंडेंट हरविंदर सिंह, डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट नवीन चिल्लर, डिप्टी जेल सुपरिंटेंडेंट राजेश व अन्य जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

## केसीएम स्कूल में एड मैड शो प्रतियोगिता का आयोजन



**पलवल।** रसूलपुर रोड पर स्थित केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में इंटर-हाउस ऐड मैड शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय में कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। एड मैड शो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए कृत्रिम उत्पादकों का प्रयोग न करते हुए प्राकृतिक उत्पादकों का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रतिभा को सामने लाने और उन्हें अपनी रचनात्मकता का पता लगाने और मंच पर अपनी उपस्थिति पर काम करने के लिए उन्हें एक मंच प्रदान करने का एक अवसर था। प्रत्येक हाउस के प्रतिभागियों को प्रत्येक कक्षा से एक विज्ञापन प्रस्तुत करना था, जिसमें एक अच्छे विज्ञापन की अनिवार्यताएं थीं, यानी स्पष्टता, मौलिकता, विचारोत्तेजक, रचनात्मकता, अपील और सरलता। इसमें प्रत्येक हाउस के छात्रों ने पूरी प्रतिभा और विशेषज्ञता के साथ भाग लिया। इस गतिविधि द्वारा बच्चों को अपनी भाषण प्रस्तुति को निखारने और जन-जन तक जागरूकता फैलाने में विज्ञापन के महत्व को समझने का अवसर मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. नम्रता कुंडू ने सभी विद्यार्थियों को प्रकृति को साफ और स्वच्छ रखने के लिए विज्ञापन के माध्यम से प्राकृतिक तरीके से बने उत्पादकों को प्रयोग करने के लिए जागरूक किया।

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024



# द्वारका एक्सप्रेस-वे किनारे लकड़ी के गोदाम में लगी भीषण आग

## दमकल विभाग की डेढ़ दर्जन गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे किनारे बजघेड़ा गांव के पास लकड़ियों के गोदाम में लगी भीषण आग।

**रविवार** सुबह करीब 11 बजे यहां द्वारका एक्सप्रेस-वे के किनारे बजघेड़ा गांव के पास खुले में पड़ी करीब साढ़े 3 एकड़ में लकडियों के गोदाम में आग भडक् गई। देखते ही देखते आग आसपास पड़ी लकडियों के ढेर में फैलती गई। आग लगने की सूचना पाकर दमकल विभाग से टीमें मौके पर पहुंचे और आग बुझानी शुरू की।

जानकारी के अनुसार द्वारका एक्सप्रेस-वे के किनारे पर बजघेड़ा गांव के पास लकडियों का एक खुले में गोदाम बना हुआ है। इस गोदाम में जगह-जगह पर लकडियों को ढेर बनाकर रखा गया था। रविवार सुबह 11 बजे के करीब यहां पर आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास लगे लकडियों के ढेर में भी फैलती चली गई। आनन-फानन में घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। घंटों तक आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की टीमें मशक्कत करती रहीं।

न्यू रेलवे रोड पर भीम नगर स्थित दमकल विभाग के अग्निशमन अधिकारी रमेश सैनी के मुताबिक केंद्र में सूचना आई थी कि लकड़ी के गोदाम खड़ी एक पिकअप गाड़ी में लगी सीएनजी के सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है। इसी ब्लास्ट से आग लकडियों के ढेर में लगी और फैलती चली गई। डेढ़ दर्ज गाडियों से आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग अधिक फैली हुई थी। जिसे बुझाने में दमकल कर्मियों को खूब पसीना बहाना पड़ा।

## नेताओं को सरकारी संपत्ति पर चुनाव संबंधी वॉल पेंटिंग की अनुमति नहीं

**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। इसी के लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्द्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरूद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

निशांत कुमार यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अधिकारियों की गठित की गई सर्विलेंस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं सरकारी भवन की दीवार पर चुनावी नारे लिखे नजर आते हैं तो संबधित राजनीतिक पार्टी या लिखवाने वाले कार्यकर्ता के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। ऐसे मामलों में पूरी सख्ती बरती जाएगी।

# गुरुग्राम विधानसभा की विजय संकल्प रैली भव्य और ऐतिहासिक होगी : कमल यादव

## गुरुग्राम विधानसभा की विजय संकल्प रैली 26 अप्रैल को

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विधानसभा की विजय संकल्प रैली को लेकर बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**गुरुग्राम** लोकसभा के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के समर्थन में 26 अप्रैल को गुरुग्राम विधानसभा की विजय संकल्प रैली होगी। इस रैली में पूर्व सीएम मनोहर लाल मुख्य अतिथि होंगे। रैली की तैयारियों को लेकर रविवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी।

कमल यादव ने कहा कि गुरुग्राम विधानसभा की विजय संकल्प रैली ऐतिहासिक और भव्य होगी। सभी कार्यकर्ता रैली को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को रैली में लेकर आएं। भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी पवन यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष कमल यादव ने गुरुग्राम विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में कमल यादव ने कहा कि विजय संकल्प रैली भीम नगर में होगी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली 26 अप्रैल को सायं 5 बजे होगी। उन्होंने कहा कि रैली की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अभी से काम में लग जाएं। पवन यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष कमल यादव ने बैठक में यह भी कहा कि विजय संकल्प रैली से पहले एक बार सभी मंडलों और पदाधिकारियों की फिर से एक बैठक होगी, जिसमें रैली की तैयारियों की समीक्षा होगी और रैली से संबंधित अन्य कार्यों की जिम्मेदारियां भी दी जाएंगी। बैठक मे प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, महामंत्री रामबीर भाटी, सर्वप्रिय त्यागी, व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक नवीन गोयल, खेल प्रकोष्ठ सह संयोजक मुकेश पहलवान, उपाध्यक्ष सुन्दरी खत्री, सीमा पाहुजा, कार्यालय निर्माण विभाग संयोजक हरविंद्र कोहली, कार्यालय सचिव यादराम जोया, जिला सह मीडिया प्रमुख पवन यादव, मोर्चों के अध्यक्ष और महामंत्री, मंडलों के अध्यक्ष और महामंत्री तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पांच लोगों की मौत पर दरियादिली दिखाए प्रशासन : पंकज डावर

## मृतकों के परिजनों को मिले मुआवजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**अर्जुन** नगर कालोनी में बीती रात शमशान घाट की चार दीवारी गिरने से हुए हादसे में 5 लोगों की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने मृतकों के परिवार जनों से मिलकर उन्हे सांत्वना दी और संवेदना व्यक्त की।

पंकज डावर ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दरियादिली दिखाए और मृतकों के परिजनों को मुआवजा दे।

पंकज डावर ने बताया कि मरने वालों में तान्या पुत्री विनोद निवासी वीर नगर उम्र-11 वर्ष, खुशबू पुत्री सुनील कुमार निवासी वीर नगर, देवीदयाल उर्फ पप्पू निवासी अर्जुन नगर उम्र-70 वर्ष, मनोज गाबा निवासी अर्जुन नगर उम्र-54 वर्ष, कृष्ण कुमार निवासी अर्जुन नगर उम्र-52 के रूप में शामिल हैं तथा दिलीप कुमार उर्फ दीपा प्रधान निवासी अर्जुन नगर इस घटना में घायल हो गए हैं।

इन परिवारों ने दीवार तोडक़र दोबारा से बनाने और भविष्य में किसी दुर्घटना से बचने के लिए पहले ही शमशान घाट के पदाधिकारियों को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया और इतना बड़ा हादसा हो गया। डावर ने गुरुग्राम के जिला अधिकारी व गुरुग्राम के निगमायुक्त से अपील की है कि इन सभी परिवारजनों को जिला प्रशासन मुआवजा जारी करे जिससे मृतकों के परिवारजनों को सहायता मिल सके।

# शमशान भूमि की दीवार गिरने के हादसे में शमशान भूमि सुधार समिति प्रबंधन पर एफआईआर

## दीवार गिरने से घायल हुए दिलीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के मदनपुरी शमशान घाट की दीवार गिरने से पहले व बाद की तस्वीर।

**मदनपुरी** शमशान घाट (वीर नगर) की अर्जुन नगर की तरफ दीवार गिरने के मामले में पुलिस ने शुरुआती तौर पर कार्रवाई में शमशान भूमि सुधार समिति प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज की है। शनिवार की देर शाम दीवार गिरने के हादसे में दो बच्चियों समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतकों का पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार कर दिया गया।

गौरतलब है कि मदनपुरी शमशान घाट के पीछे अर्जुन नगर में रोजाना की तरह शनिवार शाम को भी लोग कुर्सियों पर बैठकर आपस में बातें कर रहे थे। उनके पास एक युवक खड़े होकर बात कह रहा था, वहीं दो बच्चियां एक तरफ कुर्सियों पर खेल रही थी। किसी को जरा सा भी अंदेशा नहीं था कि इतने बड़े हादसे के वे शिकार हो सकते हैं। अचानक शमशान घाट की दीवार गली की तरफ गिरी। बैठे हुए लोगों के साथ खड़े-खड़े बात कर रहे युवक ने तेजी से अपने कदम पीछे हटाए और वह हादसे का शिकार होने से बच गया। कुर्सियों पर जो लोग बैठे थे, वे सभी दीवार की चपेट में आ गए। दीवार गिरने के धमाके की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर भागे। आनन-फानन में दीवार के मलबे के नीचे दबे लोगों को निकालने का काम शुरू किया गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस और प्रशासनिक अधिक मौके पर पहुंचे। मलबे में दबे लोगों को पूरी सावधानी से निकाला गया, ताकि अगर कोई जिवित है तो उसको बचाया जा सके। पुलिस चौकी अर्जुन नगर से घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में 2 बच्चियों सहित 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया।

मृतकों की पहचान तान्या (11) पुत्री विनोद निवासी वीर नगर, देवीदयाल (70) उर्फ पप्पू निवासी अर्जुन नगर, मनोज गाबा (54) निवासी अर्जुन नगर, कृष्ण कुमार (52) निवासी अर्जुन नगर के अलावा बच्ची खुशबू पुत्री सुनील कुमार निवासी वीर नगर की मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में दिलीप कुमार उर्फ दीपा प्रधान निवासी अर्जुन नगर घायल हो गए। घायल दिलीप कुमार की शिकायत पर थाना न्यू कॉलोनी में शमशान भूमि सुधार समिति प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि शमशान घाट की दीवार को लेकर लापरवाही क्यों बरती जा रही थी।

**पीड़ित परिजनों ने लगाया पटौदी चौक पर जाम :** शमशान घाट की दीवार गिरने की घटना से नाराज होकर पीड़ित परिवारों ने पटौदी चौक पर जाम लगाया। पीड़ितों ने कहा कि पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया है, लेकिन किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। शिकायत पर केस दर्ज किया जा चुका है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यहां लोग जाम लगा रहे हैं। पुलिस यहां पर व्यस्त है। जाम लगा रहे लोगों ने पुलिस अधिकारी से कहा कि आरोपी अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किए तो पुलिस अधिकारी ने कहा गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। शाम तक गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। फिर कहा कि-चौक भी यही है तुम भी यहीं पर हो। पुलिस यहां से फ्री होगी तभी तो अगला काम करेगी।

# लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित होने वाला ही बन सकता है महावीर : नवीन गोयल



जैन संतों का आर्शीवाद लेते नवीन गोयल।

## जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर जैन को किया नमन

## श्री एस.एस. जैन सभा न्यू रेलवे रोड पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अहिंसा** एवं करूणा के अवतार श्रमण भगवान महावीर स्वामी जी के 2623वें जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर न्यू रेलवे रोड स्थित श्री एस.एस. जैन सभा में आयोजित साप्ताहिक महावीर कथा वाचन कार्यक्रम में व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। इस अवसर पर प्रधान प्रेमचंद जैन, श्याम सुंदर जैन व अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। श्री एस.एस. जैन सभा के सदस्यों को महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की बधाई दी।

कार्यक्रम में आराध्य गुरू देव श्री प्रेम सुख जी महाराज सा. के लघु शिष्य प. रत्न श्री उपेन्द मुनि शास्त्री जी, व्याख्यान वाचस्पति श्री सुखदर्शन मुनि जी, मधुर वक्ता श्री महादेव मुनि जी, मधुर वक्ता इन्द्रेश मुनि जी, तपस्वी श्री प्रशांत मुनि जी एवं मधुर वक्ता सहदेव मुनि जी से नवीन गोयल ने आशीर्वाद लिया।

जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर जैन के जन्म कल्याणक पर नमन करते हुए व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होने वाला ही महावीर बन सकता है। भगवान महावीर ने अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाया और उसी लक्ष्य को साधने का काम किया।

उन्होंने कहा कि शांति, संयम और सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणापुंज हैं। हम सभी को उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है। उन्होंने दोहराया कि महावीर वही व्यक्ति बन सकता है, जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो, जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके।

# पार्किंसंस के बारे जागरूकता के लिए वाकाथॉन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**आर्टेमिस** लाइट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने पार्किंसंस डिजीज के प्रति जागरूकता के लिए रविवार को वाकाथॉन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से जूझ रहे लोगों के संघर्ष को सभी के सामने लाना है। इस आयोजन के दौरान 1992 की एशियन मैराथॉन चैंपियन एवं कोच डॉ. सुनीता गोदारा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

वाकाथॉन विजेताओं को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसके बाद जुंबा सेशन, लॉफ्टर योग थेरेपी और संवाद सत्र समेत कई अन्य आयोजन भी किए गए। संवाद सत्र के दौरान डॉ. सुमित सिंह (चीफ न्यूरोलॉजी, पार्किंसंस स्पेशलिस्ट एवं को-चीफ स्ट्रोक यूनिट), डॉ. आदित्य गुप्ता (चीफ न्यूरोसर्जरी एवं सीएनएस रेडियोसर्जरी एवं को-चीफ साइबरनाइफ सेंटर), डॉ. मनीश महाजन (सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी एवं हेड ऑफ न्यूरोइम्यूनोलॉजी) और सत्वम हेल्थ की डॉ. अनीता सिंह ने लोगों के प्रश्नों के जवाब दिए। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने लोगों को बीमारी, इसके लक्षण, इलाज और सर्जरी के उपलब्ध विकल्पों के बारे में बताया। इस मौके पर डॉ. सुनीता गोदारा ने कहा, 'हम पार्किंसंस को लेकर जागरूकता के लिए कदम बढ़ा रहे हैं और ऐसे में हमें आशा, एकता एवं दृढ़ता के साथ बढ़ना चाहिए, जिससे पार्किंसंस मुक्त समाज का सपना साकार हो।' पार्किंसंस डिजीज बुजुर्गों में होने वाली सबसे आम न्यूरोलॉजिकल समस्या है। वैसे तो यह बढ़ती उम्र के साथ होने वाली समस्या है, लेकिन कुछ दुर्लभ मामलों में बच्चे और किशोर भी इसके शिकार हो जाते हैं। इसके लक्षण लोगों में अलग-अलग हो सकते हैं। साथ ही शुरुआती लक्षण इतने सामान्य होते हैं कि इन पर ध्यान नहीं जाता है।

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने अयोध्या धाम के लिए रवाना की दूसरी बस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अयोध्या धाम के लिए बस को रवाना करते पंजाबी बिरादरी महा संगठन के पदाधिकारी।

**पंजाबी** बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम के सौजन्य से श्री स्वामी गंगा गिरी कुटिया मंदिर बसई रोड से दूसरी वातानुकूलित लग्जरी बस समाज के असहाय और वंचित लोगों को अयोध्या धाम ले गई। इस बस की अगुवाई रमेश कुमार, रवि मनोचा और संजय ने की। नवरात्रि से पूर्व भी बिरादरी की ओर से एक बस अयोध्या धाम गई थी और उस बस का संचालन योगाचार्य राजपाल आहूजा ने किया था।

बोधराज सीकरी ने कहा कि इस आयोजन में कोई जाति या वर्ग का कोई फर्क नहीं रखा जाता। किसी भी जाति का या वर्ग का कोई भी व्यक्ति जो अयोध्या धाम जाने में स्वयं सक्षम नहीं है, उस मर्यादा पुरुषोत्तम राम के दर्शन करने अयोध्या धाम जा सकता है। पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोध राज सीकरी ने महामंत्री राम लाल ग्रोवर, अतिरिक्त महा मंत्री गजेन्द्र गोसाई, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र बजाज, डेरावाल बिरादरी के प्रधान रमेश चुटानी, अनिल कुमार, रवि मनोचा, रमेश कामरा, किशोरी लाल डुडेजा, सुनील चावला प्रधान, स्वामी गंगा गिरी कुटिया मंदिर ने तीर्थ यात्रियों को खुशी से रवाना किया। संगत ने बस में बैठते ही हनुमान चालीसा पाठ का गायन प्रारंभ कर दिया। बोध राज सीकरी ने लगभग 52 तीर्थ यात्रियों को श्री राम का ध्वज दिखाकर जय श्री राम के जयघोष के साथ बस को रवाना किया।

# मूल्यों को बनाए रखने के लिए योग जरूरी : बीके जयंती



ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में वक्तव्य देतीं राजयोगिनी जयंती दीदी व उपस्थित ब्रह्मकुमारी।

## ब्रह्माकुमारीज ने किया मूल्यों के महत्व पर विशेष कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** मूल्य आत्मा के आंतरिक स्वरूप में निहित हैं। योग के नियमित अभ्यास से ही गुणों को जागृत रख सकते हैं। यह बात ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त प्रशासिका राजयोगिनी जयंती दीदी ने ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में कही।

सस्टेनिंग अउर वैल्यूज विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि संतुष्टता जीवन का सबसे बड़ा श्रृंगार है। संतुष्टता भरपूरता का अनुभव कराती है। एक संतुष्ट व्यक्ति ही अपनी ऊर्जा को बचाए रख सकता है। जयंती दीदी ने कहा कि योग जीवन को संयमित बनाता है। संयम और नियम आदर्श जीवन का निर्माण करते हैं। वास्तव में ईश्वरीय स्मृति ही योग है। परमात्मा की याद से ही हमारे आंतरिक मूल्य जागृत होते हैं। जितना हम गुणों को अपनाते हैं, उतना ही शक्तिशाली बनते हैं। आत्मिक अभ्यास से ही हम अनेक प्रभावों से मुक्त बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सदा सुखी रहने के लिए संसार में रहते भी उससे प्रभावित न हों। उन्होंने कहा कि जीवन में हमारे सम्बन्धों का बहुत असर पड़ता है। अच्छे सम्बन्ध हमारे कार्य को सरल बना देते हैं। इस अवसर पर ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि जयंती दीदी ने बचपन से ही राजयोग के अभ्यास के द्वारा आज इस महानता को हासिल किया। उन्होंने कहा कि जयंती दीदी अपनी विशेष योग्यताओं के कारण ही विदेश के अनेक देशों में सेवाओं के निमित्त बनी। ब्रह्माकुमारीज के दिल्ली सिरी फोर्ट सेवा केंद्र निदेशिका राजयोगिनी गीता दीदी ने कहा कि ये संसार एक बहुत सुंदर रंगमंच है। जिसमें हरेक को अपना अलग-अलग किरदार मिला है। हमें दूसरों के रोल को देख परेशान नहीं होना है।

# मंडी में फसल उठाव में तेजी, आदेशों की पालना शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना अनाज मंडी में सरसों से भरे कट्टों का उठाव कार्य में आई तेजी।

**उपायुक्त** एवं खेल मंत्री के दिए गए आदेशों के बाद स्थानीय मंडी में सरसों से भरे बारदाने का उठाव शुरु हो गया है। शनिवार से शाम से रविवार की सुबह तक 5 गाड़ियों को सरसों से भरकर गोदाम के लिए रवाना कर दिया। शनिवार को केवल सरसों का ही लदान हो सका।

जिला उपायुक्त निशान यादव और प्रदेश खेल एवं पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ने मंडियों में लदान की गति धीमी होने पर ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कार्य में तेजी लाने के आदेश दे दिए है। स्थानीय मंडी में बीतें 24 घंटा में 5 गाड़ियों में सरसों भरकर जिला पलवल के हथीन शहर में हेफेड का बना गोदाम में भेजा गया है। सरसों का लदान पिछले करीब 10 दिन से उठाव नहीं हुआ था। ठेकेदार खरीद की शुरुआत में खरीदी गई फसल का उठाव नही कर रहा था। जैसे ही शनिवार को उपायुक्त निशांद यादव और प्रदेश सरकार में मंत्री संजय सिंह ने उठाव के कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए गए। वैसे ही ठेकेदारों ने उठाव के कार्य को तेज कर दिया है।


**13 हजार क्विंटल सरसों का उठाव नहीं :** हेफेड ने स्थानीय मंडी में अभी तक 35 हजार 104 क्विंटल किसानों द्वारा बेची गई सरसों की खरीद की है। लेकिन उठाव कम होने के कारण अभी भी मंडी के अलग-अलग आढ़तों पर 12 हजार 854 क्विंटल पड़ी हुई है। जिसका उठाव किया जाना है।

> **मंडी** में भरे बारदाने का उठाव कार्य में ठेकेदार ने गंभीरता दिखाते हुए गति दी है। वाहन कम होने का बहाना लगाने वाला ठेकेदार अधिकारी और मंत्री के आदेशों की पालना करना शुरु कर दिया है।
>
> **(मुकेश कुमारी-खरीद अधिकारी हेफेड)**

# नेचुरल डायमंड काउंसिल की सीएसआर पहल का पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव

## उद्योग ने कार्बन उत्सर्जन कम करने और पर्यावरण के हित में उठाए कई अहम कदम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**बेहतर** भविष्य के लिए नेचुरल डायमंड काउंसिल पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए उद्योग ऐसे कदम उठा रहा है, जिनसे सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़े। प्रकृति द्वारा अरबों साल में बनाए गए प्राकृतिक हीरे दुर्लभता, अनूठेपन एवं पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी को लेकर प्रतिबद्धता की अनूठी कहानी कहते हैं। इस अर्थ डे पर अग्रणी हीरा निर्माताओं और नेचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) के इंडस्ट्री पार्टनर्स रोजी ब्लू, शिवम ज्वेल्स, ज्वेलेक्स, डाएंको और डायरफ ने अपने प्रयासों से प्रकृति पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को सामने रखा। उनकी पहल सामुदायिक विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच के साथ-साथ पशु कल्याण, अर्थव्यवस्था में योगदान और समाज से भी व्यापक रूप से जुड़ी हैं। वर्ल्ड अर्थ डे के मौके पर हम इन अग्रणी कंपनियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयासों का उत्सव मना रहे हैं।

रोजी ब्लू ने 'रोजी ब्लू गोइंग ग्रीन' के नाम से बेहतरीन रणनीति तैयार की है, जिसमें ऊर्जा के प्रबंधन पर और कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर फोकस किया जाता है। कंपनी 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकने के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने की दिशा में काम कर रही है। शिवम ज्वेल्स ने कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन को 1,100 टन कम किया है, जो 12,876 पेड़ों को बचाने के बराबर है। यह प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाता है। ज्वेलेक्स की आभूषण इकाई 2021 से ही कार्बन न्यूट्रल है और 2024-25 तक पूरे ग्रुप को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य है।

ज्वेलेक्स अपनी विंड मिल्स और रूफटॉप सोलर पैनल्स से बनी ऊर्जा का आंशिक रूप से प्रयोग करती है और जनवरी, 2023 से 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा का प्रयोग कर रही है। डाएंको अपने दो सेल्स ऑफिस एवं कारखाने के उत्सर्जन का आकलन कर रही है और कार्बन फुटप्रिंट कम करने और क्लाइमेट पॉजिटिव बनने की दिशा में प्रयासरत है। साथ ही ऐसी टेक्नालॉजी पर काम कर रही है।

# भाजपा नेता पूर्व मंत्री चौधरी आजाद मोहम्मद ने क्षेत्र के दर्जनों गांवों का किया तूफानी दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**लोकसभा** 2024 में जीत दर्ज करने के लिए भाजपा नेताओं ने फील्ड में उतरना शुरू कर दिया है। फिरोजपुर झिरका से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री चौधरी आजाद मोहम्मद ने छेत्र के दर्जनों गांवों में डोर टु डोर लोगों से मुलाकात की । जहां पर उन्हें लोगों का भरपूर प्यार और समर्थन मिला। पूर्व मंत्री चौधरी आजाद मोहम्मद का गांव गांव में फूल मालाओं व पकड़ी बांधकर जोरदार स्वागत हुआ।

पूर्व मंत्री चौधरी आजाद मोहम्मद के हर गाँव में जोरदार स्वागत देख विपक्षियों की नींद उड़ गई । पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद ने कहा कि हम मतदाताओं से अपील करने आए हैं कि ज्यादा से ज्यादा भाजपा पार्टी के उम्मीदवारों को वोट दें। गुरुग्राम लोकसभा से बीजेपी ने टिकट दिया है उसे भारी मात्रा से जीताकर भेजने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक विधानसभा के चुनाव की बात है, उसमें हम सीएम नायब सिंह सैनी के हाथ मजबूत करेंगे। सेंटर व राज्य में फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

2014 में कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर भाजपा ने मेवात में भारी विकास किया है । फिर से भाजपा सरकार बनेगी तो विकास और तेज होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति प्यार और सहयोग भरपूर मिल रहा है। लोकसभा तथा विधानसभा में यहां के मतदाता भाजपा को पसंद करते हैं। पूर्व मंत्री ने स्थानीय कांग्रेस विधायक के चुनावी वादों को खोखला बताते हुए कहा कि पिछले 2019 के चुनाव में जो वायदे जनता से किए थे, वह पूरे नहीं किए ना इनकी पूरी करने की मंशा है। झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की और लोग विस्वास कर रहे हैं और मुझे पूरी उम्मीद है कि चैत्र के लोग भाजपा का हाथ मजबूत करेंगे । पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद ने कहा कि हजार फीसदी फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। केंद्र - राज्य दोनों में भाजपा का डंका बजने वाला है। ज्यादा से ज्यादा सीटें भाजपा को मिलने जा रही हैं। पूर्व मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाली 25 मई को फूल के निशान पर बटन दबाकर भाजपा को मजबूत करें।

# जिला की मंडियों में सरसों व गेहूं की खरीद जारी : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**उपायुक्त** धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नूंह जिला की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर अब तक 38 हजार 180.40 मीट्रिक टन गेहूं व 31 हजार 638.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। वहीं मंडियों में अभी तक 9895.60 मीट्रिक टन गेहूं और 15959.98 मीट्रिक टन सरसों का उठान हुआ है। उन्होंने खरीद एजेंसियों को खरीद की गई और सरसों उपज के नियमित उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि गेहूं फसल की खरीद प्रक्रिया में नूंह अनाज मंडी में 17499.20 मीट्रिक टन, तावडू में 3105.70 मीट्रिक टन, पुन्हाना में 16504.50 मीट्रिक टन, पिनगवां में 1071 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। उन्होंने सरसों खरीद की जानकारी देते हुए बताया कि नूंह अनाज मंडी में 1816.82 मीट्रिक टन, तावडू अनाज मंडी में 8454.45 मीट्रिक टन, फिरोजपुर-झिरका में 12057.60 मीट्रिक टन, पुन्हाना में 9309.60 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधाओं के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। उन्होंने दोहराया कि उठान कार्य प्रतिदिन होना चाहिए। ताकि मंडी में अपना उत्पाद लाने में किसानों को कोई परेशानी न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### बालूदा मोड़ पर बने गड्ढे में गिरी गाड़ी



**सोहना।** शहर के बालूदा मार्ग के मोड़ पर बना गहरा गड्ढ़ा जान लेवा हादसों को न्योता दे रहा है। रविवार को उक्त गड्ढें में कार का पहिया उतर जाने से भारी नुकसान हो गया। उक्त गड्ढ़े में जनस्वास्थ्य विभाग का पेयजल आपूर्ति का वाल लगा है। यह गड्ढ़ा पिछले छह माह से खुला हुआ है। शहर के बालूदा मोड़ पर जनस्वास्थ्य विभाग ने अलग-अलग कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति के लिए वॉल के लिए 3 से 4 फुट गहरा और तीन से साढ़े तीन फुट चौड़ा गड्ढा बनाया हुआ है। उक्त गड्ढ़ा पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा प्लेट लगाकर ढक रखा था। लेकिन प्लेट टूटे छह माह का समय बीत चुका है। लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जान लेवा हादसा होने का इंतजार कर रहे है। किसी भी जान लेवा हादसा होने की आशंका को नजर अंदाज करने में पूरी लापरवाही बरते हुए है। रविवार की सुबह मोड़ से निकल रही कार का एक पहिया उक्त गड्ढ़े में उतर गया। गड्ढ़ा सड़क के स्तर का होने के कारण कार चालक को नजर नहीं आया। न ही जनस्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों द्वारा गड्ढ़े के आसपास सुरक्षा के प्रबंध किए है। जिससे कार को भारी नुकसान हुआ है। इस बारे में खुर्शीद अहमद-जेई जनस्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कर्मचारियों ने गड्ढ़े का टूटा ढ़क्कन की जानकारी उन्हे अभी तक नहीं दी है। एक से दो दिन में उक्त गड्ढ़े पर ढक्कन रखवा दिया जाएगा।

### परिषद के अभियान से छटने लगा अंधेरा



**सोहना।** नगर परिषद द्वारा शहर में खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलने का चला अभियान से अंधेरा छटने लगा है। शहर के आबादी क्षेत्र की तंग गलियों लेकर यहा की सड़के भी रात के समय में स्ट्रीट लाइट से जगमग होने लगी है। नगर परिषद द्वारा खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की शुरु की कवायद आ असर नजर आने लगा है। परिषद के वार्डों की तंग गलियों से लेकर सड़कों से अंधेरा दूर जाने लगा है। रात के अंधेरे में स्ट्रीट लाइट से जगमग होती सड़कों को देख शहरवासी अब रात के अंधेरे में बिना किसी डर भय के घूमने लगे हैं। शहर की सड़कों पर लगी तिरंगा लाइटों को भी स्ट्रीट लाइट के साथ-साथ ठीक किया जा रहा है। जिससे यहा की सड़के देशभक्ति तिरंगा रंग में जगमग हो उठी है। लगभग शहर के सभी 10 से 12 वार्डों की तंग गलियों में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के लिए स्थानीय निवासियों से पार्षद सूचना मांग रहे है। वह भी सभी पार्षदों ने अपने-अपने वार्डवासियों के सेशल मिडिया पर बनाए गए ग्रुपों में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। ताकि शहर के आम रास्तों से लेकर सड़क, चौक-चुराहे, पार्क आदि स्ट्रीट लाइट से जगमग हो सके। सुमन लता-कार्यकारी अधिकारी नप ने बताया कि खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का कार्य बहुत ही तेजी से कराया जा रहा है। नगर परिषद के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड अंधेरा दूर-दूर तक नजर नहीं आएगा।

### कानून प्रवर्तन पर व्यावहारिक सत्र का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** टैगोर पब्लिक स्कूल पिहोवा के लीगल लिटरेसी क्लब ने पुलिस विभाग के सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में क्या सही है और क्या भ्रष्ट है। शीर्षक से ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया। इंस्पेक्टर सतबीर ने चर्चा का नेतृत्व करते हुए पोक्सो और सड़क सुरक्षा जैसे प्रमुख कानूनों पर प्रकाश डाला। टैगोर ग्रुप आफ स्कूल्स के अध्यक्ष के.एल. वत्ता ने छात्रों में कानूनों का पालन करने के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने में माता-पिता और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। स्कूल प्रबंधक आर.के. शास्त्री, प्रिंसिपल रवि वर्मा ने छात्रों से स्कूल परिसर के भीतर और बाहर दोनों जगह नियमों का पालन करने का आग्रह किया। स्कूल प्रबंधन समिति ने छात्रों की कानूनी जागरूकता बढ़ाने में उनके अमूल्य योगदान के लिए पुलिस अधिकारियों की सराहना की।

### आठ प्रकार के विवाह में सर्वश्रेष्ठ विवाह ब्रह्म विवाह

**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर-8 हाऊसिंग बोर्ड पार्क में श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने छठे दिन कहा कि हमारे धर्म शास्त्रों में आठ प्रकार के विवाह का वर्णन किया गया है विदर्भ राज नरेश की पुत्री महारानी रुक्मिणी का विवाह भाई रुक्मी ने मगध नरेश शिशुपाल के साथ में निश्चित किया था। भाई रुक्मी को यह पता नहीं था कि मेरी बहन रुक्मिणी साक्षात लक्ष्मी की अवतार है। रुक्मिणी को वह सामान्य कन्या समझता था, इसलिए सामान्य जीव के साथ में विवाह करना निश्चित किया किंतु रुकमणी अपने भाई के मानसिक विचारों से पूर्णतया परिचित थी। इसलिए रुक्मिणी ने अपने विवाह हेतु द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण को अपने कुल पुरोहित व ब्राह्मण द्वारा एक पत्र भेजा उस पत्र में भगवान श्री कृष्ण की बहुत सारी विशेषताओं का वर्णन करते हुए बतलाया था, कि मैं साक्षात लक्ष्मी की अवतार हूं आप जानते हैं। इसलिए मेरा पानी ग्रहण विवाह आदि संस्कार आपके साथ में होगा तो उचित होगा इसलिए आपसे प्रार्थना करती हूँ, कि आप समय पर पधार कर और मंदिर के गर्भगृह में ही भगवती महामाया गोरी को निवेदन अर्चन वंदन पूजन करके आपके साथ ही द्वारिका चलूंगी और आप द्वारिका में ही शास्त्रीय वैदिक परंपरा के अनुसार विवाह आदि संस्कार कर लीजिएगा।

### बरसात से पहले होगी मास्टर सीवर लाइनों की सफाई



**गुरुग्राम।** नगर निगम वार्ड-10 नया घोषित वार्ड-33 के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और तत्कालीन पार्षद शीतल बागड़ी ने बरसात के दिनों में होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए अभी से प्रयास शुरू कर दिए हैं। मंगत राम बागड़ी ने इस सिलसिले में जीएमडीए के मुख्य अभियंता राजेश बंसल से मुलाकात कर उनके समक्ष लक्ष्मण विहार और आउटर धनवापुर रोड के बीच से गुजरने वाली मास्टर सीवर लाइन की सफाई की मांग रखी। मुख्य अभियंता ने बताया कि मास्टर सीवर लाइन की सफाई का कार्य पास हो चुका है, शीघ्र ही सफाई कराई जाएगी। मंगत राम बागड़ी ने बताया कि मास्टर सीवर लाइन की सफाई के लिए हमने 2023 में गुरुग्राम के लोकप्रिय विधायक सुधीर सिंगला को मांग पत्र दिया था, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए जीएमडीए और नगर निगम के अधिकारियों से बात की। उनके सफल प्रयास से मास्टर सीवर लाइन की सफाई का काम पास हो सका है। बागड़ी ने कहा कि मुख्य अभियंता ने आश्वासन दिया कि काम बरसात से पूर्व कर लिया जाएगा।

# एनआरआई सेल की उद्घोष यात्रा से प्रदेशभर में जाएगी मोदी की गारंटी : संदीप देशवाल

## एनआरआई सेल उद्द्घोष यात्रा 400 पार का संचालन संजय यादव एवं सह-संचालन रजत भार्गव करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम स्थित भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष के साथ मौजूद भाजपा हरियाणा एनआरआई की टीम।

**लोकसभा** चुनावों में हरियाणा की सभी 10 सीटों पर भाजपा की जीत की मजबूती के लिए टीम एनआरआई सेल संकल्पबद्ध होकर उद्घोष यात्रा का आयोजन करेगी। उद्घोष यात्रा 400 पार के तहत बड़े एलईडी स्क्रीन प्रचार वाहन पर गानों के माध्यम से मोदी सरकार एवं हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां के बारे में लोगों को अवगत करवाया जायेगा। यह जानकारी विदेश सम्पर्क विभाग (एनआरआई सेल) भाजपा के हरियाणा प्रदेश प्रमुख संदीप देशवाल ने दी।

संदीप देशवाल ने बताया कि यात्रा में भरपूर सहयोग देकर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए यात्रा का संचालन प्रदेश सह-संयोजक संजय यादव करेंगे। यात्रा में अपना अहम् योगदान देकर सह संचालन रजत भार्गव (प्रदेश सह-संयोजक, एनआर आई सेल) करेंगे। प्रदेश कोषाध्यक्ष नितिन बंसल यात्रा की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस यात्रा के कार्यान्वयन में एनआरआई सेल की महिला सदस्यों का भरपूर सहयोग एवं योगदान रहेगा। महिला टीम की अगुवाई सुमन चुघ (प्रदेश सह संयोजक) व प्रदेश आईटी एवं सोशल मीडिया प्रमुख कोमल चौधरी और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर सीमा देवी करेंगी। इस महीने के अंत में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी। प्रत्येक जिले से उद्घोष यात्रा जिला संयोजक, सह-संयोजक, और जिले की एनआरआई सेल की पूरी टीम यात्रा की अगुवाई करेगी।

# मंत्री संजय सिंह का सराय गांव पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

## भाजपा लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का किया आह्वान

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



**उपमंडल** के गांव सराय में रविवार को नवनियुक्त वन्य जीव, पर्यावरण व खेल राज्य मंत्री संजय सिंह पहुंचे। जहां पर ग्रामीणों ने फूल माला और पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया।इस दौरान मंत्री संजय सिंह ने गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने का आह्वान करते हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि तावडू क्षेत्र से उनका पारिवारिक नाता रहा है। इस क्षेत्रवासियों से उनका निजी रिश्ता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने तरक्की की है। आगामी 25 मई को गुरुग्राम से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कर नरेंद्र मोदी को भारत का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें।कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच समय पाल सिंह ने राज्य मंत्री को हल भेंट किया। इस अवसर पर पूर्व सीएम विंडो एमिनेंट सिटीजन सुरेश प्रधान, राव रोहतास चैयरमेन, ग्राम पंचायत सराय के सरपंच रवि, सुंदर भढ़ाना पूर्व ब्लाक समिति अध्यक्ष नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और विधायक समर्थक मौजूद रहे।

# नेताओं को सरकारी संपत्ति पर चुनाव संबंधी वॉल पेटिंग की अनुमति नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लोकसभा** चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। इसी के लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्द्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरूद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

निशांत कुमार यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अधिकारियों की गठित की गई सर्विलेंस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं सरकारी भवन की दीवार पर चुनावी नारे लिखे नजर आते हैं तो संबधित राजनीतिक पार्टी या लिखवाने वाले कार्यकर्ता के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए।

ऐसे मामलों में पूरी सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा। उन्होंने कहा कि किसी निजी भवन पर पोस्टर, बैनर लगाने के लिए भवन मालिक की अनुमति नहीं ली गई है तो वह अपने क्षेत्र के एसडीएम-कम-एआरओ ऑफिस में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# ग्रामीण अंचल के बच्चों को भविष्य संवारने के लिए की काउंसलिंग

## जाटोला गांव में समाज उत्थान न्यास संस्था ने की काउंसलिंग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम के गांव जाटोला में बच्चों को कैरियर काउंसलिंग के दौरान मौजूद बच्चे व काउंसलर एवं ग्रामीण।

**समाज** उत्थान न्यास संस्था के तत्वावधान में एवं समस्त ग्रामवासी जाटोला गांव के सहयोग से 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं पास कर चुके या जिनका परिणाम आने वाला है, उन विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया।

जाटोला गांव में रविवार को सैनी धर्मशाला के निकट शिव मंदिर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश सैनी, राजिंदर पाल, मांगे राम सैनी, दीपक सैनी, गंगा देवी, किरण बाला, दिनेश सैनी आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में अनेक ग्रामीणों व बच्चों ने शिरकत की। इस दौरान डिफेंस एवं बैंकिंग क्षेत्र से बुधराम सैनी, हितेश सैनी, फाइनेंस क्षेत्र से नरेश कुमार, तकनीकी क्षेत्र से देवेंद्र सैनी मास्टर, सीएससी सेंटर एक्सपर्ट राकेश, गगनदीप ने मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में अपना वक्तव्य दिया। काउंसलर्स की ओर से बच्चों को बेहतर काउंसलिंग की गई। हितेश सैनी ने कहा कि स्कूली जीवन से ही बच्चों को अपना लक्ष्य तय कर लेना चाहिए कि वे भविष्य में क्या करना चाहते हैं। क्या बनना चाहते हैं। तभी वे आगे चलकर अपना मार्ग आसानी से चुनकर उस पर चल सकेंगे।

किसी भी उधेड़बुन में हों तो अपने से बड़ों से सलाह जरूर करें। गगन दीप सैनी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि जीवन में कई समस्याएं आती हैं। कठिनाई छोटी हो या बड़ी, उससे घबराना नहीं चाहिए। उससे लडक़र बाहर आने की कला हमें आनी चाहिए।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर कृषि वैज्ञानिक डॉ. सीबी सिंह ने किसानों को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** धरती की घटती उर्वरता शक्ति चिंता का विषय है। पहले ही धरती में घटते जल स्तर ने कृषि की स्थिति को खराब किया है। कृषि महंगी दर महंगी होती जा रही है। ऐसे में किसानों को अपनी जिम्मेवारी को समझना होगा।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सी बी सिंह ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर किसानों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसानों की अधिक से अधिक पैदावार लेने की होड़ ने धरती को निचोड़ कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि इसमें किसानों द्वारा अधिक कृषि रासायनों प्रयोग भी कारण है। उन्होंने कहा कि सबका विश्वास और उम्मीद कृषि पर ही है। भारत कृषि प्रधान देश है।

# जमालगढ़ रोड पर गंदा व दूषित पानी जमा होने से दुकानदार परेशान

## दुकानदार कई बार करा चुके हैं नगर पालिका प्रशासन को समस्या से अवगत अध्यक्ष व अधिकारी नहीं ले रहे कोई सुध

पायनियर समाचार सेवा। नूंह





**पुन्हाना** शहर के जमालगढ़ रोड पर पिछले काफी दिनों से नाले जाम होने के कारण सड़क पर दूषित व गंदा पानी पसरा हुआ है, जिसके कारण दुकानदार व पैदल राहगीर बड़े परेशान हैं। पुन्हाना नगर पालिका अध्यक्ष व प्रशासन को बार बार समस्या से अवगत करवाए जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिसकी वजह से दुकानदारों में भारी रोष व्याप्त है।

दुकानदारों का कहना है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं होता है तो वे धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की ही होगी। जमालगढ़ रोड स्थित दुकान संचालकों का कहना है कि जमालगढ़ रोड पर बड़ी संख्या में दुकान स्थित हैं। यहां पर नगर पालिका द्वारा नालों का निर्माण कराया गया है, ताकि शहर का गंदा पानी शहर से बाहर निकाला जा सके। लेकिन ये नाले गंदगी से पूरी तरह से अटे पड़े हैं और नालों में बहने वाला गंदा दूषित पानी सडक़ पर जमा हो गया है। सडक़ पर पानी जमा होने से जगह-जगह गड्ढे भी हो गए हैं। राहगीरों को इस गंदे पानी से होकर दुकानों तक पहुंचना पड़ता है। सड़क पर जमा पानी में मच्छर मक्खी आदि भी पनपने लगे हैं। इसके कारण बीमारियां फैलने का भय भी दुकानदारों को सताने लगा है।

**दुकानदारों का जीना हुआ मुहाल :** दुकानदारों ने बताया कि इस सडक़ पर पिछले काफी समय से नालों की सफाई नहीं की गई है जिसके कारण गंदा पानी यहां से नहीं निकल पाता है। नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं और सड़क पर दूषित गंदा पानी बहने लगता है। उनका आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारियों को अनेक बार अवगत कराने के बावजूद उन्हें केवल झूठे आश्वासन दिए जा रहे है। दुकानदारों का कहना है कि गंदा पानी सडक़ जमा रहता है। दिन भर बदबूद आती रहती है। यहां पर बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं, जिन्हें गंदे पानी से होकर ही गुजरना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यहीं से ही लोग गुजरते हैं। बदबू इतनी अधिक है कि दुकानदार ही नहीं बल्कि यहां से गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। पानी में पनपे मच्छर-मक्खियों के चलते बीमारी फैल रही है। जिससे आस-पास रहने वाले लोग आए दिन बीमारी का शिकार हो रहे हैं।

**बिक्री पर भी पड़ रहा है प्रभाव :** उनका कहना है कि दुकानों के सामने ठहरे गंदे पानी से दुकानदारी भी नहीं हो पा रही है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसकी वजह से वहां से निकलने वाले वाहन पलट जाते हैं व लोगों का निकलना दुभर हो जाता है।

**नगर पालिका अध्यक्ष व अधिकारी नहीं ले रहे सुध :** दुकानदारों का कहना है कि पिछले काफी से यहां पानी की कोई निकासी नहीं हुई है। नगर पालिका को समस्या से अवगत कराने बाद भी कोई नहीं सुनता न यहां के नगर पालिका अध्यक्ष कोई सुध लेते हैं व्यापारियों में प्रशासन की लापरवाही को लेकर भारी रोष है। प्रशासन रोज यहां हादसे का इंतजार कर रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## आदिवासियों से क्या सीख सकते हैं?

**हाल** ही मुझे छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के एक आदिवासी गांव में जाने का मौका मिला। इस दौरान मैंने उनके जीवन को देखने, समझने व करीब से जानने की कोशिश की। यहां लोग खेतों में कपास बोते थे। चरखा से सूत कातते थे, और फिर उससे कपड़ा बनवाते थे। महुआ की डोरी (फल), मूंगफली व जटगी का तेल निकाला जाता था। गांव में देशज् तरीके से तेल निकालते थे। यानी मिट्टी तेल व नमक को छोड़कर गांव में जरूरत की सभी चीजें होती थीं। कई मायनों में गांव आत्मनिर्भर हुआ करता था।आदिवासियों ने ही हमें वन खाद्यों से परिचय कराया है। हरी पत्तीदार सब्जियां, मशरूम, कंद-मूलों से अवगत कराया है। हाल ही मुझे छत्तीसगढ़ में जशपुर जिले के एक आदिवासी गांव में जाने का मौका मिला। इस दौरान मैंने उनके जीवन को देखने, समझने व करीब से जानने की कोशिश की। यह गांव कुनकुरी के पास स्थित है। यहां उरांव आदिवासी रहते हैं। जिस घर में मैं ठहरा था, वह कच्चा मिट्टी का था, लेकिन सीमेंट व कंक्रीट के पक्के घरों की अपेक्षा ठंडा था। वहां हर चीज सुघड़ता से रखी हुई थी। गोबर व काली मिट्टी से लिपा-पुता यह घर अपना सौंदर्य बिखेर रहा था। अंग्रेजी के यू आकार से बना यह



घर काफी बड़ा था। मिट्टी की ऊंची दीवारें थीं। देसी खपरैल से छत ढकी थी। घर के आगे-पीछे काफी खुली जगह थी। शयन व अतिथियों के लिए अलग कमरा था। रसोई घर और कोठार (अनाज रखने के लिए) था। मवेशियों व बकरी के लिए अलग जगह थी, मुर्गी घर था। लंबा-चौड़ा आंगन व खलिहान था।

इस घर को बनाने के लिए स्थानीय सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। आसपास के खेतों की मिट्टी, लकड़ी, बांस और देसी खपरैल से घर बनाया गया था। इसमें किसी भी तरह का खर्च नहीं है, जबकि आज पक्के घर बनाना बहुत ही खर्चीला हो गया है। मिट्टी के घर टिकाऊ होते हैं, जिसमें बिना पंखे-कूलर के रहा जा सकता है। जबकि पक्के व कांक्रीट के घरों में बिना बिजली के रहना मुश्किल है। सीमेंट के पक्के घर काफी नए हैं, जबकि मिट्टी के घर बनाकर लोग सदियों से रह रहे हैं। इनकी उम्र डेढ़-दो सौ साल तक होती है। जबकि सीमेंट के घरों की उम्र करीब 50 साल होती है। सीमेंट और गिट्टी के लिए पहाड़ों को नष्ट किया जा रहा है। जंगलों को काटा जा रहा है। नदियों से रेत निकाली जा रही है, जिससे वे भी दम तोड़ रही हैं। यहां घर के पीछे बाड़ी थी। एक कुआं था। जहां प्याज, लहसुन, मूली, मटर, गोभी, टमाटर, सेमी जैसी सब्जियां थीं। घर के सामने पुराना कटहल का पेड़ था, जो बड़े फलों से लदा था। इसके अलावा, यहां बागान में बेर, आम, लीची और इमली जैसे फलदार पेड़ थे। इससे घर के लोगों को तो ताज़ी सब्जी व फल मिलते हैं, अतिरिक्त होने पर बेचते भी हैं। घर के आंगन में महुआ सूखने पड़े हुए थे, जिनकी बिनाई का काम इन दिनों चल रहा है। जल्दी जागकर छोटे स्कूली बच्चे भी महुआ बीनने जाते हैं। ऐसे रिश्तेदार व पड़ोसी भी महुआ बिनाई के लिए आ जाते हैं, जिनके पास खुद के महुआ पेड़ नहीं है। एक दिन सभी पेड़ों के महुआ बकरियों और गाय को भी खिला दिए। पूछने पर बताया कि उनका भी इसमें हिस्सा है। कुछ समय पहले तक यहां के कुओं से टेड़ा पद्धति से पानी खींचा जाता था। टेड़ा पद्धति देशज तकनीक है। इसमें बांस की लकड़ी के एक सिरे पर पत्थर बांध दिया जाता है और दूसरे सिरे पर बाल्टी। पत्थर के वजन के कारण पानी खींचने में ज्यादा ताकत नहीं लगती। इशारे से ही पानी से भरी बाल्टी ऊपर आ जाती है। सड़क के बैरियर या रेलवे गेट की तरह। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में इसी टेड़ा पद्धति से अब भी सिंचाई की जाती है। इससे पानी की रोज़ाना की जरूरत तो पूरी होती ही हैं, उसी पानी से सब्जियों की खेती भी हो जाती है। इसमें पानी की जितनी जरूरत होती है, उतना ही पानी निकाला जाता है, जिससे पानी का खत्म नहीं होता। भूजल भी नीचे नहीं जाता। कई सालों तक पानी बना रहता है।

# मजबूत भारत-ईरान संबंध

भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच भारत ईरान, इज़राइल तथा अपने देश की आवश्यकताओं के बीच नाजुक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



भारत और ईरान के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंध हैं। वर्तमान समय में भारत भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच भारत ईरान, इज़राइल तथा अपने देश की आवश्यकताओं के बीच नाजुक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा है। फारस और हिंदुस्तान, यानी भारत के बीच बहुत प्राचीन काल से सभ्यतामूलक संबंध बने हुए हैं। ईरान में 1979 में हुई 'इस्लामी क्रांति' तथा उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रोहुल्ला खुमैनी के शासनकाल में भी भारत के साथ मजबूत संबंध बने रहे। खुमैनी के परदादा सैयद अहमद मुसावी 'हिन्दी' का जन्म लखनऊ के निकट किंतूर में हुआ था। हालांकि, कुछ कारणों से सैयद अहमद मुसावी ने अवध छोड़ दिया और वे खुमैन में बस गए, पर फारस में वे 'हिन्दी' के नाम से लोकप्रिय बने रहे। बाद में रोहुल्ला खुमैनी ने 'हिन्दी' तखल्लुस से कवितायें लिखीं जो बहुत लोकप्रिय हुईं। भारत में भी अनेक शिया वंश-परिवार फले फूले जो शरणार्थी के रूप में यहां आए थे। अरब-सुन्नी शासकों के उत्पीड़न से स्वयं को बचा कर भारत आने वाले शिया परिवार दकन, रामपुर, अवध और बंगाल, आदि स्थानों पर बसे और खूब फले-फूले।

उस समय लखनऊ भारतीय शियाओं के गढ़ के रूप में विकसित हुआ था। मध्यपूर्व से एकदम उलट भारत में नस्ली तनाव तुलनात्मक रूप से बहुत कम थे। गिलगिट एजेंसी के गजेटियर के अनुसार, 'सुन्नी और शिया जहां एकसाथ रहते थे, वे परस्पर सहिष्णुता की भावना अपनाते थे जो अन्य इस्लामी समुदायों में बहुत विरल चीज थी। चिलाज़ और सिंधु घाटी के अलावा आमतौर से यहां कट्टरता का पूर्ण अभाव है।'

लेकिन बाद में समय बदलने के साथ कट्टर नस्लवादियों के लेखन से समाज में कट्टरपंथ का उदय हुआ। इस कारण खूनी टकराव तथा ध्रुवीकरण ने जन्म लिया। जल्द ही भारत में भी संख्याबल में कम होने के कारण शिया लोगों को काफी अधिक संख्या वाली सुन्नी जनसंख्या से उत्पीड़न झेलना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप केवल लखनऊ व कारगिल जैसे क्षेत्रों में शिया बहुसंख्य रहे, जबकि अन्य क्षेत्रों में सुन्नियों ने उन पर प्रभुत्व स्थापित कर लिया।

पड़ोसी पाकिस्तान में भी 'शियाफोबिया' को बहुत बढ़ावा मिला। इसके साथ ही सुन्नी-शिया विभाजन जल्द ही पूरी दुनिया में फैल गया। इसने उस समय राजनीतिक-संप्रभु रंग भी धारण कर लिया, जब ईरान ने विश्व स्तर पर शियाओं की संवेदनाओं तथा उनके अनेक देशों में उत्पीड़न को अपना स्वर दिया। इस व्यापक उथलपुथल के कारण 'उम्मा' या मुस्लिम दुनिया नस्ली आधार पर दो 'समूहों' में विभाजित हो गई। इसके साथ ही शिया-सुन्नी मिश्रित जनसंख्या वाले क्षेत्रों में ईरान बनाम अरब शेख शासनों की अंतर्निहित भावनाओं ने खुलेआम हिंसक झड़पों का रूप लेना शुरू कर दिया। इन क्षेत्रों में लेबेनान, यमन, सीरिया, बहरीन, पाकिस्तान तथा यहां तक कि भारत भी शामिल हो गया। हालांकि, भारत में शिया-सुन्नी नस्ली तनाव व टकराव अन्य देशों की तुलना में ज्यादा तीखे नहीं हो पाए। भारत में तुलनात्मक रूप से अधिक सुरक्षा, स्वतंत्रता तथा शियाओं के फलने-फूलने पर ईरान की जनता तथा तेहरान के शासकों ने भी गौर किया। हालांकि, भारत में भी अन्य इस्लामी देशों की तरह सुन्नी जनसंख्या की तुलना में शिया बहुत छोटे अल्पसंख्यक हैं, लेकिन भारत में उनको पूर्ण स्वतंत्रता तथा विकास और अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक व्यवहारों के पालन के अवसर मिले हैं। आधुनिक समय में भारत शियाओं के लिए एक 'विरल स्वर्ग' बना रहा। इस कारण ईरान ने अक्सर आर्गेनाइजेशन आफ इस्लामिक कोआपरेशन-ओआईसी जैसे अनेक मंचों पर भारत-समर्थक दृष्टिकोण अपनाया है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक शियाओं का भविष्य खासकर संकट में है। इसे तेहरान ने स्वाभाविक रूप से भू-राजनीतिक स्तर पर दिल्ली-समर्थक दृष्टिकोण अपनाया है। 'शीत युद्ध' के दौरान अरब शेख खासकर पाकिस्तान के निकट थे, ऐसे में ईरान ने प्रतिक्रिया में भारत के साथ गहरे संबंध स्थापित किए। लेकिन 'ईरानी क्रांति' के अपरिहार्य परिणाम के रूप में ईरान ने ज्यादा शुद्धतावादी दृष्टिकोण अपनाया तथा उसने सऊदी-नीत शेख शासनों समेत मुस्लिम उम्मा के नेतृत्व से संबंध सुधारने के प्रयास किए।

इसके कारण कभी-कभी कश्मीर जैसे मुद्दों पर ईरान के दृष्टिकोण में विरोधाभास दिखाई पड़े। लेकिन वैश्विक स्थितियों तथा शिया-सुन्नी सबंधों की जटिलता ने सुनिश्चित किया कि अनेक संवेदनशील मुद्दों पर ईरान और भारत एक ही पाले में खड़े दिखे। इनमें अफगानिस्तान प्रमुख है जहां दोनों देशों ने पाकिस्तान-नीत तालिबानी बलों का विरोध किया। लेकिन इसी समय भारत अमेरिका और इज़राइल के साथ अपने संबंध सुधार कर उनको रणनीतिक संबंधों में विकसित कर रहा था। वाशिंगटन और तेलअबीब के साथ दिल्ली के बढ़ते संबंधों के कारण भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया जिसके पीछे अमेरिका द्वारा ईरान पर लगाए प्रतिबंध भी थे। इसके साथ ही चाबहार बंदरगाह जैसी रणनीतिक परियोजनायें भी प्रभावित हुईं। इसके बावजूद दिल्ली और तेहरान के बीच एक अघोषित समझदारी हमेशा बनी रही है जिसके कारण द्विपक्षीय विश्वास तथा इरादों पर कभी सवाल नहीं उठे हैं।

भारत में 'बहुसंख्यकवादी' राजनीति के उभार से स्वाभाविक रूप से उम्मा में चिन्ता पैदा हुई, हालांकि शेख शासक विश्व मंच पर भारत के उभरने का स्वागत करते हुए उससे संबंध मजबूत कर रहे हैं। इसके साथ ही शियाओं के लिए स्थितियों में कोई बदलाव नहीं आया है क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक अवस्थापना सक्रिय रूप से शियाओं को अपने साथ जोड़ रही है। 2014 व 2019 के आम चुनाव में लखनऊ के प्रमुख शिया नेताओं ने सक्रिय रूप से विजेताओं का समर्थन किया। ईरान ने इस परिघटना पर भी अच्छी तरह गौर किया क्योंकि वह दुनिया भर में शियाओं के प्रति अति-संवेदनशील है। जहां तक शियाओं के साथ व्यवहार का सवाल है, भारत एक 'सम्माननीय अपवाद' बना हुआ है। इस असंदिग्ध यथार्थ ने नई दिल्ली को शेख शासकों की राजधानियों तथा तेलअबीब के साथ समानान्तर व अभूतपूर्व संबंध बनाने में सहायता की है। हालांकि, आज जब इज़राइल-फिलिस्तीन युद्ध ईरान को भी अपने दायरे मे घसीट रहा है तब नई दिल्ली के लिए अपना पक्ष चुनना कठिन हो सकता है। हालांकि, रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह इस मामले में भी 'रणनीतिक स्वतंत्रता' का दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है। इससे भारत नैतिक रूप से टकराव से दूर रह कर व्यावहारिक रूप से एक सौम्य-बयानबाजी वाली स्थिति अपना सकता है। इससे कोई आहत नहीं होगा और वास्तव में शांति की तलाश की संभावनायें बनी रहेंगी।

दिल्ली अच्छी तरह जानती है कि इस टकराव के प्रति भारतीय मुसलमानों व खासकर ईरान का मामला आने पर शियाओं की भावनायें क्या हैं। चुनावी दृष्टिकोण से अवस्थापना शियाओं व पसमांदा मुसलमानों को साथ लेना चाहता है, लेकिन इज़राइल के कारण पूरे मामले में जटिलता पैदा होती है। इससे 'बहुसंख्यकवादी' सोच भी प्रभावित होती है जो वैचारिक रूप से वैश्विक-इस्लामवाद का मुकाबला कर रही है। इज़राइल का अक्सर जरूरत से ज्यादा समर्थन किया जाता है तथा उसकी प्रशंसा की जाती है। लेकिन अब यह नैतिक रूप से अप्रासांगिक होता जा रहा है। मजेदार बात है कि इज़राइल और ईरान, दोनों के तर्कों और विमर्शों में अनेक ऐसे तथ्य हैं जो भारत की 'व्यापक मजबूरियों' को उचित ठहराने के काम आ सकते हैं। भारत ने ईरान, फिलिस्तीन तथा इज़राइल के साथ औपचारिक राजनयिक संबंधों के अलावा शक्तिशाली 'बैक चैनल' या परोक्ष संबंध भी स्थापित किए हैं। इन शक्तिशाली बैकडोर चैनलों तथा भारत-ईरान के बीच गहरे ऐतिहासिक सभ्यतामूलक संबंधों का लाभ उठाते हुए सुनियोजित ढंग से राजनयिक प्रयास करने की आवश्यकता है। विश्व मंच पर भारत के कद तथा उसकी भावी रणनीति के साथ ही भारत-ईरान संबंधों को मजबूत बनाए रखने के लिए जरूरी है कि भारत विभिन्न पक्षों के साथ संबंधों के बजाय विश्व शांति को प्राथमिकता दे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घातक है युद्ध की आहट

"33 वर्षों में पहली बार एक विदेशी राष्ट्र ने 13 अप्रैल (शनिवार) को इजरायल पर हमला किया। आखिरी बार 1991 में इराक ने इजरायल पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। यह ईरान था जिसने पिछले सप्ताह के अंत में इजरायल में विभिन्न इलाकों पर 360 से अधिक मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपित किए थे।"

**- डॉ.अजीत रानाडे**
(लेखक, प्रबंध सलाहकार हैं)



**हमास** द्वारा सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के लिए इज़रायल का प्रतिशोध अब अनुपात से ज्यादा लगता है। इज़रायल की बदले की कार्रवाई में अब तक 30,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं। इनमें अनेक महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। जैसे यूक्रेन में बमबारी का कोई अंत नहीं दिख रहा है उसी तरह इज़रायल द्वारा गाज़ा पर हमलों की समाप्ति के आसार नज़र नहीं आ रहे हैं। युद्ध के बादल बस घने तथा और गहरे होते जा रहे हैं।

33 वर्षों में पहली बार एक विदेशी राष्ट्र ने 13 अप्रैल (शनिवार) को इज़रायल पर हमला किया। आखिरी बार 1991 में इराक ने इज़रायल पर क्रूज़ मिसाइलों से हमला किया था। यह ईरान था जिसने पिछले सप्ताह के अंत में इज़रायल में विभिन्न इलाकों पर 360 से अधिक मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपित किए थे। यह हमला धीमी गति से चलने वाले ड्रोन (जो ईरान से इज़रायल तक जाने में छह घंटे से अधिक समय लेते हैं), तेज क्रूज़ मिसाइलों और बहुत उच्च गति वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का एक संयोजन था जो ध्वनि की गति से भी तेज हैं। ईरान के विदेश मंत्री ने इजरायल पर इस सुनियोजित हमले को लेकर पड़ोसी देशों को 72 घंटे की चेतावनी दी थी। उधर इज़रायल लगभग 99 प्रतिशत मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में कामयाब रहा और इसलिए उसका बहुत नुकसान नहीं हुआ। यह परिष्कृत मिसाइलरोधी रक्षा प्रणाली- आयरन डोम के कारण संभव हुआ जिसे इज़रायल ने अमेरिकी और ब्रिटिश मदद से बनाया था और इस बार जॉर्डन की धरती पर भी तैनात किया गया था।

रक्षा के उन कुछ घंटों के लिए अनुमानित खर्च लागत लगभग 1.1 बिलियन डॉलर थी। रक्षा आपूर्तिकर्ताओं, मुख्य रूप से अमेरिकी कंपनियों को इस तरह की तैनाती से लाभ होगा। बेशक, दो साल पहले शुरू हुए यूक्रेन युद्ध के कारण हथियार प्रणालियों के अमेरिकी निर्माताओं को पहले ही काफी फायदा हुआ है। ईरान द्वारा उस रात ड्रोन और मिसाइलों से किए हमले की लागत शायद एक अरब डॉलर के करीब है।

इज़रायल द्वारा एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर किए हमले के प्रतिशोध में ईरान ने यह हमला किया था। इस हमले में ईरान के दो वरिष्ठ जनरलों की मौत हो गई थी। बिना किसी उकसावे के किए इस हमले को इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अधिकृत क्यों किया, वह भी एक राजनयिक लक्ष्य पर? क्या इज़रायल हमास के साथ संघर्ष के दायरे को और विस्तारित करने की कोशिश कर रहा था तथा एक बढ़ते युद्ध में अन्य देशों को खींच रहा था? क्या उसे यह पता नहीं था कि ईरान के दूतावास पर उसकी कार्रवाई किसी जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करेगी? या इसने ईरान द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया को गलत समझा? इज़रायल के साथ सहानुभूति रखने वालों का तर्क होगा कि इज़रायल की कार्रवाई अकारण नहीं थी। यह इज़रायल के क्षेत्र के भीतर हमास का समर्थन करने वालों को दंडित करना था। सभी लोग जानते हैं कि इज़रायल के भीतर हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हौथिस को ईरान का मौन समर्थन है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को विफल करने और हमास तथा हिजबुल्लाह के समर्थन का बदला लेने के लिए इज़राइल ने पहले भी ईरान के बुनियादी ढांचे और सैन्य स्थलों पर हमले किये हैं। ईरान ने भी अपनी परमाणु हथियार क्षमता के निर्माण की गति को बनाए रखा है। इज़रायल निश्चित रूप से एक परमाणु सशस्त्र राष्ट्र है जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईरान द्वारा इज़रायल पर ड्रोन और मिसाइल के असफल हमले को कुछ टेलीविजन और सोशल मीडिया चैनलों ने तृतीय विश्व युद्ध की शुरुआत बताया। शेयर बाजारों में हड़बड़ाहट दिखाई दी। ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका में शुक्रवार को ही न्यूयॉर्क का डाउ इंडेक्स 2.4 फीसदी गिर गया था। दुनिया भर में शेयरों में और गिरावट की आशंका है। सोने की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और 2400 डॉलर प्रति औंस के करीब है। भारत में जल्द ही दस ग्राम सोने का मूल्य 80,000 रुपये को पार कर सकता है। जोखिम से बचने वाले उन निवेशकों द्वारा सोने की उच्च मांग की सहज प्रतिक्रिया है, जिन्हें डर है कि अन्य सभी संपत्तियों की कीमतों में भारी गिरावट आएगी। यह संघर्ष मध्य पूर्व से तेल आपूर्ति को बाधित करेगा इसलिए तेल की कीमतें निश्चित रूप से बढ़ेंगी। माल ढुलाई दरों और हवाई कार्गो के लिए जोखिम प्रीमियम में भी बढ़ेगा जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार की लागत में वृद्धि होगी। इस सारे घटनाक्रम का भारत पर तिहरा दबाव पड़ता है। यह हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को कम करता है, विनिमय दर पर दबाव डालते हुए व्यापार घाटे को बढ़ाता है और चूंकि पेट्रोल व डीजल की कीमतें प्रभावित होंगी इसलिए मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण बन सकता है। मार्च में समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में मंदी देखी गई थी तथा उस तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर 6 प्रतिशत के करीब हो सकती है।

निवेशकों का बिगड़ता मिज़ाज जीडीपी वृद्धि को और भी धीमा कर सकता है हालांकि चुनाव खर्च आम तौर पर जीडीपी को ऊपर उठाए रखता है। यदि वैश्विक आर्थिक मिज़ाज का अंदाजा लगाया जाए तो व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे हौथियों के हमलों के कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग में व्यवधान ने समुद्री व्यापार की लागत में वृद्धि की है। यह स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए नकारात्मक है। खुदरा महंगाई में वृद्धि की खबर भी राहत देने वाली नहीं है तथा तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण और खराब हो सकती है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता है जिससे आवास और वाहन ऋण में मदद मिल सकती थी।

और अंत में, बेरोजगारी के बारे में आई रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित हालिया रिपोर्ट ने युवा बेरोजगारी, कौशल असंतुलन और श्रम शक्ति में अभी भी महिलाओं की कम भागीदारी की एक गंभीर तस्वीर चित्रित की है। भारत में वर्ष 2005 से श्रम बल की भागीदारी तथा पुरुषों और महिलाओं की मजदूरी दर में अंतर के संदर्भ में लैंगिक अंतर बढ़ता जा रहा है। यह अंतर कम नहीं हो रहा है, जैसा कि दुनिया के अन्य हिस्सों में देखा जा रहा है। इसके अलावा अनुमान है कि कोविड के बाद करीब पांच करोड़ श्रमिक कृषि क्षेत्र में वापस चले गए हैं जो कम उत्पादकता, कम गुणवत्ता वाली नौकरियों के साथ-साथ अल्प-रोजगार भी प्रदान करता है। रोजगार परिदृश्य में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की आवश्यकता है जो मुख्य रूप से निजी क्षेत्र से आएगा। इसके लिए निवेशकों के विश्वास और नए उद्यमों, व्यवसायों और उद्यमों में बड़े पैमाने पर फंड प्रवाह की आवश्यकता होती है। अकेले सरकार बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन नहीं कर सकती है। मध्य-पूर्व में तनाव के कारण बढ़ी अनिश्चितता सिर्फ रक्षा आपूर्ति निर्माताओं के लिए अच्छी खबर है। अधिकांश लोगों के लिए यह बुरा आर्थिक समाचार है। सुरक्षा परिषद के दोनों सदस्यों-चीन या रूस ने ईरान के हमले की निंदा नहीं की है। इज़रायल को गाज़ा पर बमबारी बंद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में रखे प्रस्ताव को एकमात्र असहमत देश संयुक्त राज्य अमेरिका ने बार-बार वीटो किया है।

हमास द्वारा सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के लिए इज़रायल का प्रतिशोध अब अनुपात से ज्यादा लगता है। इज़रायल की बदले की कार्रवाई में अब तक 30,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं। इनमें अनेक महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। जैसे यूक्रेन में बमबारी का कोई अंत नहीं दिख रहा है उसी तरह इज़रायल द्वारा गाज़ा पर हमलों की समाप्ति के आसार नज़र नहीं आ रहे हैं। युद्ध के बादल बस घने तथा और गहरे होते जा रहे हैं। शांति की गुहार लगाने वालों को युद्धोन्मादी लोगों ने बाहर कर दिया है। संघर्ष विराम या शांति वार्ता तो दूर की बात है, नेता कोई समझदारी का माहौल बनाने में नाकाम रहे हैं। यह सब भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं है जो पहले से ही महंगाई, स्थिर निजी निवेश, उच्च युवा बेरोजगारी दर और व्यापक असमानता की चुनौतियों से जूझ रही है।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# दो पक्षों में हुए आपसी झगड़े में एक व्यक्ति की मौत

## दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने लगाया जाम

## पुलिस टीम पर भी किया पथराव, एक पुलिस कर्मी घायल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कीर्ति** नगर में शनिवार देर रात्रि दो पक्षों में हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस टीम पर भी पथराव किया, जिसमें एक एसआई के आंख पर गंभीर चोट आई है, जो पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन है। मृतक व्यक्ति की पहचान करीब 40 वर्षीय सोमनाथ निवासी कीर्ति नगर के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एलएनजेपी अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। रविवार सुबह एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे परिजनों ने मृतक का शव लेने से इंकार कर दिया। मृतक के परिजनों ने मामले में संलिप्त दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग पर एलएनजेपी अस्पताल के समक्ष जाम लगा दिया। करीब आधा घंटा तक जाम लगा रहा, जिस कारण वाहन चालकों को काफी



एलएनजेपी अस्पताल के बाहर जाम लगा कर बैठे मृतक के परिजन व अन्य।

परेशानी हुई। मौके पर पहुंचे थाना कृष्णा गेट के प्रभारी कर्मवीर सिंह ने जाम लगा रहे लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तब जाकर मृतक के परिजनों व अन्य लोगों ने जाम खोला।

पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक सोमनाथ के पुत्र अमित की शिकायत पर पुलिस ने आठ नामजद सहित चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमित ने बताया कि वह शनिवार रात्रि अपने ताऊ के घर जा रहा था। कीर्ति नगर में राजेंद्र चक्की के नजदीक बैठे सन्नी छोटा, अजय, विक्रांत, नवनीत, जोगिन्द्र व शारदा व अन्य तीन चार लड़कों ने आवाज मार कर उसे बुलाया।

सभी ने उस पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। उन्होंने राड लोहा, गंडासी, ईंट व तलवार से हमला किया। जब उसने शोर मचाया, तो उसके पिता सोमनाथ उसे छुड़ाने की कोशिश करने लगे, तो उन्होंने लोहे की राड व डंडों से उन पर भी हमला कर दिया। उसे छुडाने के लिए उसके मौसी के लड़के आकाश, दीपक व रामपाल आए, तो उन पर भी चाकू व तलवारों से हमला कर दिया। हमले में सभी बुरी तरह से घायल हो गए। पड़ोसियों ने घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां चिकित्सकों ने उसके पिता सोमनाथ को मृत घोषित कर दिया। थाना कृष्णा गेट प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि दो पक्षों के आपसी झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति के पुत्र अमित की शिकायत पर सन्नी, छोटा, अजय, विक्रांत, नवनीत, अजय, जोगिंद्र, शारदा व चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम पर भी पथराव किया गया है, जिसमें एसआई ऋषिपाल की आंख पर गहरी चोट लगी है।

# आग से करीब सौ एकड़ भूमि में खड़ी फसल व फाने जलकर नष्ट

**कैथल।** रविवार को गांव पाई, भाना तथा करोड़ा के किसानों की लगभग एक सौ से अधिक गेहूं, फानों तथा तूड़ी के कूपों में अचानक आग लग गई जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का कोई पता नहीं चल पाया। किसान धर्मवीर व राजेंद्र ने बताया कि दोपहर के समय एक दम उनके गेहूं के खेतों में आग लग गई। आग पाई व भाना के खेतों की तरफ से लगी और देखते-देखते करोड़ा के खेतों की ओर फैल गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन करके सूचित किया। इसके अलावा ग्रामीण भी अपने ट्रैक्टर लेकर निकल गये और आग लगे खेतों से कुछ आगे जाकर फसल को जोत दिया। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां भी तुरंत मौके पर पंहुच गई और आग पर काबू पा लिया गया। गेहूं के अलावा किसानों द्वारा अपने पशुओं के लिये चारा बनाने के लिये रखे गये फाने तथा तूड़ी के कूप भी जल कर राख हो गये। उन्होंने बताया कि इस आगजनी में कुछ गरीब तबके के छोटे किसानों की फसल व पशु चारा भी शामिल है। आग लगने से किसानों को काफी भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार से मदद की गुहार लगाई है।



## संक्षिप्त समाचार

### पांच लाख 67 हजार 357 मीट्रिक टन गेहूं की आवक



**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 5 लाख 67 हजार 357 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 5 लाख 67 हजार 357 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 30 हजार 715 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2 लाख 90 हजार 967 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन द्वारा 45 हजार 675 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापारियों द्वारा चार हजार 897 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आए, ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी न हो। उन्होंने यह भी अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है।

### नशा किसी के लिए नहीं है हितकारी : एचसी सुनील



**कैथल।** एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव गढ़ी व गांव पाडला में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए, नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके हैं और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनों का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। युवा वर्ग को पढ़ाई व खेलों में ध्यान लगाना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। आमजन नशे से संबंधित कोई भी सूचना कैथल पुलिस को दे सकते है। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा। नशा ना करने बारे अपने परिवार आस पड़ोस में भी जागरूक करें।

### स्कूटी चोरी मामले में आरोपी काबू, स्कूटी बरामद

**कैथल।** गांव शादीपुर में मंदिर के बाहर से स्कूटी चोरी करने के मामले की जांच चौकी महमूदपुर पुलिस के एसआई बलवान सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रोशन कॉलोनी समाना पंजाब निवासी जशनदीप को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वैदचापत्ती समाना जिला पटियाला पंजाब निवासी बंटी कुमार 17 अप्रैल को वह अपनी स्कूटी पर माता माईसर मंदिर गांव शादीपुर में आया था। जहां मंदिर के बाहर से अज्ञात व्यक्ति उसकी स्कूटी चुरा ले गया। इस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा स्कूटी बरामद कर ली गई।

### नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षकों की हुई मेडिकल फिटनेस जांच



**कुरुक्षेत्र।** रविवार को लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षकों की मेडिकल जांच हुई। इसमें उप सिविल सर्जन डॉ. अंजलि वैद्य, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र सिंह चौहान, हृदय, छाती एवं क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाई शैली, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मनु सोनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीता गोयल, नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ. विक्रम बंसल एवं पैथोलॉजिस्ट डॉ. विनोद कुमार ने नवनियुक्त प्रशिक्षकों की जांच की। सिविल सर्जन के प्रतिनिधि डॉ.अंजली वैद्य ने उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिया। नवनियुक्त आईटीआई प्रशिक्षक अमित ने बताया कि करीबन 3200 आईटीआई प्रशिक्षकों की भर्ती 2019 में शुरू हुई थी, जिसमें से करीब 800 लोगों ने अपना पदभार संभाल लिया था। कुछ समय बाद इस प्रक्रिया पर 2023 में अदालत ने स्टे लगा दिया था। अभी कुछ सप्ताह पहले ही अदालत ने स्टे हटा दिया और उसके बाद बाकी बचे आईटीआई प्रशिक्षकों की मेडिकल जांच का कार्यक्रम शुरू कर दिया गया। उन्होंने अदालत एवं राज्य सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इससे उन्हें और उनके परिवार को नया जीवन मिला है।

### भगवान महावीर की 2623वीं जयंती धूमधाम से मनाई



**सोनीपत।** देश-दुनिया को अहिंसा एवं मानवता का संदेश देने वाले भगवान महावीर की 2623वीं जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई। शहर में रथयात्रा के साथ-साथ सुबह-सुबह अलग-अलग स्थानों पर प्रभात फेरियों व पालकी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बडी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। सुबह पांच बजे सेक्टर 14 से शुरू हुई प्रभात फेरी का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, क्षमा जैसे सिद्धांतों को आत्मसात करके जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर अहिंसा के सिद्धांत पर चलते हुए समाजवाद की स्थापना में अपना योगदान देना चाहिए, तभी हम देश व समाज को सशक्त बना सकेंगे। पूर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन एवं दिव्यांक जैन द्वारा झंडी दिखाकर सैक्टर 15 मंदिर से भगवान महावीर पालकी रथ में सवार होकर धूमधाम से निकले तो श्रद्धालुओं ने जैन धर्म की जय-जयकार जियो और जीने दो के संदेश के नारे लगाए। इससे पूर्व दिगंबर जैन मंदिर मंडी में तीन दिन से चल रहे उत्सव के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि भगवान महावीर के संदेश आज भी प्रासंगिक है और भगवान महावीर के पदचिन्हों पर चलकर समाज से ईर्ष्या, द्वेष, धर्म के नाम पर कट्टरता समाप्त होकर एक समभाव समाज की स्थापना हो सकती है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के सिद्धांत विज्ञान पर आधारित हैं जिन्हें जीवन में अपनाकर मानव स्वस्थ मन से स्वस्थ विचार अंकुरित करके तन को भी स्वस्थ रख सकता है।

# रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा : मदनलाल



बैठक को संबोधित करते हुए शिवचरण

**कैथल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ 27 अप्रैल को एक बड़ी कन्वेंशन व बैठक कर उनकी मांगों बारे पिछले 9-10 सालों से सरकार की अनदेखी के चलते जनता के बीच उसकी रिटायर्ड विरोधी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोलो अभियान चलाएगा।

यह बात आज यहां जवाहर पार्क में कैथल की रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान मदनलाल पहलवान ने कही। बैठक में 27 अप्रैल की कन्वेंशन की तैयारी की ड्यूटी लगाई गई व कर्मचारियों से संपर्क साधने को कहा गया। बैठक में संगठन के राज्य कमेटी सदस्य धूप सिंह सिरोही ने बताया कि वे पिछले काफी समय से अपने मांग मुद्दों के लिए सरकारी अधिकारियों, विधायकों व सरकार के मन्त्रियों को ज्ञापन देकर समाधान के लिए गुहार लगा चुके हैं लेकिन सभी चुप्पी साधे हुए हैं।

जिला के उपप्रधान जगरूप सहारण, सचिव जयप्रकाश शास्त्री व वरिष्ठ नेता बलवन्त जाटान नेम बैठक को संबोधित किया व कहा कि उनकी मांग तर्क संगत व व्यवहारिक है। पड़ोसी प्रदेशों में उनकी आयु बढ़ने पर पेंशन बढ़ोतरी, कैशलैस मैडिकल प्रणाली, पुरानी पेंशन बहाली आदि लागू की जा चुकी हैं लेकिन सरकार बातचीत न करके उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है, इसलिए उनकी राज्य कमेटी ने जनता के बीच जाने का फैसला लिया है।

# दुष्यंत चौटाला भाजपा सरकार पर हमलावर

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार से संबंध टूटने के करीब एक माह बाद जेजेपी नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमले शुरू किए है। उल्लेखनीय है कि इसी सरकार को समर्थन के बदले दुष्यंत चौटाला करीब साढ़े चार साल उप मुख्यमंत्री रहे थे। पिछले माह भाजपा ने मुख्यमंत्री बदलते हुए जेजेपी का साथ छोड़ दिया था।

अब जबकि जेजेपी भाजपा से अलग अपने बूते लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही है तो दुष्यंत ने भाजपा सरकार पर हमले बढ़ा दिए है। दुष्यंत ने रविवार को कहा कि अफसोस की बात है कि फसल खरीद और तुरंत भुगतान की जो व्यवस्था हमने पिछले साल सफलता से चलाई अब सरकार उसे पूरी तरह बर्बाद कर रही है। जानबूझकर किसानों को तंग और परेशान किया जा रहा है। दुष्यंत ने हिसार अनाज मंडी में रविवार को फसल खरीद का जायजा लिया। सरसों और गेहूं की फसलों का अभी तक उठान न होने और सप्ताह में तीन दिन तक फसलों की सरकारी खरीद बंद करने को लेकर अधिकारियों से बातचीत की।

# भाजपा ने हवन के साथ किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**बीजेपी** के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन ढांड रोड नजदीक महाराजा पैलेस में किया गया। कार्यालय में सुबह हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने की। विधायक लीला राम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

जिलाध्यक्ष ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। सुभाष बराला ने कहा कि जब विपक्ष सोच भी नहीं सकता था उस वक्त ही भाजपा ने अपने हरियाणा में दस की दस लोकसभा में और 90 की 90 विधानसभाओं में चुनावी कार्यालय खोल दिए थे। उन्होंने आगे कहा कि भारत देश सबसे बड़े लोकतंत्र पर्व को मनाने जा रहा है। सभी नागरिक इस लोकतंत्र के पर्व में बढ़ चढ़कर भाग लें और अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस को लोकसभा का चुनाव



हवन में आहुति डालते हुए भाजपा नेता।

लड़ने के लिए भी उम्मीदवार नहीं मिल रहे और भाजपा का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो 400 पार का नारा दिया है उस नारे को कार्यकर्ता अपनी मेहनत से जरूर पूरा करेंगे।

पहले भी कार्यकर्ताओं ने अपनी मेहनत के बल पर भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनवाई है और तीसरी बार जीत की हैट्रिक भी कार्यकर्ता अपनी मेहनत से बनवाएंगे। बराला ने आगे कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता अपनी सरकार के 10 वर्षों के जनहितकारी व लोक हितकारी कार्यों और योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएं। जनता को मोदी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। जनता विपक्ष के झूठे वादों के जाल में नहीं फंसेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता को भाजपा द्वारा निष्पक्ष पारदर्शी नियुक्तियों पर पूर्ण विश्वास है और जनता भाजपा की पारदर्शी नियुक्तियों पर अपनी मोहर लगाकर और कमल का बटन दबाकर विजय जरूर दिलाएगी।

इस मौके पर चेयरमैन सुरभि गर्ग, मनीष कठवाड़, सुरेश राविश, उमेश शर्मा, महामंत्री सुरेश संधू, रामपाल राणा, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित, सह मीडिया प्रभारी भीम सेन अग्रवाल आदि मौजूद थे। सभी ने कार्यक्रम को सराहा।

# रक्तदान शिविर में मेयर निखिल मदान ने किया रक्तदान

## जन सेवा जागृति मंच के 19वें वार्षिकोत्सव में पहुंचे मेयर निखिल मदान व विधायक सुरेंद्र पंवार

## मेयर निखिल मदान व विधायक सुरेंद्र पंवार ने बढ़ाया रक्तदाताओं का हौंसला

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सेक्टर** 15 में जन सेवा जागृति मंच द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मेयर निखिल मदान व



रक्तदाता का हौंसला बढ़ाते विधायक सुरेन्द्र पंवार व मेयर निखिल मदान

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लेकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया और रक्तदाताओं को रक्तदान के प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस मौके पर मेयर निखिल मदान ने खुद भी रक्तदान किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि रक्तदान महादान है और लोगों को जिंदगी बचाने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। एक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित तौर पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि युवा लोगों को विशेषकर रक्तदान में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर सभी आयोजकों का इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद किया। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि खून की एक बूंद किसी व्यक्ति की जान बचा सकती है, इसलिए रक्तदान कर दूसरे की जिंदगी बचाएं। आज के समय में मानव जीवन व्यस्त हो गया है, इसलिए सड़क दुर्घटना में रक्त की कमी होने के कारण मनुष्य की मौत हो जाती है, इसे रोकने के लिए रक्त की जरूरत होती है, इसलिए लोग खुलकर रक्तदान करें और लोगों को जीवनदान दें। आयोजकों द्वारा मेयर निखिल मदान व विधायक सुरेंद्र पंवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी प्रधान मोहन सिंह मनोचा, नरेंद्र भूटानी, रवि ग्रोवर, राजन खुराना, सुरेश बत्रा, सुभाष मदान, महेंद्र पाल, संजय आहूजा, रविंद्र सरोहा, कुलदीप वत्स, शुभम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# इस बार हनुमान जयंती पर बना विशेष संयोग : पं. विशाल शर्मा

**कैथल।** इस साल हनुमान जयंती मंगलवार के दिन पड़ रही है। ऐसे में इस जयंती में पूजा करने का कई गुणा अधिक फल मिलेगा। इसके साथ ही सुबह से लेकर रात 10 बजकर 32 मिनट तक चित्रा नक्षत्र रहेगा। हनुमान वाटिका के मुख्य पुजारी पंडित विशाल शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में हनुमान जयंती का विशेष महत्व है। इस पर्व को शक्ति, भक्ति और निष्ठा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन हनुमान जी की विधिवत पूजा करने से व्यक्ति को हर तरह की बाधाओं से मुक्ति मिल जाती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही भगवान श्री राम भी प्रसन्न होते हैं और कुंडली में मंगल ग्रह की स्थिति मजबूत होती है। कहा जाता है कि भगवान हनुमान का जन्म सूर्योदय के समय हुआ था। इसी के कारण इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर सभी कामों से निवृत्त होकर स्नान आदि करने के साथ हनुमान जी की विधिवत पूजा की जाती है। इसके साथ ही इस हनुमान चालीसा, मंत्र आदि पढ़ने से वह अति प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान के जन्मोत्सव पर सुबह जल्दी उठें और नहाने के बाद सूर्य को अर्घ्य अर्पित करें। घर के मंदिर में गणेश पूजा के बाद हनुमान जी की पूजा करें। हो सके तो इस दिन 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ करें। सुंदरकांड का पाठ करें। उड़द के आटे से दीपक बनाएं और सूत के धागे से बत्ती बनाएं और तेल डालकर हनुमान जी के सामने ये दीपक जलाएं। अगर कोई व्यक्ति बीमारियों से परेशान है तो उसे हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर नासै रोग हरे सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बीरा इस चौपाई का जप कम से कम 108 बार करें।

# भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल को भेंट की श्रीमद्भगवद्गीता

**कुरुक्षेत्र।** भाजपा कला एवम सांस्कृतिक प्रकोष्ठ कुरुक्षेत्र के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल से मिल कर उनको जीत की शुभकामनाएं देते हुए श्रीमद्भगवद् गीता की प्रति भेंट की। उल्लेखनीय है कि गत दिनों अनिल वर्मा ने ज्योतिसर स्थित वट वृक्ष के नीचे बीजेपी और एनडीए की सहयोगी पार्टियों की जीत के उद्देश्य से 400 बार गीता पाठ का संकल्प लिया था। जीत की इसी शुभ अकांक्षा के साथ उन्होंने आज बीजेपी प्रत्याशी से सांवला गांव स्थित उनके फार्म हाउस पर औपचारिक भेंट की और आगामी चुनावों में उनकी कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर रिकॉर्ड मतों से जीत की कामना की। अनिल वर्मा ने बताया कि इस बार देश में भारतीय जनता पार्टी की



बीजेपी प्रत्याशी नवीन जिंदल को श्रीमद्भगवद् गीता भेंट करते हुए अनिल वर्मा

जबरदस्त लहर चल रही है। पहले चरण के चुनावों में विपक्षी पार्टियों के प्रत्याशियों की जमानत जब्त होने की जनचर्चा आम हो रही है। अनिल वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सैनी के आशीर्वाद से और थानेसर के विधायक एवम राज्यमंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में चल रहे चुनाव कैंपेन ने विपक्षी पार्टियों के नेताओं की नींद उड़ा रखी है।

# महावीर जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में दिखा सद्भाव

## कई सामाजिक व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**एसएस** जैन सभा चंदाना गेट द्वारा रविवार को भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में युवा प्रेरिका जैन साध्वी डॉ. शिव प्रज्ञा जी महाराज के सानिध्य व साध्वी श्री खुशी जी महाराज की प्रेरणा से श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में महावीर जन्म महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज के अनेकों गणमान्य लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने पहुंच कर भगवान महावीर की आराधना की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा



डा. सुशील गुप्ता को सम्मानित करते हुए सभा के प्रतिनिधि

सांसद सुभाष बराला पहुंचे। उन्होंने अपने संदेश में सभी का आह्वान किया कि वे भगवान महावीर के सामाजिक सद्भाव का पालन करें।

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के जन्म के साथ दुनिया में अहिंसा का नया युग शुरू हुआ था। आज जब दुनिया में कई हिस्सों में युद्ध की आशंका बनी हुई है। ऐसे में भगवान महावीर का अहिंसा परमो धर्म और जीओ और जीने दो की शिक्षा दो हजार छह सौ 23 साल बाद भी प्रासंगिक है।

पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने भगवान महावीर के प्रेम, करुणा, अहिंसा, सहअस्तित्व, शांति, सद्भाव जैसे विचारों को अपनाने की अपील की व सभी को महावीर जन्म कल्याणक दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में साध्वी युवा प्रेरिका डॉ. शिव प्रज्ञा व प्रेरणा ने भगवान महावीर के संदेश का बारीकि से ज्ञान दिया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एसएस जैन सभा की ओर से डॉ. वरुण जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व विधायक टोहाना निशान सिंह, पूर्व लोकसभा सांसद नवीन जिंदल के प्रतिनिधि के तौर पर उनके भाई जगदीश जिंदल, नगर परिषद अध्यक्षा सुरभि गर्ग, नगर परिषद टोहाना के प्रधान नरेश बंसल, आदित्य सुरजेवाला सहित आरकेएसडी कॉलेज के प्रधान अश्वनी शोरेवाला, पूर्व प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट, महेश जैन टोहाना व दीपक गोयल टोहाना सहित जैन सभा से जुड़े लोग पहुंचे। सभा की ओर से भगवान महावीर के जीओ और जीने दो के संदेश पर प्रकाश डाला और सभी का आह्वान किया कि वे उनके दिखाए मार्ग पर चलें।

# प्रयास सेवा सगंठन द्वारा मासिक वृद्ध जन सेवा लाती है वृद्धों के चेहरे पर मुस्कान

**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी

**रविवार** प्रयास सेवा सगंठन जगाधरी द्वारा मासिक वृद्ध आश्रम सेवा कार्य सम्पन्न किया गया। प्रयास सेवा सगंठन के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट अश्वनी अग्रवाल आशु, कार्यक्रम मीडिया प्रमुख आकाश गर्ग, महासचिव नितिन शर्मा माठू, संयोजक राहुल गुप्ता सनराइज, कार्यक्रम अध्यक्ष संजीव गर्ग लक्की व वरिष्ठ अश्वनी गर्ग ने

बताया की वृद्ध जनों हेतु मासिक आयोजन के अन्तर्गत दैनिक जरूरतों का सामान विशेष रूप से वृद्ध जनों को उपलब्ध करवाना प्राथमिकता रहती है। जिससे वृद्ध जनों को दैनिक समस्याओं का सामना न करना पड़े जैसे वाशिंग पाउडर, साबुन,तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, टूथब्रश आदि।इस मासिक वृद्ध आश्रम सेवा कार्य में श्री राम शरणम् तेजली रोड का सहयोग भी निरंतर जारी है।सर्वप्रथम सभी वृद्ध जनों को नाशता ,फल व मिठाई उपलब्ध करवाई जाती है। तत्पश्चात कार्यक्रम सभी साथियों द्वारा मिलजुल कर सम्पन्न किया जाता है। आज के सेवा कार्य को प्रयास सेवा सगंठन के द्वारा प्रवीण गुप्ता, एडवोकेट हरीश वर्मा व पीयूष वर्मा के हाथों सम्पन्न करवाया गया।प्रयास सेवा सगंठन से सलाहकार नरेश नागपाल, कोषाध्यक्ष संदीप राय गर्ग, सुशील तायल,अमित बसंल,ब्रजेश गोयल, नितिन मित्तल,रवि सेठी,राजीव वर्मा,केशव मंगला सीमा आनंद ,सुमन ठकराल व सतीश राणा ने बताया प्रयास सेवा सगंठन सेवा सगंठन 7 वर्षों वृद्ध



आश्रम में मासिक सम्मान समारोह आयोजित करता है।व सभी वृद्ध जनों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास करता है व उनको संभव सहयोग सेवा प्रदान करता है।सभी वृद्ध जन प्रयास सेवा सगंठन के साथियों को एक परिवार की तरह देखते हैं व शायद हर माह प्रयास सेवा सगंठन से मिलने की एक आस भी मन में संजोए रखते हैं इसका मात्र कारण यह नहीं है कि प्रयास सेवा सगंठन द्वारा इन्हें वस्तुएं प्रदान की जाती है अपितु शायद साथियों से मिलकर एक खुशी का अहसास सभी वृद्ध जनों द्वारा किया जाता है व सभी साथी भी वृद्ध जनों का आशीर्वाद पाकर खुशी महसूस करते हैं। सर्दियों में नव गर्म वस्त्र व नव जूते सेवा भी प्रयास सेवा सगंठन द्वारा सभी वृद्ध जनों को प्रदान की जाती है। आज के अतिथिगण ने आज के सेवा कार्य को देखकर खुशी व गर्व महसूस किया व सम्बोधित करते हुए कहा की उन्हें देखकर अति प्रसन्नता है की जिले में प्रयास सेवा सगंठन द्वारा इस स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं जिससे बच्चों से लेकर वृद्ध जनों की संभव जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रयास सेवा सगंठन काबिले-तारीफ कार्य कर रहा है और समाज के जागरूक वर्ग को प्रयास सेवा सगंठन से अवश्य जुड़ना चाहिए व सेवा प्रयासों में सहयोगी बनना चाहिए आज आए हुए अतिथिगण प्रवीण गुप्ता, एडवोकेट हरीश वर्मा व पीयूष वर्मा जोनी को प्रयास सेवा सगंठन साथियों के द्वारा सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रयास सेवा सगंठन विशेष रुप से मोतियाबिंद ऑपरेशन सेवा, स्कूली बच्चों को शिक्षा,वरदी सहयोग, दिव्यांगजन को ट्राई साईकिल, सुनने की मशीनें आदि , निशुल्क आंखों की जांच व चश्मा वितरण,वस्त्र सेवा व विभिन्न अन्य सेवा कार्य है जो आज शायद समाज की विशेष आवश्यकता है।प्रयास सेवा सगंठन के विभिन्न साथी आज सेवा कार्य में मौजूद रहे।

# फोन पर व्यापारियों को धमकाने वाले दबंगईयों को किसी कीमत पर नहीं बख्शेंगे

## बहादुरगढ़ की सफल जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कांग्रेस पर जमकर बरसे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सैनी व्यापारियों को मिल रही धमकियों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए चेतावनी दी है कि या तो दबंगई-दबंगई छोड़ दें या फिर कड़े परिणाम भुगतान के लिए तैयार रहें। पुलिस किसी भी सूरत में किसी भी दबंगई को नहीं बख्शेगी। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि व्यापारियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

सीएम सैनी रविवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर अरविंद शर्मा के समर्थन में बहादुरगढ़ में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने




कार्यकर्ताओं से प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें व करनाल विधानसभा सीट बड़े अंतराल से जीतने का आह्वान करते हुए कहा कि हर घर जाकर लोगों को साधने का काम करें, ताकि भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित हो सके। नायब सैनी ने कहा कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि उनके पास टिकट लेने वाला कोई नहीं है। कोई चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता। इसलिए कांग्रेस अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल के दौरान सबका विकास किया है और योजनाबद्ध तरीके से गरीबों को लाभ पहुंचाने का काम किया है।

बहादुरगढ़ की सब्जी मंडी में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 55-60 साल में जो कांग्रेस देश में गरीबी कम नहीं कर पाई, वो अब कैसे एक झटके में गरीबी कम कर देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी को अब बताना चाहिए कि अब उनके पास ऐसा कौन सा अलादीन का चिराग है, जिसके सहारे वह एक झटके में गरीबी को खत्म करने का काम करेंगे। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के इस झूठ से लोगों को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस 55 साल में गरीबी नहीं हटा पाई लेकिन, भाजपा ने अपने 10 सालों में गरीबों के लिए अनेकों योजनाएं बनाई जिनमें मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। चारों तरफ हाईवे, ग्रीनफील्ड हाईवे, सुपर एक्सप्रेसवे बनाए गए हैं। बहादुरगढ़ में केएमपी और केजीपी के माध्यम से यातायात सुगम हुआ है और लोगों को काफी राहत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर नल योजना के तहत स्वच्छ जल पहुंचाने का काम किया है। स्वामित्व योजना के तहत यहां के किराएदार लोगों को जमीन का मालिकाना हक दिया गया है।

**मोदी सरकार ने किसानों को मजबूत किया :** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूत करने का काम किया है। 2 लाख करोड़ रुपए किसानों के खाते में सीधे दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर भी जमकर तंज कसा।

## रोहतक, अंबाला, हिसार और सिरसा के तय नाम भी घोषित नहीं कर पा रही कांग्रेस

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कांग्रेस भले ही चुनावी माहौल अपने पक्ष में होने का दावा कर रही है लेकिन लोकसभा चुनाव प्रत्याशी चयन को लेकर उसकी उलझने खत्म होने का नाम नहीं ले रही है।नौ सीटो के प्रत्याशियों के चयन के लिए बनाए गर पैनल में चार सीटो के लिए एक एक नाम ही रखा गया है लेकिन इन चार सीटो का फैसला भी नही किया जा रहा।

गुत्थी इतनी उलझी हुई है कि प्रत्याशियों के पैनल केंद्रीय चुनाव समिति से सब कमेटी और फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और फिर केंद्रीय चुनाव समिति की ओर ठेले जा रहे है।उधर भाजपा प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटो पर उम्मीदवार घोषित कर धुंआधार प्रचार में जुटी है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, मधुसूदन मिस्त्री और सलमान खुर्शीद के नेतृत्व वाली कमेटी ने शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। अब बताया जा रहा है कि पार्टी अध्यक्ष केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों की रिपोर्ट रख सकते हैं। कमेटी ने रिपोर्ट तैयार करने से पहले राज्य के सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श किया है। बताया जा रहा है कि अगले दो दिन में कांग्रेस के उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर दिए जाएंगे।

# हरियाणा में लोगों तक सीधा पहुंच रहा है लाभ,पीएम मोदी की सोच को लेकर आगे बढ़ रही हैं भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी

**भाजयुमो** जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में जगाधरी शहर के गुलाब नगर, शिवपुरी सोसाइटी, गांव कलेसर , गांव ताहरपुर कलां में आयोजित सभाओ में कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी भारत देश को विकसित भारत बनाने का काम कर रहे है,पीएम मोदी ने देश के लगभग 140 करोड लोगों को लाभ पहुंचाया है,आज देश सुरक्षित हाथों में है, मोदी सरकार ने घर-घर रसोई गैस सिलेंडर पहुंचाया है, हरियाणा भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा में लोगों तक सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने बताया की भाजपा सरकार जन कल्याणकारी नीति व कृषि एवम् किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल गुर्जर द्वारा विधानसभा जगाधरी में बिना भेदभाव कराएं जा रहें विकास कार्यों



से प्रभावित होकर जगाधरी शहर के गुलाबनगर व गांव कलेसर के दर्जनों युवाओं को उन्होंने पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में अधिकांश जगहों पर 24 घंटे बिजली की सप्लाई हो रही है,प्रदेश में बिना पर्ची खर्ची के नौकरियां मिल रही है, भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम किया है,सभी भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाजपा संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें और जनता के साथ सक्रिय रहकर जनता के हितों के लिए कार्य करते रहे, भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही विश्व की नंबर एक पार्टी बनी है।

इस दौरान भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राहुल गढ़ी बंजारा,पंकज बेगमपुर, प्रियंक शर्मा , विजयपाल सिंह, रोबिन चौधरी जगाधरी, सोनू मांडेवाला, अभिषेक सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग सहित बहुत से भाजपा कार्यकर्ता साथ रहे।

# मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि कर लें मतदाता : उपायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा है कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है।

उपायुक्त ने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी

## वैकल्पिक पहचान पत्र दिखा कर भी डाला जा सकता है वोट

वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट स ी इ ओ . इ स ी आ ा इ हरियाणा.जीओवी.इन पर विधानसभा अनुसार मतदाता सूचियां अपलोड है, उसे डाउनलोड करके भी कोई व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में चैक कर सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन नंबर- 1950 पर कॉल करके भी अपनी वोट चैक कर सकते हैं।

# मतदान से जुड़ी विभिन्न सेवाएं है ऑनलाइन, आमजन उठाएं लाभ

**यमुनानगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर है जिसके जरिए 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इसके अलावा उम्मीदवारों के लिए भी सुविधा एप लॉन्च की गई है जिसके जरिये चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में चुनाव प्रक्रियाओं को भी डिजिटल करने का अहम कार्य चुनाव आयोग ने किया है।

**केवाईसी एप से देखें उम्मीदवार का नामांकन :** नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप के जरिए आम नागरिक उम्मीदवार के बारे में तमाम



जानकारियां प्राप्त कर सकता है। इस एप में उम्मीदवार द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को दिए गए नामांकन पत्र को अपलोड किया जाता है जिसे कोई भी आम नागरिक अपने मोबाइल पर देख सकता है। इस एप के जरिये उम्मीदवार के आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति और शिक्षा व अन्य जानकारी हासिल की जा सकती हैं।

**सी-विजिल एप :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए सी-विजिल ऐप भी एक महत्वपूर्ण ऐप है। सी विजिल एप की मदद से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। इसमें फोटो, वीडियो और ऑडियो अपलोड करके शिकायत दर्ज होने की सुविधा है।

# एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 420 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा जगाधरी।** यमुनानगर

**डीएसपी** राजेश कुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि जिला पुलिस नशा मुक्ति अभियान के तहत मादक पदार्थ की तस्करी पर अंकुश लगाने व उनके तस्करों के विरुद्ध लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस की विभिन्न क्राइम इकाइयां लगातार नशा तस्करों पर शिकंजा कस रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 420 ग्राम हेरोइन (स्मैक) के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। बरामद हेरोइन (स्मैक) की कीमत लगभग



20 लाख रुपये बताई जा रही है। डीएसपी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम के इंचार्ज रविकांत की टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक नशा तस्करी का काम करता है और आज भी बाइक पर सवार होकर नशीले पदार्थ लेकर कलानौर होते हुए जिले में आएगा। इस सूचना पर एएसआइ जसवीर सिंह, सतीश कुमार, राजेंद्र व बीरबल की टीम का गठन किया गया। टीम ने कलानौर बार्डर पर नाकाबंदी की। इसी दौरान दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। टीम ने इनको रोक कर जांच की। पूछताछ में उनकी पहचान वीनानगर कैंप निवासी योगेश उर्फ मच्छर पुत्र राम कुमार व उत्तर प्रदेश के गांव घाटोपुर निवासी राशिद पुत्र कमरू के रूप में हुई है। जब आरोपियों की तलाशी ली तो आरोपी योगेश से 330 ग्राम व राशिद से 90 ग्राम हेरोइन (स्मैक) बरामद हुई है। आरोपियों को गिरफ्तार उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी योगेश एनडीपीएस एक्ट के सात केसों में एक वर्ष से फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। वहीं राशिद हेरोइन तस्करी का मुख्य आरोपी है। उसके पास से ही जिले में अधिकतर लोगों तक हेरोइन पहुंचती है। इन आरोपियों के पकड़े जाने से काफी हद तक जिले में हेरोइन तस्करी पर अंकुश लगेगा। आरोपियों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। सेल के इंचार्ज रविकांत ने बताया कि उनकी टीम आरोपी योगेश की तलाश में लंबे समय से टीम लगी हुई थी। पूछताछ में सामने आया कि अब तक राशिद से योगेश ही हेरोइन (स्मैक) लेकर आता था लेकिन इस बार राशिद उसके साथ ठिकाने देखने के लिए आ रहा था। जिस पर दोनों को दबोच लिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## लॉन टेनिस खिलाड़ी खुशी कादयान ने जीते स्वर्ण पदक



**सोनीपत।** जयपुर में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस सुपर सीरीज अंडर 12 व अंडर 14 में खुशी कादयान ने स्वर्ण पदक जीते। अंडर 12 आयुवर्ग के फाइनल मैच में खुशी ने मध्यप्रदेश की वैदी शिंदे को 6-1, 6-2 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वही अंडर 14 आयुवर्ग के फाइनल मैच में गुजरात की माही को 6-4, 6-4 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 115 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विद्यालय पहुंचने पर खुशी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। खुशी की इस शानदार जीत पर अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं के कारण ही खुशी यह शानदार प्रदर्शन कर पाई। खुशी कादयान की इस शानदार जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## नलवी खुर्द के पास रेत से भरा डंपर सड़क पर खड़े पोल से टकराया

**करनाल।** डंपर चालक की लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाने के कारण रविवार को नलवी खुर्द के पास रेत से भरा डंपर सड़क पर खड़े पोल से टकरा गया। जिससे पोल टूट कर सड़क पर गिर गया। संयोगवंश उस समय घटनास्थल पर कोई व्यक्ति अथवा वाहन मौजूद नहीं था। घटना की सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई किए जाने की बात कही है। ग्रामीणों के अनुसार यमुना नदी में कुडा कलां घाट पर जारी रेत खनन के कार्य में सैंकड़ों डंपर लगे हुए हैं। अधिकांश चालक गांव नलवी खुर्द में बजीदपुर के आसपास वाहनों को तेज गति से दौड़ाते हैं। इसी मुद्दे को ले कर कई बार ग्रामीणों एवं डंपर चालकों के बीच मारपीट एवं विवाद की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। एक बार तो इन वाहन चालकों द्वारा तेज गति व अनियंत्रित ढंग से वाहन चलाने से खफा ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया था। एक मारपीट की घटना में खनन कारोबार से जुड़े कुछ लोगों के कारिंदों द्वारा ग्रामीणों को काफी चोटें भी मारी गई थी। आज की घटना को लेकर एक बार फिर ग्रामीणों में भारी रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से अपील करते हुए मांग दोहराई कि डंपर चालकों द्वारा लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाने पर अंकुश लगाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि समय रहते पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह खुद अपनी सुरक्षा के लिए कोई भी सख्त व उचित कदम उठाने को मजबूर होंगे। इस संबंध में मामले के जांच अधिकारी संदीप कुमार का कहना है कि आरोपी चालक के खिलाफ कानून कारवाई की जाएगी।

## चुनाव के लिए पहुंची केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 15 कम्पनियां

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव करवाना ही चुनाव आयोग की प्राथमिकता है। इसके मद्देनजर, राज्य में भयमुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा पुलिस के साथ-साथ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कंपनियों को भी मुस्तैदी से तैनात किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 15 कम्पनियां पहुंच चुकी हैं। अग्रवाल चुनाव प्रबन्धों को लेकर विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोक सभा-2024 चुनाव केवल चुनाव ही नहीं, बल्कि यह 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' है। उन्होंने कहा कि इस पर्व को हर्ष, शांति, भाईचारे के साथ मनाना राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालयों की तो जिम्मेदारी है ही बल्कि हर नागरिक का मौलिक अधिकार भी है। बैठक में इस बात की जानकारी भी दी गई कि अम्बाला, हिसार, सिरसा, रोहतक लोक सभा क्षेत्र के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) की दो-दो कम्पनियां तैनात की जाएंगी। इसी प्रकार, सोनीपत लोक सभा क्षेत्र में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी) की दो कम्पनियां तथा कुरुक्षेत्र, करनाल, भिवानी-महेन्द्रगढ़, गुड़गांव व फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्रों में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आई.टी.बी.पी) की एक-एक कम्पनी तैनात की जाएंगी।बैठक में जानकारी दी गई कि केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की कम्पनियां का ठहराव जिला मुख्यालयों पर रहेगा।

## निट में पूर्व छात्रों की संगीतमयी महफिल ने बांधा समां



**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में पूर्व छात्रों ने महफिल के दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज संस्थान के जुबली हाल मे आयोजित किया, जिसमें आरईसी (रेक) एवं निट के लगभग 125 पूर्व छात्रों एवं पूर्व अध्यापकों ने अपने परिवार के साथ भाग लिया। इसमें कुछ छात्र तो इस संस्थान की स्थापना के समय के छात्र थे। इस महफिल का मुख्य उद्देश्य संगीत के माध्यम से आज के युग की तनाव भरी जिंदगी को सरल बनाना है। इस महफिल का शुभारंभ भारतीय संस्कृति की परंपरानुसार दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व प्रोफेसर, पूर्व विभागाध्यक्ष एवं पूर्व डीन प्रो. बी एस गिल थे। प्रो. बी एस गिल एस संस्थान से 1997 मे सेवानिवृत हुए थे। इस कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि संस्थान के डीन (छात्र कल्याण ), प्रो. दीक्षित गर्ग रहे। मुख्य अतिथि प्रो. बी एस गिल ने अपने उद्बोधन मे पूर्व छात्रों से संस्थान की बेहतरी के लिए तन, मन और धन से सहयोग देने की अपील की और इस तरह के कार्यक्रमों को भविष्य मे ज्यादा संख्या मे आयोजित करने पर बल दिया, जिससे वर्तमान छात्रों को पूर्व छात्रों के व्यापक अनुभव का लाभ अधिक से अधिक मिल सके। कार्यक्रम मे पूर्व छात्रों द्वारा अपने जमाने के फिल्मी संगीत की धुनों पर गीतों की मन मोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर संस्थान की और से प्रमुख रूप से प्रो. दीक्षित गर्ग, प्रो. प्रतिभा अग्रवाल, डा. योगेश अग्रवाल, डा. जगन्नाथ, डा. दिलबाग पांचाल, डा. शाहिदा एवं पंकज कुमार बायती, उप-कुलसचिव, छात्र कल्याण आदि शिक्षक और अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक चोरी मामले में उद्घोषित अपराधी काबू

**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस द्वारा बाइक चोरी मामले में पीओ को काबू कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा आरोपी संजय बस्ती चीका निवासी प्रवेश को काबू किया गया। बता दें कि आरोपी प्रवेश पर 4 सितंबर 2019 को पीडल बस अड्डा के पास से बाइक चोरी करने के आरोप है। इस बारे थाना चीका में मामला दर्ज है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी प्रवेश को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 16 अप्रैल 2024 को पीओ घोषित कर दिया था।

## दुष्प्रचार के आरोप में थरूर पर मामला दर्ज

**एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार शशि थरूर पर केंद्रीय मंत्री एवं प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ दुष्प्रचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह मामला यहां साइबर पुलिस ने 15 अप्रैल को दर्ज किया था, लेकिन इसका विवरण आज उपलब्ध हो पाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, थरूर के खिलाफ मामला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जे. आर पद्मकुमार की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था, जिन्होंने कांग्रेस नेता पर एक टेलीविजन कार्यक्रम के दौरान चंद्रशेखर के खिलाफ दुष्प्रचार का आरोप लगाया था।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान थरूर ने आगामी लोकसभा चुनाव में तटीय क्षेत्रों के मतदाताओं को प्रभावित करने के संबंध में चंद्रशेखर के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया था।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामला भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171-जी और 500 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 65 के तहत दर्ज किया गया।

उन्होंने कहा कि मामले में जांच चल रही है। आईपीसी की धारा 177जी चुनाव के संबंध में गलतबयानी से जुड़ी है, जबकि धारा 500 मानहानि से संबंधित है। तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे थरूर ने मामले के दर्ज होने पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**चीन की नई वैश्विक व्यवस्था**

## शी की नेताओं के साथ बैठक से संकेतों पर गौर

**एजेंसी।** बर्मिंघम

**इस** बात पर व्यापक सहमति है कि शी चिनफिंग के चीन के नेतृत्व में शीर्ष पर पहुंचने के बाद से एक दशक में चीन की विदेश नीति अधिक मुखर और अधिक केंद्रीकृत हो गई है। इसका मतलब यह भी है कि चीन की विदेश नीति अधिक निजीकृत हो गई है और शी की अपनी राजनयिक व्यस्तताएं इसकी दिशा के बारे में संभावित रूप से महत्वपूर्ण सुराग प्रदान करती हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था स्पष्ट रूप से परिवर्तन में है और इस



परिवर्तन का एक प्रमुख चालक चीन रहा है। दो अप्रैल 2024 को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ फोन पर 100 मिनट से अधिक समय बातचीत

**अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था स्पष्ट रूप से परिवर्तन में है और इस परिवर्तन का एक प्रमुख चालक चीन है**

के बाद, शी ने जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज की एक आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए मेजबानी की।

शी और शोल्ज के बीच बैठक का चीन का विवरण कुछ दिलचस्प अंतर्दृष्टि प्रदान करता है कि चीन कैसे एक ऐसे देश के साथ अपने संबंधों की परिकल्पना करता है जो रणनीतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है, लेकिन सैन्य दृष्टि से प्रतिद्वंद्वी नहीं है। शी ने बढ़ते जोखिमों और चुनौतियों तथा अधिक स्थिरता और निश्चितता हासिल करने के लिए प्रमुख-देश सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। चीन न केवल चाहता है कि जर्मन कंपनियां निवेश करें, बल्कि वह यह भी चाहता है कि व्यापार दंडात्मक शुल्क के खतरे या व्यावसायिक संबंधों को प्रतिबंधित करने के खतरों के बिना जारी रहे।

## बसपा ने हिमाचल प्रदेश के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**हमीरपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने रविवार को हिमाचल प्रदेश की सभी चार लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। बसपा की राज्य इकाई के प्रमुख नारायण आजाद ने कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस दोनों के अनुसूचित जाति विरोधी रुख को उजागर करेगी और गरीबों व अनुसूचित जाति और जनजातियों को न्याय दिलाने के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि शिमला (आरक्षित) सीट से अनिल कुमार, हमीरपुर सीट से हेमराज, रेखा रानी कांगड़ा से और मंडी सीट से प्रकाश चंद भारद्वाज चुनाव लड़ेंगे। हाल ही में ऊना में पार्टी नेताओं की एक बैठक हुई थी, जहां उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई और अंतिम मुहर के लिए पार्टी आलाकमान को भेजा गया।

## अमृतसर में गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के बाबा बकाला इलाके के बुल्ले नांगल गांव में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी 23-वर्षीया गर्भवती पत्नी को बिस्तर से बांधकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सुखदेव सिंह ने अपनी पत्नी से झगड़े के बाद उसे जलाकर मार डाला। उसने बताया कि सुखदेव ने अपनी पत्नी पिंकी को बिस्तर से बांध दिया और आग लगा दी। पिंकी छह महीने की गर्भवती थी और उसे जुड़वा संतान होने की उम्मीद थी। गांव के सरपंच ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी, लेकिन जब तक पुलिस पीड़िता के घर तक पहुंचती तब तक उसकी जलने से मौत हो चुकी थी।

# भाजपा ने राजस्थान में वापस ली जनसमर्थक योजनाएं, कांग्रेस ने की आलोचना

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने रविवार को कहा कि राजस्थान में उसकी पिछली सरकार ने राज्य के हजारों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सार्थक सुधार के लिए कई दूरदर्शी कानून पारित किए थे और पूछा कि मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार जनसमर्थक योजनाओं को वापस क्यों ले रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने जालौर और बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से पहले उनसे यह सवाल किया। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पूछा, भाजपा सरकार कांग्रेस की जनसमर्थक योजनाओं को वापस क्यों ले रही है? क्या प्रधानमंत्री राजस्थान के ग्रामीण समुदायों के बजाय अपने व्यवसायी मित्रों को प्राथमिकता देते हैं? ईआरसीपी को अभी तक राष्ट्रीय परियोजना क्यों नहीं नामित किया गया है।

रमेश ने कहा कि जब कांग्रेस राजस्थान में सत्ता में थी तो उसने कई दूरदर्शी कानून पारित किए थे, जिससे राज्य में हजारों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सार्थक सुधार होगा। उन्होंने कहा, राजस्थान न्यूनतम गारंटी आय अधिनियम, मनरेगा (ग्रामीण) के लिए स्वीकृत 100 दिनों के अलावा 25 अतिरिक्त दिन जोड़ना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना अधिनियम जो शहरी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, राजस्थान प्लेटफार्म आधारित गिग वर्कर्स (पंजीकरण और कल्याण अधिनियम) तथा स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम जो सार्वभौमिक



### ईआरसीपी इतने लंबे समय से क्यों लटकी हुई है

**कांग्रेस** महासचिव ने यह भी पूछा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) इतने लंबे समय से क्यों लटकी हुई है? कांग्रेस नेता ने कहा, राजस्थान के गांव अपनी बुनियादी पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और महिलाओं को पानी लाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि 7 जुलाई, 2018 और 6 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के लोगों से वादा किया था कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने पर केंद्र को खर्च का 90 प्रतिशत हिस्सा वहना करना पड़ता। रमेश ने कहा कि वर्ष 2018 में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने छह बार प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपना वादा पूरा करने का अनुरोध किया ताकि यह आवश्यक बुनियादी ढांचा परियोजना शुरू हो सके।

स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करता है, इन सभी योजनाओं ने कमजोर आबादी को महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान की। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, इन कानूनों को लागू करने के बजाय हम दिसंबर 2023 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से शासन का पतन देख रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राजस्थान में कम से कम 15.5 लाख पेंशनभोगियों को सत्यापन मुद्दों के कारण इस साल जनवरी से उनकी पेंशन नहीं मिली है। रमेश ने कहा कि सरकार ने कांग्रेस की चिरंजीवी योजना के तहत स्वास्थ्य कवरेज को 25 लाख रुपए से घटाकर भाजपा के आयुष्मान भारत के तहत सिर्फ पांच लाख रुपए करने का प्रयास किया। उन्होंने पूछा, अपने प्रतिशोध के कारण भाजपा सरकार कांग्रेस की जनसमर्थक योजनाओं को वापस क्यों ले रही है? क्या प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण में राजस्थान में कमजोर आबादी के लिए कोई सुरक्षा शामिल है?

कांग्रेस नेता ने आगे दावा किया कि भाजपा द्वारा 2023 में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) में एक विवादास्पद संशोधन पारित करने के बाद राजस्थान के ओरण खतरे में हैं। उन्होंने कहा, ओरण सामुदायिक वन हैं, जो राजस्थान में सामुदायिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। परंपरागत रूप से पवित्र माने जाने वाले इन वनों को ग्रामीण समुदायों द्वारा संरक्षित और प्रबंधित किया जाता है और पशुओं को चराने से लेकर सामाजिक कार्यक्रमों और त्योहारों की मेजबानी तक हर चीज के लिए इनका उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि पुराने एफसीए के तहत कोई भी भूमि जो जंगल की शब्दकोश की परिभाषा को पूरा करती है, उसे अधिनियम के दायरे में शामिल किया गया था, लेकिन संशोधित एफसीए का उद्देश्य इस बहुप्रचारित परिभाषा को रद्द करना है।

रमेश ने कहा कि अब यह केवल उन वनों पर लागू होगा जिन्हें वन के रूप में घोषित या अधिसूचित किया गया हो और जो 25 अक्टूबर 1980 को या उसके बाद सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हैं। उन्होंने कहा, ओरण को पहले अधिनियम के तहत संरक्षित किया गया था, लेकिन संशोधित कानून उन पर लागू नहीं होता है।

लेकिन अब उनके विनाश का खतरा है क्योंकि राजस्व रिकॉर्ड ने उन्हें बंजर भूमि के रूप में चिह्नित किया है, जिसे आसानी से विकास परियोजनाओं के लिए इस्तेमाल किया जाता है। रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के वादों के बावजूद भाजपा ने न केवल राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने से इनकार कर दिया, बल्कि कांग्रेस के पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के किसी भी पत्र का जवाब नहीं दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सोनिया पर कसा तंज, वे राजस्थान से राज्यसभा में आएं

**एजेंसी।** जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा सदस्य बनने पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग चुनाव नहीं जीत सकते वे मैदान से भागकर राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। प्रधानमंत्री ने भीनमाल (जालोर) में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उसके इन्हीं पापों की सजा आज देश पार्टी को दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीट जीतीं थीं, आज वह 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। मोदी ने कहा, जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते, चुनाव जीत नहीं सकते। वे मैदान से भाग कर इस बार राजस्थान से राज्यसभा में आए हैं। कांग्रेस की इतनी हालत खराब है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी फरवरी में राजस्थान से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने वाले सांसदों में शामिल हैं। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कई दिग्गजों को मैदान में नहीं उतारा गया हालांकि पार्टी ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि वे चुनाव लड़ने से कतरा रहे थे। राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ए जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

मोदी ने कहा, (तब) हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे। उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या? आप मुझे बताइए अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या? आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है।

मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिए तरसाया है। उन्होंने कहा, इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा आज देश कांग्रेस को दे रहा है और खासकर के देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर कटाक्ष करते हुए कहा, इन्होंने अवसरवादी इंडी एलायंस बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ए गठबंधन वाले ही आपस में ही लड़ रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में देश की 25 प्रतिशत सीट ऐसी हैं, जहां ये गठबंधन के लोग एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं।



### भजनलाल सरकार कर रही कांग्रेस के घोटाले की जांच

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, अब हमारी भजनलाल सरकार आई है, वो घोटाले की जांच भी कर रही, अगर यहां कांग्रेस सरकार ना होता तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है। उन्होंने कहा, अभी हमें राजस्थान के विकास को, देश के विकास को नई बुलंदी देनी है। ये संकल्प लेकर मैं चल पड़ा हूं। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है। विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाना है। राजस्थान में लोकसभा की 25 सीट हैं। पहले चरण में 12 सीट पर मतदान 19 अप्रैल को हुआ था और बाकी बची 13 सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

## 'क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी'

**एजेंसी।** भोपाल



**दूरदर्शन** न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी। यादव ने एक बयान में कहा कि वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। सार्वजनिक प्रसारक दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है।

विपक्षी दलों के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए यादव ने कहा, कांग्रेस क्या चाहती है? वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा हमारे त्याग और वैराग्य का प्रतीक है। अब अगर भगवा का इतना ही विरोध है तो क्या कांग्रेस अपने झंडे से यह रंग हटाने की हिम्मत करेगी? उन्होंने विपक्षी दलों पर संपूर्ण सनातन और हिंदू संस्कृति का अपमान करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगो के रंग में बदलाव को लेकर कांग्रेस और वामपंथियों के बयानों से हंसी आती है और गुस्सा भी आता है। विपक्षी दलों ने लोगो के रंग में बदलाव किए जाने की आलोचना की है।

## नेहा हिरेमथ की हत्या के विरोध में मुस्लिम संगठनों ने 22 अप्रैल को बंद की घोषणा की

**भाजपा ने इस घटना को लेकर कांग्रेस सरकार पर असामाजिक तत्वों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया है**

**एजेंसी।** धारवाड़

**कर्नाटक** के हुबली में मुस्लिम संगठनों ने कॉलेज छात्रा नेहा हिरेमथ की हत्या की निंदा करते हुए यहां सोमवार को बंद (हड़ताल) का आह्वान किया है। धारवाड़ स्थित अंजुमन-ए-इस्लाम के अध्यक्ष इस्माइल तमतगार ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के सभी व्यवसाई दिवंगत आत्मा के प्रति संवेदना व्यक्त करने और इस क्रूर घटना का विरोध करने के लिए कल सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक बंद रखेंगे। इस्माइल तमतगार ने कहा, कल हम बंद रखेंगे। मृत्यु पर शोक व्यक्त करने और परिवार के साथ अपनी एकजुटता दिखाने के लिए चिकन की दुकानें, गैरेज वर्कशॉप, फल विक्रेता, बैंक, संस्थान बंद रहेंगे। हम अपनी दुकानों पर जस्टिस फॉर नेहा का स्टिकर लगाएंगे। उन्होंने बताया कि एक रैली भी निकाली जाएगी।

उन्होंने कहा, विरोध का मकसद यह संदेश देना है कि किसी भी बच्ची के साथ ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। हम इस घटना की निंदा करते हैं। एक चौंकाने वाली घटना में, हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की बृहस्पतिवार को बीवीबी कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी फैयाज खोंडुनाइक मौके से फरार हो गया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पहले उसका सहपाठी रह चुका था। इस घटना को लेकर हुबली, धारवाड़ और कई अन्य स्थानों पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने इस घटना को लेकर कांग्रेस सरकार पर असामाजिक तत्वों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया है, जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इसे व्यक्तिगत शत्रुता का मामला करार दिया है।

## राजौरी में आतंकी ठिकाने से आठ आईईडी दो वायरलेस सेट जब्त

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में सुरक्षाबलों ने रविवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ कर वहां से आठ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), दो वायरलेस सेट और कुछ गोला-बारूद बरामद किया।

अधिकारियों के मुताबिक बरामद की गई विस्फोट सामग्री काफी जंग लगी हुई हालत में थी, जिससे पता चलता है कि दो दशक पहले आतंकवाद से मुक्त होने से पहले जब जिले में आतंकवादी सक्रिय थे तब इस ठिकाने का उपयोग किया जा रहा था। सेना की सहायता से पुलिस ने राजौरी शहर से 30 किलोमीटर दूर थन्नामंडी इलाके के अजमताबाद गांव में तलाशी अभियान चलाया और ठिकाने का पता लगाया।

## 'कोई भी प. बंगाल में सीएए को लागू होने से नहीं रोक सकता'

**एजेंसी।** मालदा



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भाजपा अपने वादों को पूरा करती है, इसलिए कोई भी पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू होने से नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं है बल्कि धार्मिक आधार पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से विस्थापित लोगों को भारतीय नागरिकता देने का कानून है। मालदा उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार खगेन मुर्मू के समर्थन में यहां एक रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस या वामपंथी दल चुनाव के दौरान कई वादे करते हैं, जो पूरे नहीं होते हैं, लेकिन भाजपा अपने वादों को पूरा करती है।

उन्होंने कहा कि शेष भारत के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में भी सीएए को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता। सिंह ने कहा, ममता दीदी (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) कहती हैं कि वह अपने राज्य में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। वह पश्चिम बंगाल के लोगों को धोखा देने की कोशिश क्यों कर रही हैं। सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भारत के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाता है।

## अब्दुल्ला ने पीडीपी पर जम्मू में भाजपा को लाभ पहुंचाने का लगाया आरोप

### इंडिया गठबंधन में शामिल हुए थे दोनों दल, लेकिन सीट बंटवारे पर नहीं बन सकी सहमति

**एजेंसी।** श्रीनगर

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने रविवार को महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर जम्मू कश्मीर में इंडिया गठबंधन के खिलाफ चुनाव लड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद, पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल हुए थे, लेकिन उनके बीच सीट बंटवारे का समझौता नहीं हो सका। अब्दुल्ला ने कहा, ये वे (पीडीपी) हैं जो स्वार्थी हैं। उन्होंने इस (अनंतनाग-राजौरी) सीट को पाने के एकमात्र उद्देश्य से इंडिया ब्लॉक के साथ गठबंधन किया था।

अब्दुल्ला ने महबूबा मुफ्ती के पैतृक स्थान अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में एक चुनावी रैली में कहा, इंडिया गठबंधन भाजपा से लड़ रहा है और इंडिया गठबंधन यहां इस



मंच पर है। जो लोग इस मंच पर नहीं हैं वे भाजपा को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सच्चाई है। उन्होंने कहा कि गठबंधन बनाने का उद्देश्य सांप्रदायिक ताकतों विशेषकर भाजपा का मुकाबला करना था। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर में भी हम इसी उद्देश्य के साथ इंडिया गठबंधन में शामिल हुए। उद्देश्य सीट या स्वयं का लाभ नहीं था। हम जम्मू कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के हितों को देख रहे थे।

अब्दुल्ला ने कहा, दुर्भाग्य से, विशेष रूप से इस लोकसभा क्षेत्र में, हमारा मुकाबला इंडिया गठबंधन के एक अन्य सदस्य से है। अब हम पर स्वार्थी होने का आरोप लगाया जा रहा है। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती हर दिन अपने भाषण में यह कहती हैं कि नेशनल कान्फ्रेंस स्वार्थी तरीके से काम कर रही है। एक मिनट के लिए, मान लेते हैं कि हम स्वार्थी हैं। क्या कांग्रेस भी स्वार्थी है? उन्होंने सवाल किया, यदि नेशनल कान्फ्रेंस का चिह्न है, तो कांग्रेस का भी है। नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस दोनों के नेता एक साथ प्रचार कर रहे हैं। एम वाई तारिगामी ने भी मियां अल्ताफ अहमद (नेशनल कान्फ्रेंस उम्मीदवार) को समर्थन दिया है। क्या तारिगामी भी स्वार्थी हैं?

अब्दुल्ला ने कहा कि यदि नेशनल कॉन्फ्रेंस स्वार्थी होती तो उसने करगिल में एक उम्मीदवार खड़ा किया होता, जहां उसके पास लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (एलएएचडीसी) में बहुमत है। इससे पहले पुलवामा में एक जनसभा में अब्दुल्ला ने लोगों से आग्रह किया कि यदि वे जम्मू कश्मीर की पहचान की रक्षा करना चाहते हैं तो वे नेशनल कान्फ्रेंस उम्मीदवार आगा रूहुल्लाह को वोट दें। उन्होंने कहा, हमारी नौकरियां खतरे में हैं, हमारी पहचान खतरे में है। यदि हमें ये सब बचाना है तो यहां से केवल एक ही उम्मीदवार को जीतना चाहिए और वह हैं आगा रूहुल्लाह।

पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि लोकसभा चुनाव जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल है, जो इस साल के अंत में होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आपको इस बारे में भी सोचना होगा कि ये चुनाव एक सेमीफाइनल है। उन्होंने कहा, इसके बाद इंशाअल्लाह, फाइनल भी आएगा। यदि सितंबर में विधानसभा चुनाव होते हैं, तो (गुलाम) मोहिउद्दीन मीर आपके उम्मीदवार होंगे। अगर आप चाहते हैं कि उन्हें फिर से आपका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले, तो आपको इसके लिए नींव रखनी होगी 13 मई को। आगा रूहुल्लाह के लिए आपका वोट मोहिउद्दीन मीर के विधानसभा चुनाव के लिए वोट होगा।

## प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

### एक व्यक्ति की मौत, सात लोग लापता

**एजेंसी।** तोक्यो

**जापानी** नौसेना के दो हेलीकॉप्टर के तोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग अभी लापता है। देश के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि शनिवार रात प्रशिक्षण के दौरान दोनों हेलीकॉप्टर एक दूसरे से टकरा गए। इन हेलीकॉप्टर में चालक दल के आठ सदस्य थे।

रक्षा मंत्री मिनोरू किहारा ने संवाददाताओं को बताया कि समुद्री आत्मरक्षा बल (एमएसडीएफ) के दो एसएच-60के हेलीकॉप्टर में चालक दल के चार-चार सदस्य सवार थे और शनिवार देर रात तोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनसे संपर्क टूट गया। किहारा ने बताया कि इस हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है लेकिन दोनों हेलीकॉप्टर संभवत: आपस में टकराने के बाद पानी में गिरे।

उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर, प्रत्एक हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टर के टुकड़े बरामद किए हैं, जो संकेत देते हैं कि दोनों एसएच-60के एक-दूसरे के करीब उड़ रहे थे।



अधिकारी यह पता लगाने के लिए उड़ान संबंधी डेटा का विश्लेषण करेंगे कि दुर्घटना का कारण क्या था। एमएसडीएफ ने चालक दल के लापता सदस्यों की तलाश और बचाव के लिए आठ युद्धपोत और पांच विमान तैनात किए। सिकोरस्की द्वारा विकसित और सीहॉक्स के नाम से जाने जाने वाले इन हेलीकॉप्टर में दोहरे इंजन थे। इनमें मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज ने बदलाव किया था और इनका निर्माण किया था।

# 'अल्पसंख्यकों-किसानों और दलितों की हितैषी है बसपा'

## मायावती ने गाजियाबाद में नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन की जनसभा, बसपा प्रमुख ने कांग्रेस और केंद्र पर साधा निशाना

पीएनएस। गाजियाबाद/अमरोहा


गाजियाबाद में बसपा प्रत्याशी को समर्थन देने पहुंची पूर्व मुख्यमंत्री मायावती।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। उन्होंने कहा कि बसपा हमेशा अल्पसंख्यकों, किसानों, गरीबों और दलितों की हितैषी रही है

बसपा प्रमुख ने रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन और गाजियाबाद में नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित किया। बसपा प्रमुख ने अमरोहा में भाजपा पर मुसलमानों के उत्पीड़न और गाजियाबाद में पश्चिमी उप्र में क्षत्रियों को टिकट न देकर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया। मायावती ने कांग्रेस, भाजपा और इनके अन्य सभी सहयोगी दलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, आजादी के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता ज्यादातर कांग्रेस के हाथों में रहीं, लेकिन अधिकांश मामलों में गलत नीतियों के कारण उसे केंद्र तथा राज्यों की सत्ता से बाहर होना पड़ा।

भाजपा पर कांग्रेस की राह पर चलने का आरोप लगाते हुए बसपा प्रमुख ने कहा, पिछले कई वर्षों से भाजपा और उनके सहयोगी दल केंद्र तथा राज्यों की सत्ता में काबिज हैं लेकिन इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक, द्वेष पूर्ण नीतियों, कार्यप्रणाली और इनकी कथनी तथा करनी में अंतर होने के कारण लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली।

उन्होंने कहा, बशर्ते अगर चुनाव इस बार स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए और ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई। मायावती ने कहा, वैसे भी इस बार चुनाव में इनकी (भाजपा) पुरानी और नई नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी आदि काम नहीं आने वाले क्योंकि अब देश की जनता इन्हें समझ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया, इनकी (भाजपा) पार्टी ने देश के गरीब, कमजोर तबकों व अन्य मेहनतकश लोग जिनसे उन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वादे किए, उसका एक चौथाई कार्य नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, इनका ज्यादातर समय और ताकत बड़े पूंजीपतियों को धनवान बनाने और उन्हें छूट देने तथा बचाने में लगा।

मायावती ने दावा किया कि अब ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा ने केंद्र की अधिकांश जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। गाजियाबाद में बसपा उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में आयोजित जनसभा में मायावती ने भाजपा पर पश्चिमी उप्र में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिमी उप्र में उच्च जाति के लोग काफी तादाद में रहते हैं लेकिन दुख की बात यह है कि भाजपा व अन्य पार्टियां, जो अपने को क्षत्रिय समाज की हिमायती समझती है, उन्होंने इस चुनाव में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है।मायावती ने कहा कि बसपा ने पश्चिमी उप्र में अन्य समाज के साथ ही क्षत्रिय समाज को पूरा पूरा आदर सम्मान दिया है और टिकट बंटवारे में उनको उचित भागीदारी दी है। गाजियाबाद के मौजूदा सांसद व केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह को टिकट न देकर भाजपा ने उप्र सरकार के पूर्व मंत्री अतुल गर्ग को टिकट दिया है। सिंह, क्षत्रिय समाज से आते हैं। मायावती ने अमरोहा से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं 2019 में बसपा के टिकट पर जीते दानिश अली का नाम लिए बिना कहा, 2019 में बसपा ने अमरोहा सीट से जिसे टिकट दिया, आप लोगों ने उसे जिताकर भेजा। उस व्यक्ति ने सांसद बनने के बाद न ही पार्टी और न ही क्षेत्र की जनता का मान-सम्मान का ध्यान रखा। उन्होंने जनता और पार्टी के साथ विश्वासघात किया। बसपा के टिकट पर अमरोहा से जीतने वाले दानिश अली को इस साल जनवरी में पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अली बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए और कांग्रेस पार्टी के टिकट पर अमरोहा से चुनाव लड़ रहे हैं। मायावती ने कहा, हमने मजबूरी में उनके स्थान पर दूसरे व्यक्ति को टिकट दिया है। बसपा प्रमुख ने कहा, मुस्लिम समाज के एक व्यक्ति ने विश्वासघात किया।

## संक्षिप्त समाचार


छह अन्तर्राज्यीय चोर थाना फेस-3 नोएडा पुलिस की गिरफ्त में


### श्रीराम कथा में पहले दिन उमड़े श्रद्धालु

नोएडा। सलारपुर में अनूठी रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेष तौर पर 21 कुंडीय यज्ञ के लिए मंडप बनाया गया है जो बेहद आकर्षित है। नोएडा में हो रही इस रामकथा में बड़ी संख्या में रामभक्त तथा साधु-संत पहुंच रहे हैं। आपको बता दें कि नोएडा के सलारपुर स्थित शिव मंदिर मेट्रो स्टेशन 81 के पास इन दिनों 21 कुंडीय श्री राम महायज्ञ एवं राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें संत समागम के लिए, जगद्गुरु महामंडलेश्वर द्वाराचार्य पीठाधीश्वर महंत आदि सैकड़ो धर्मगुरु पहुंच रहे हैं।

### नाइजीरियाई युवक को पीटा, मामला दर्ज

नोएडा। नाइजीरियाई युवक के साथ मारपीट की गई है। यह पूरा मामला रबूपुरा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक नाइजीरियाई युवक को ललित और प्रमोद नामक दो लोगों ने एक फ्लैट दिलवाया था। फ्लैट दिलवाने के नाम पर कमीशन तय किया गया था, लेकिन फ्लैट लेने के बाद नाइजीरियाई व्यक्ति ने कमीशन नहीं दिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई। बताया जा रहा है कि रबूपुरा थाने क्षेत्र में स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी में ललित और प्रमोद नामक दो लोगों ने नाइजीरियाई युवक खलीफा को फ्लैट किराए पर दिलवाया था।

### कारगर साबित हो रही रोबोटिक सर्जरी



नोएडा। यूरोलॉजी कैंसर के मामलें बढ़ रहे हैं। जागरुकता के अभाव में बदलती जीवन शैली के साथ ही मोटापा और व्यायाम के आभाव में यूरोलॉजी कैन्सर के मामलों में इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य से संबंधित एक कार्यक्रम के दौरान बीएलके-मैक्स अस्पताल के यूरोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ वाई पी सिंह राणा ने बताया कि अगर शुरुआती दौर में जांच व इलाज करवा जाए तो रोगी को तुरंत आराम मिल जाता है और बड़ी बीमारी होने से बचा जा सकता है। राणा ने कहा कि रोबोटिक विधि से प्रोस्टेट कैंसर,किडनी में गांठ को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। डॉ राणा ने बताया कि जिनको मधुमेह और उच्च रक्तचाप के साथ यूरोलॉजी से संबंधित बीमारी है तो वो नियमित रूप से समय समय पर जांच और इलाज कराये। प्रोस्टेट कैंसर समान्य या पीएसए जांच से पता चल सकता है।

# मतदाता सूची में नाम होने पर ही कर सकेंगे मतदान

### वोटर पहचान पत्र नहीं होने पर अन्य आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बैंक पासबुक आदि दिखाकर डाल सकेंगे वोट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

26 अप्रैल को गौतमबुद्धनगर में दूसरे चरण में मतदान होने जा रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर डीएम ने कहा कि मतदाता केवल तभी वोट डाल सकेंगे जब उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होगा।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची अब फाइनल हो चुकी है और इसमें न तो नाम जोड़ा जा सकता है और न ही कोई नाम काटा जा सकता है। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची में है लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बैंक पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज या सरकारी संस्थान द्वारा जारी किसी फोटोयुक्त पहचान पत्र से अपनी पहचान सिद्ध कर मतदान कर सकता है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप के जरिए भी डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा वेबसाइट पर जाकर भी मतदाता अपना नाम और पोलिंग स्टेशन चेक कर सकते हैं। वोटर पोर्टल पर रजिस्टर होकर भी मतदाता डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपना नाम और पोलिंग स्टेशन जरूर चेक कर लें ताकि मतदान प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।


सूरजपुर में गश्त करती पुलिस फोर्स।

## गाजियाबाद में भाजपा को जाट समाज से लगेगा झटका

गाजियाबाद। गाजियाबाद में जाट समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों की एक पंचायत रविवार को इंदिरापुरम स्थित रॉयल पार्क में हुई। इस पंचायत में जिलेभर के जाट समाज के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विचार विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि जो लोकसभा का उम्मीदवार जाट समाज की मांगों के साथ मुद्दों पर सहमति देगा। इसके अलावा संसद में उठाएगा, उसको ही जाट समाज अपना पूर्णरूप से समर्थन देगा। बैठक में प्रमुख वक्ताओं ने जाट आरक्षण, किसान आंदोलन, पहलवानों का विरोध प्रदर्शन और अग्निवीर जैसे ज्वलंत मुद्दों को रखा। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने जाट समाज और किसानों को हमेशा छलने का काम किया। दमनकारी नीतियां अपनाकर किसान और खासकर जाट समाज को गर्त में डुबोने का काम किया किया।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारी पुलिस फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 की शांतिपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोएडा पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान क्षेत्र में पैदल मार्च किया गया और संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। भारी पुलिस बाद सड़कों पर लगाया गया है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस की मीडिया सेल ने बताया कि नोएडा के डीसीपी के पर्यवेक्षण में आज एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने थाना सेक्टर-113 और सेक्टर-49 क्षेत्र में विशेष पुलिस अभियान चलाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक, पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने क्षेत्र में पैदल मार्च किया। मार्च के दौरान संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों की गहन जांच की गई। पुलिसकर्मियों द्वारा क्षेत्रवासियों को भी जागरूक किया गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता बरतने और चुनाव से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया। वहीं, पुलिस प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि को पुलिस से साझा करें। उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की है।

## रंगदारी न देने पर प्राधिकरण के कर्मचारी ने रेहड़ी वाले को पीटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में रेहड़ी पर गन्ने का रस बेचने वाले को रंगदारी न देना भारी पड़ गया। खुद को नोएडा प्राधिकरण का कर्मी बताने वाले आरोपी ने 10-12 लोगों के साथ मिलकर रेहड़ी संचालक पर पेचकस और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित गंभीर रुप से घायल हो गया।

पीड़ित युवक की बहन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। नोएडा शहर के सेक्टर-113 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-122 मार्केट में रेहड़ी पर गन्ने का रस बेचने वाले युवक को रंगारी नहीं देने पर नोएडा प्राधिकरण में तैनात आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर हमला करके घायल कर दिया।

परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने घटना के कई दिनों बाद मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। क्षमा रानी ने सेक्टर-113 कोतवाली में दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि उनका भाई नितिन शर्मा पर्थला खंजरपुर में पुश्ता रोड पर रहता है।

# एप से डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड करें

### मतदाताओं को व्यापक स्तर पर किया जा रहा जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह व सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए मतदाताओं को व्यापक स्तर पर जागरूक किया जा रहा है ताकि सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में ब ?-च ?कर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुये योग्य प्रत्याशी का चयन करें। जिला स्वीप टीम द्वारा गौर अतुल्यम, ओमिक्रोन वन, आदर्श विहार सेक्टर चाई-4 ग्रेटर नोएडा सोसाइटी, महादेव अपार्टमेंट नोएडा सेक्टर-73, विधान सभा दादरी, कुमारी मायावती स्नातकोत्तर कॉलेज में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ, मतदाता जागरूकता स्टीकर आदि कार्यक्रम के द्वारा जनसामान्य को 26 अप्रैल 2024 मतदान दिवस पर वोट डालने की अपील की गयी। जिला स्वीप कोर्डिनेटर द्वारा मतदाताओं को जागरूक करते हुये बताया गया कि वोटर लिस्ट में नाम होने पर ही मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। यदि वोटर लिस्ट में नाम नहीं है तो मतदाता मतदान के दिन वोट नहीं डाल सकेंगे।

मतदाता सूची फाइनल हो चुकी है। मतदाता सूची से अब न ही कोई नाम काटा जाएगा और न ही कोई नाम जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में है, परंतु उनके पास पहचान पत्र नहीं है, तो ऐसे मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी डिजिटल वोटर आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं या ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए एए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

# राजधानी में दिखा अयोध्या जैसा माहौल

### स्टेडियम में हनुमान चालीसा का पाठ किया और भगवा झंडा लहराया

### भजन गायक हंसराज रघुवंशी के भजनों से वातावरण हुआ भक्तिमय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में प्रदेश भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ ने हिन्दू नव वर्ष मनाया। फोटो: रंजन डिमरी

राजधानी दिल्ली में खचाखच भरे इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में अयोध्या जैसा माहौल दिखा। चुनावी मौसम में प्रदेश भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ ने रविवार को हजारों लोगों के साथ हिन्दू नव वर्ष मनाया। स्टेडियम में बने मंच पर राजनेता और संत, महामंडलेश्वर एक साथ दिखे। लोगों ने यहां पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए भगवा झंडा लहराया। वहीं जानेमाने भजन गायक हंसराज रघुवंशी के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उनके हर भजन पर श्रोता जमकर झूमे और जब जब भगवा झंडा लहराया तो अलग ही समा बंधा।

संतजनों, महामंडलेश्वरों के सानिध्य में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा एवं मंदिर प्रकोष्ठ संयोजक करनैल सिंह, भजन गायिका अनुराधा पोड़वाल व कथावाचक संत सुधांशु ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री पियूष गोयल, उत्तराखंड के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने लोगों को संबोधित किया। पार्टी के सोशल मीडिया विभाग द्वारा श्री राम मंदिर लोकार्पण पर बनाई विशेष क्लिपस देखने के बाद पूरा स्टेडियम जय श्री राम के उदघोष से गूंजा उठा। पार्टी के सातों संसदीय प्रत्याशियों मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, बाँसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत, हर्ष मल्होत्रा, योगेंद्र चंदोलिया एवं प्रवीन खंडेलवाल ने कार्यक्रम में लोगों का अभिनंदन किया। कवयित्री अनामिका अंबर की प्रस्तुति एवं रामायण पर आधारित नृत्य नाटिकाओं ने लोगों का मन मोह।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इतने बड़े स्तर पर हिंदू नववर्ष मनाने के लिए दिल्ली भाजपा को बधाई दी और कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें ऐसे अवसर पर बुलाया गया है जहां इतने बड़े महानुभाव बैठे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी साधु संतों को सनातन संस्कृति का प्रहरी बताया और कहा कि यह हिंदू नव वर्ष समारोह कई मायनों में विशेष है कि इतने सारे विद्वानों का सानिध्य यहां पर प्राप्त हुआ है एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करके हम सबको आत्मिक शांति हुई है। धामी ने कहा कि भगवान राम का स्मरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हिंदू नव वर्ष हम सबको कुछ नया करने के लिए प्रेरित करता है।

पीयूष गोयल ने वीरेंद्र सचदेवा और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है क्योंकि आज मुंबई में महावीर जयंती का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया और दिल्ली में यह माहौल देखकर कह सकते हैं कि आज पूरा देश राममय हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के विकास के साथ भारत की संस्कृति, आस्था और धरोहर को बढ़ाने का काम किया है। यह गौरव की बात है कि देश अपने युग में प्रवेश कर चुका है जो विकसित भारत अब समृद्ध भारत बनने जा रहा है। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि स्टेडियम में साधु-संतों की गरीमामयी उपस्थिति और इतने महान मंडलेश्वरों की उपस्थिति के बाद हम कह सकते हैं कि हमें ईश्वर के साक्षात दर्शन हो गए हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आज संतों का समागम हुआ है और यह देखकर अब कहा जा सकता है कि जैसे केन्द्र में रामभक्त का शासन है वैसे ही दिल्ली में भी रामभक्त का शासन होना चाहिए। पिछले 10 वर्षों में हमने अपने राष्ट्र को बदलते देखा है। करनैल सिंह ने समारोह में आए सभी महामंडलेश्वर का स्वागत किया और कहा कि देश में सनातनियों को हम सिर्फ एक संदेश देने की कोशिश इस कार्यक्रम के माध्यम से कर रहे हैं कि जिस प्रकार से अन्य लोग अपनी संस्कृति को धूमधाम से मनाते हैं।

## पेपर रोल फैक्ट्री में लगी आग, करोड़ों का माल राख

गाजियाबाद। गाजियाबाद में थाना ट्रोनिका सिटी के औद्योगिक क्षेत्र में पेपर रोल बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार दोपहर करीब 2 बजे आग लग गई। आग कुछ ही देर में पूरी फैक्ट्री में फेल गई। सूचना पर दमकल की करीब एक दर्जन गाड़ियों मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है।

गनीमत रही कि रविवार होने के चलते फैक्ट्री बंद थी और सैकड़ों कर्मचारी छुट्टी पर थे, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन लोनी को थाना ट्रॉनिक का सिटी के औद्योगिक क्षेत्र में पेपर रोल की फैक्ट्री में आग की सूचना मिली।

फायर स्टेशन लोनी और आसपास के फायर स्टेशनों से एक दर्जन दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। इस दौरान फैक्ट्री पूरी तरह से बंद थी और अंदर धुआं निलकने की जगह नहीं मिल रही थी।

## गौतमबुद्ध नगर में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 7342 चालान काटे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने शहर में यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाया है। 20 अप्रैल को सहायक पुलिस आयुक्त यातायात प्रथम के निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सेक्टर 18, अट्टा और सेक्टर 62 के आसपास के क्षेत्रों में अनाधिकृत रूप से चलने वाले और सार्वजनिक मार्गों पर नो पार्किंग के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

कुल 14 वाहन टॉ किए गए और 22 वाहनों के खिलाफ सीज की कार्रवाई की गई। इस दौरान कई वाहन चालकों के खिलाफ विभिन्न यातायात उल्लंघनों जैसे बिना हेलमेट (4910), बिना सीट बेल्ट (243), तीन सवारी (109), मोबाइल फोन का प्रयोग (37), नो पार्किंग (762), विपरीत दिशा (378), ध्वनि प्रदूषण (41), वायु प्रदूषण (66), दोषपूर्ण नंबर प्लेट (133), रेड लाइट उल्लंघन (234) और बिना ड्राइविंग लाइसेंस (61) के लिए कुल 7342 ई-चालान किए गए।

वहीं, यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सेल ने लॉजिक्स सोसायटी सेक्टर 137 में महिला सशक्तिकरण इकाई के साथ मिलकर एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आमजन को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। मीडिया सेल ने बताया कि आगे भी यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि शहर में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# प्राचीन बाराही मेला आज से, दिखेगी संस्कृति की झलक

### सूरजपुर में पहलवान अपनी मल कला का करेंगे प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




सूरजपुर में भारतीय सभ्यता एंव संस्कृति को सजोए हुए ऐतिहासिक बाराही मेला-2024, नई उमंग के साथ सोमवार से शुरू होगा। प्राचीनकालीन बाराही मेला प्रांगण सूरजपुर पर एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी गई। बाराही मेला-2024 का आयोजन करने वाली शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी प्रधान ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सूरजपुर में वर्षो से लगता चला आ रहा प्राचीनकालीन ऐतिहासिक बाराही मेला इस बार फिर 22 से शुरू होकर 4 मई-2024 तक आयोजित किया जाएगा।

ग्रामीण जन जीवन पर आधरित दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे सबसे बडी खाट यानी चारपाई, हुक्का, पीढा, रई, आटा चक्की हाथ वाली, बैलगाडी आदि यहां की चौपाल पर खासा आकर्षण का केंद्र होंगी। इसके अलावा लोक गायन के कला रूप में रागनी और राजस्थानी लोक कला, गीत संगीत और नृत्य भी प्रस्तुति होगी। मेला समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मपाल भाटी ने बताया कि ऐतिहासिक बाराही मेले के अंतिम दिन 4 मई को 101 रुपये से लेकर 31000/- रुपये तक के दंगल में दूर दूर से आकर पहलवान अपनी मल्ल कला का प्रदर्शन करेंगे। यह दंगल प्रति वर्ष की भांति इस बार भी स्व. जयपाल भगती जी की स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा आयोजित किया जाएगा। शिव मंदिर मेला समिति के महामंत्री ओमवीर बैंसला ने बताया कि इस बार भी मेले में स्कूलों के बच्चों के द्वारा गीत संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और रागनियों की श्रंखला चलेगी। साथ ही मौत का कुआ, सर्कस,झूले, जादूगर शो, कठपुतली,नटकला आदि खेल तमाशे लोगों का मनोरंजन करेंगे। मंदिर मेला समिति के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल ने बताया कि बाराही मेले में आने वाले दर्शकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था पूर्व की भांति की गई है।

बाराही मेला समिति मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि इस बार लगने वाले बाराही मेला.-2024 की तैयारियां पूरे जोर शोर से शुरू कर दी है। पत्रकार वार्ता में इस मौके पर बाराही मेला समिति संरक्षक डॉ. धनीराम देवधर,चौ0 ब्रजपाल भाटी, महेंद्र सिंघल, चौ0 शाहमल, टेकचंद प्रधान, चौ0 राजू प्रधान, महेंद्र आर्य, सतवीर सिंह ठेकेदार, राजवीर भगत जी, बिजेंद्र सिंह आर्य, शिवदत्त आर्य, भूदेव शर्मा, कानूनी सलाहकार एडवोकेट दीपक भाटी, सतपाल एडवोकेट, सहव्यवस्थापक भीम खारी, गौरव नागर, राजपाल भडाना, अरविंद भाटी, मदन शर्मा, सचिन भाटी, भगत सिंह आर्य आदि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कन्नूर सीट पर कांग्रेस, माकपा में कड़ी टक्कर भाजपा नए युवा मतदाताओं को साधने में लगी

पायनियर समाचार सेवा। कन्नूर, केरल



**उत्तरी** केरल की कन्नूर लोकसभा सीट पर कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के बीच कड़ी टक्कर देखी जा रही है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के लिए नए युवा मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुस्लिम और ईसाई सहित 39 प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में समीकरण विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में अलग-अलग ही देखने को मिलता है। विधानसभा चुनाव में इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली अधिकांश विधानसभा सीटों पर मतदाताओं का झुकाव अमूमन माकपा- वाम लोकतान्त्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की ओर देखा जाता है, लेकिन लोकसभा चुनाव में यह झुकाव कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की ओर से चला जाता है।

अल्पसंख्यक मतदाताओं के मजबूत आधार के कारण यूडीएफ के लिए इस सीट पर जीत हासिल करना आसान रहता है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) भी यूडीएफ का प्रमुख घटक दल है। इरिक्कुर और पेरावूर जैसे क्षेत्रों में रबड़ किसान भी कांग्रेस के लिए एक मजबूत वोट बैंक रहे हैं। इन क्षेत्रों के किसान मुख्य रूप से ईसाई धर्म से ताल्लुक रखते हैं। इस सीट पर जीत को बरकरार रखने की उम्मीद में कांग्रेस ने इस बार भी यहां केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख के. सुधाकरन को मैदान में उतारा है। इस सीट पर अपनी उम्मीदवारी देखते हुए सुधाकरन ने हाल ही में अस्थाई रूप से संगठनात्मक जिम्मेदारी अपने पार्टी सहयोगी एम. एम हसन को सौंप दी थी। सुधाकरन इस बार चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी नेतृत्व का मानना था कि इस सीट से कांग्रेस की जीत को बरकरार रखने के लिए और कोई मजबूत स्थानीय उम्मीदवार नहीं है। मौजूदा सांसद सुधाकरन ने पय्यावूर के पास कंदाकसेरी में प्रचार अभियान के दौरान ने कहा, मुझे अपनी जीत पर भरोसा है और केवल अपने बहुमत के अंतर को बढ़ाने ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।

भाजपा और माकपा के बीच लड़ाई के दौरान भाजपा का समर्थन करने वाली अपनी टिप्पणियों से कई बार विवादों में आ चुके सुधाकरन ने दोहराया कि केरल में कांग्रेस की लड़ाई मुख्य रूप से वामपंथी पार्टी से है। सुधाकरन ने कहा, वे केरल में हमारे विरोधी नंबर एक हैं और भाजपा दूसरे नंबर पर है। केरल में भाजपा शक्तिहीन है और हमारी लड़ाई एलडीएफ के खिलाफ है, उनकी हिंसा की राजनीति के खिलाफ है।

वहीं, माकपा ने पार्टी के कन्नूर से जिला सचिव एम.वी जयराजन को मैदान में उतारा है। इरिक्कुर में चुनाव प्रचार के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों और फूलों के साथ जयराजन का स्वागत किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश जिस खतरे में है उसके प्रति सचेत रहें। वडकरा लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार के. के. शैलजा के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर दुष्प्रचार करने के आरोपों का जिक्र करते हुए जयराजन ने कहा, कांग्रेस के पास बोलने के लिए कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है और अब वह एलडीएफ उम्मीदवारों के खिलाफ मानहानि अभियान में लगी हुई है।

जयराजन ने पीटीआई-भाषा से कहा, एलडीएफ इस बार कन्नूर सीट पर जीत हासिल करने जा रहा है। कांग्रेस, भाजपा का समर्थन करने का रुख अपना रही है। वे प्रमुख मुद्दों के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं और केवल हारने के डर के कारण एलडीएफ उम्मीदवारों के खिलाफ मानहानि अभियान में शामिल हैं। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी.रघुनाथ ने कहा, हमारे पास लगभग 35 प्रतिशत नए पंजीकृत मतदाता हैं और हमारा ध्यान उन वोटों पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि माकपा और कांग्रेस नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में झूठ फैला रही हैं। रघुनाथ ने दावा किया, कई मुस्लिम भाई मेरे पास आए हैं और उन्होंने मुझे अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि इस बार कन्नूर से राजग की जीत होने जा रही है।

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो भाजपा आसानी से केंद्र की सत्ता में वापस नहीं आने वाली : मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। बसपा प्रमुख रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कांग्रेस, भाजपा और इनके अन्य सभी सहयोगी दलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, आजादी के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता ज्यादातर कांग्रेस के हाथों में रहीं, लेकिन अधिकांश मामलों में गलत नीतियों के कारण उसे केंद्र तथा राज्यों की सत्ता से बाहर होना पड़ा।

भाजपा पर कांग्रेस की राह पर चलने का आरोप लगाते हुए बसपा प्रमुख ने कहा, पिछले कई वर्षों से भाजपा और उनके सहयोगी दल केंद्र तथा राज्यों की सत्ता में काबिज हैं लेकिन इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक, द्वेषपूर्ण नीतियों, कार्यप्रणाली और इनकी कथनी तथा करनी में अंतर होने के कारण लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। उन्होंने कहा, बशर्ते अगर चुनाव इस बार स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए और ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई। मायावती ने कहा, वैसे भी इस बार चुनाव में इनकी (भाजपा) पुरानी और नई नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी आदि काम नहीं आने वाले, क्योंकि अब देश की जनता इन्हें समझ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया, इनकी पार्टी ने देश के गरीब, कमजोर तबकों व अन्य मेहनतकश लोग जिनसे उन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वादे किए, उसका एक चौथाई कार्य नहीं किया। भाजपा पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, इनका ज्यादातर समय और ताकत बड़े पूंजीपतियों, धन्नासेठों को धनवान बनाने और उन्हें छूट देने तथा बचाने में लगा। मायावती ने दावा किया कि अब ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा ने केंद्र की अधिकांश जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। उन्होंने अमरोहा से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं 2019 में बसपा के टिकट पर जीते दानिश अली का नाम लिए बिना कहा, 2019 में बसपा ने अमरोहा सीट से जिसे टिकट दिया, आप लोगों ने उसे जिताकर भेजा। उस व्यक्ति ने सांसद बनने के बाद न ही पार्टी और न ही क्षेत्र की जनता का मान-सम्मान का ध्यान रखा। उन्होंने जनता और पार्टी के साथ विश्वासघात किया। मायावती ने कहा, हमने मजबूरी में उसके स्थान पर दूसरे व्यक्ति को इस बार टिकट दिया है। बसपा प्रमुख ने कहा, मुस्लिम समाज के एक व्यक्ति ने विश्वाासघात किया, लेकिन हमने अमरोहा क्षेत्र के मुस्लिम समाज को सजा नहीं दी बल्कि हमने मुस्लिम समाज से चौधरी मुजाहिद हुसैन को टिकट दिया, जिनको जिताने में आप जी जान से लगे हैं। अमरोहा में वर्ष 2019 में बसपा से चुनाव जीते कुंवर दानिश अली को विपक्षी दलों के समूह इंडिया गठबंधन के सबसे प्रमुख घटक कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

# कांग्रेस घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है : योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। राजनांदगांव



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि वह घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है। योगी ने छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला (उनकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) के लिए 500 वर्षों का इंतजार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण समाप्त हुआ।

उन्होंने दावा किया, कांग्रेस घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है। जिस उम्र में युवाओं के हाथ में पुस्तक होनी चाहिए, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उनके हाथ में तमंचा पकड़ा दिया। उन्हें नक्सलवाद तथा उग्रवाद के नाम पर देश के खिलाफ उकसाया गया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लोगों ने पिछले 10 वर्षों में देश को बदलते देखा है। उन्होंने कहा, मोदी जी ने कहा है इस देश को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाना है। विकसित भारत बनाना है... आत्मनिर्भर भारत बनाना है जहां हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। बेटी हो या व्यापारी इन सब को सुरक्षा की पूरी गारंटी केवल भाजपा दे सकती है। केवल भाजपा आपकी आस्था का सम्मान कर सकती है। योगी ने सभा में आए लोगों से पूछा कि क्या कांग्रेस लोगों को मुफ्त राशन दे पाती, क्या वह राम मंदिर का निर्माण करा पाती, क्या नक्सलवाद की समस्या कम कर पाती, क्या वह बेटी और व्यापारियों को सुरक्षा दे पाती? भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, कांग्रेस समस्या का पर्याय है यह समस्या देती है। भारतीय जनता पार्टी समाधान का नाम है। उन्होंने इस दौरान भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडेय को वोट देने का अनुरोध किया। योगी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मैदान में उतारा है, जो राज्य में पूर्ववर्ती सरकार में कथित तौर पर कई घोटालों में शामिल रहे।

# पटनायक, पांडियन बीजद के स्टार प्रचारकों में शामिल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और नौकरशाह से नेता बने कार्तिक पांडियन पूर्वी राज्य में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के पहले दो चरणों के लिए बीजू जनता दल (बीजद) द्वारा जारी 40 स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। ओडिशा में 21 लोकसभा सीट और 147 विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए मतदान चार चरणों में 13, 20, 25 मई और एक जून को होगा। पटनायक दो विधानसभा सीट-गंजाम जिले के हिंजिली और बोलांगीर जिले के कांटाबांजी से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि पांडियन चुनाव मैदान में नहीं हैं। बीजद के संगठनात्मक सचिव प्रणब प्रकाश दास भी स्टार प्रचारकों में शामिल हैं। वह संबलपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ खड़े हैं।

# भाजपा अब राजनीतिक पार्टी नहीं रही, यह नरेंद्र मोदी को पूजने वाला पंथ बन गई है: चिदंबरम

पायनियर समाचार सेवा। तिरुवनंतपुरम



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। चिदंबरम ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी के 10 साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को बहाल करने की अपील की।

चिदंबरम ने कहा कि भले ही कांग्रेस के घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के सत्ता में आने पर इसे निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने यह उम्मीद भी जताई कि इंडिया गठबंधन तमिलनाडु की सभी 39 सीट और पुडुचेरी की एक सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, भाजपा ने 14 दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने इसे मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है।

यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। चिदंबरम ने दावा किया कि मोदी की गारंटी उन देशों की याद दिलाती है जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो गई है और इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा। चिदंबरम ने आरोप लगाया कि 10 साल के मोदी शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर नियंत्रण रहा है।

उन्होंने कहा, यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो वह संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में नौकरियां और धन पैदा करने की बात की गई है जिसके बारे में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी चुप है। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर संसद के पहले सत्र में सीएए को निरस्त कर दिया जाएगा।

# सूरत लोस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार कुम्भणी का नामांकन पत्र खारिज

पायनियर समाचार सेवा। सूरत

**सूरत** लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भणी का नामांकन पत्र रविवार को खारिज कर दिया गया। उनके तीन प्रस्तावकों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को हलफनामा सौंपते हुए कहा था कि नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अवैध करार दिया गया है जिससे गुजरात का मुख्य विपक्षी दल शहर में चुनावी मुकाबले से बाहर हो गया है। निर्वाचन अधिकारी सौरभ पारधी ने अपने आदेश में कहा कि कुम्भणी और पडसाला द्वारा सौंपे गए तीन नामांकन पत्रों को प्रस्तावकों के हस्ताक्षरों में प्रथम दृष्टया विसंगतियां पाए जाने के बाद खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ए हस्ताक्षर असली नहीं दिखते। पारधी ने आदेश में कहा कि अत: कुम्भणी के नामांकन पत्र को खारिज किया जाता है। आदेश में कहा गया कि प्रस्तावकों ने अपने हलफनामों में कहा है कि उन्होंने फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए कांग्रेस के वकील बाबू मंगुकिया ने कहा, नीलेश कुम्भणी और सुरेश पडसाला के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं।

# रामनवमी पर गैर भाजपा शासित राज्यों में हिंसा तुष्टीकरण की नीतियों का नतीजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में रामनवमी पर हुई हिंसा तुष्टीकरण की नीतियों का नतीजा है। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर जाने से पहले यहां अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर कहा, गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टीकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है।

पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने कहा, तुष्टिकरण के नाम पर वोट बैंक की राजनीति ने इस तरह के सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। यह चिंता का विषय है और देश की जनता के लिए संदेश है। योगी ने सवाल किया, जब ए लोग रामनवमी पर शांतिपूर्ण जुलूसों को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकते तो वे बहनों और बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने वोट के जरिए उन तथाकथित धर्मनिरपेक्ष लोगों और पार्टियों को संदेश दें जो हमारी भावनाओं से खेलते हैं। योगी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में जनता-जनार्दन से संवाद करने और उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर मुझे प्राप्त होगा।

# लोकसभा चुनाव के लिए 17 दिन तक रोड शो करेंगे चंद्रशेखर राव

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान के तहत 24 अप्रैल से 17 दिन तक रोड शो करेंगे। रोड शो कार्यक्रम 24 अप्रैल को हैदराबाद से लगभग 140 किलोमीटर दूर मिर्यालगुडा में शुरू होगा और 10 मई को सिद्दिपेट के जिला मुख्यालय शहर में समाप्त होगा। तेलंगाना की 17 लोकसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान होगा। बीआरएस द्वारा रविवार को जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार रोड शो भुवनगिरी, महबूबनगर आदि में किए जाएंगे।

# सीएए जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल राजनीतिक हथियार, खोदा पहाड़ निकला चूहा : सुष्मिता देव

पायनियर समाचार सेवा। सिलचर



**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) की वरिष्ठ नेता सुष्मिता देव ने दावा किया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) एक जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला राजनीतिक हथियार है जिसकी प्रभाव-शून्यता उजागर हो गई है। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि जब सीएए संसद में पारित हुआ तो बहुत से हिंदू उत्साहित थे, लेकिन अब यह खोदा पहाड़ निकला चूहा बन गया है क्योंकि लोगों से बांग्लादेश के स्कूल प्रमाणपत्र और पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा जा रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने चुनाव प्रचार के दौरान आरोप लगाया कि असम में सीएए विरोधी आंदोलन झूठ पर आधारित है और जिन लोगों ने इसका नेतृत्व किया, उन्हें लोगों को जवाब देना होगा। सिलचर सीट से पूर्व लोकसभा सदस्य देव ने कहा, कानून लाने के बाद भाजपा नीत केंद्र सरकार ने इसे एक निष्प्रभावी कानून के रूप में चार साल तक लटकाए रखा और अब उन्होंने इसे इसके नियमों और विनियमों के कारण (लोगों के लिए) लगभग असंभव विकल्प बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अद्यतन करने के दौरान हम बंगाली हिंदुओं को भारतीय स्कूल का प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज जमा करके यह साबित करना पड़ा कि हम भारतीय हैं, लेकिन सीएए में हमें बांग्लादेश के दस्तावेज जमा करने के लिए कहा जा रहा है। देव ने कहा, इसलिए सीएए बेनकाब हो गया है... यह एक अत्यधिक इस्तेमाल किया गया राजनीतिक उपकरण है जिसका कोई भविष्य नहीं है। 11 दिसंबर, 2019 को लागू होने के चार साल बाद 11 मार्च को सीएए नियमों को अधिसूचित किया गया था। यह कानून बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए पीड़ित हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए है। टीएमसी सांसद ने कहा कि चुनाव में महंगाई एक बड़ा मुद्दा है और लोग भय और अत्याचार की राजनीति से पूरी तरह तंग आ चुके हैं। उन्होंने दावा किया, आप सोशल मीडिया पर स्वतंत्र रूप से नहीं लिख सकते, आप सरकार के खिलाफ नहीं बोल सकते... गुस्सा और हताशा बढ़ रही है। जो सर्वेक्षण सामने आए हैं, उनके विपरीत मेरा मानना है कि देश के लोग मौजूदा शासन से खुश नहीं हैं और पूरे देश में मंथन चल रहा है। देव ने कहा कि भाजपा के लिए 400 सीट का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है क्योंकि भगवा पार्टी अपने ठहराव बिंदु पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि उनको नहीं लगता कि वे 200 का आंकड़ा पार कर पाएंगे।

# चंडीगढ़ से भाजपा के लोस उम्मीदवार टंडन को मोदी लहर के सहारे जीत की उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के चंडीगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार संजय टंडन ने कहा कि स्थानीय निवासी होना और मजबूत मोदी लहर उन्हें इस क्षेत्र में भारी जीत हासिल करने में मदद करेगी। टंडन ने पंजाब में लुधियाना और आनंदपुर साहिब से 2009 और 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ चुके कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी पर निशाना साधते हुए कहा, चंडीगढ़ को ऐसा व्यक्ति चाहिए जो उनमें से ही कोई हो और जो हर सुख-दुख में उनके साथ रहा हो। भाजपा चंडीगढ़ में तिवारी को बाहरी नेता बताती रही है जबकि कांग्रेस नेता ने पलटवार करते हुए कहा है कि उनकी जड़ें स्थानीय हैं।

चंडीगढ़ में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए एक जून को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल और जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक दिवंगत बलरामजी दास टंडन के पुत्र संजय टंडन (60) को निवर्तमान सांसद किरण खेर के स्थान पर उम्मीदवार बनाया गया है जबकि कांग्रेस ने चंडीगढ़ में चुनावी मुकाबले के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता तिवारी (58) को उतारा है। विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) का हिस्सा कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) इस बार गठबंधन में चंडीगढ़ से चुनाव लड़ रही हैं। टंडन ने कहा, यहां मोदी की मजबूत लहर है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा कार्यकर्ता प्रचार करते हुए लोगों के घरों में जाते हैं तो उनसे कहा जाता है, साड्डा वोट मोदी नू। उन्होंने कहा, हम बड़ी जीत की ओर बढ़ रहे हैं। टंडन ने दावा किया कि चंडीगढ़ के लोग उनके नामाकंन से उत्साहित हैं क्योंकि वह स्थानीय निवासी हैं और उनका लोगों से एक जुड़ाव है। उन्होंने हमारा संजय टंडन नाम से एक चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया है। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट टंडन ने कहा, मैं घर-घर तक जाऊंगा और यहां दिल से दिल का जुड़ाव होगा।

तिवारी के इस बयान पर कि उनका जन्म और लालन-पालन चंडीगढ़ में हुआ, भाजपा नेता ने कहा कि यह चंडीगढ़ के लोग तय करेंगे कि कौन स्थानीय निवासी है और कौन नहीं। टंडन ने यहां पीटीआई-भाषा से कहा, चंडीगढ़ को ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उनमें से एक हो। चंडीगढ़ को ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो उनके लिए उपलब्ध रहे। वह हिमाचल प्रदेश के लिए भाजपा के सह-प्रभारी भी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-आप गठबंधन केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में भाजपा के लिए कोई चुनौती पेश नहीं करता। उन्होंने कहा, राजनीति गणित पर नहीं चलती बल्कि समीकरण पर चलती है।

# रांची में इंडिया गठबंधन की रैली को संबोधित कर सकते हैं राहुल, लालू

पायनियर समाचार सेवा। रांची



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के विपक्षी गठबंधन इंडिया की ताकत का प्रदर्शन करने के लिए रविवार को रांची में उलगुलान न्याय रैली को संबोधित करने की संभावना है। प्रभात तारा मैदान में होने वाली इस रैली में कुल 14 राजनीतिक दल भाग लेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन, शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के दीपांकर भट्टाचार्य भी इस रैली को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आयोजित की जा रही इस रैली में पांच लाख से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है।

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने दावा किया कि इस रैली में केंद्र सरकार के तानाशाह रवैए का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह रैली राज्य के आदिवासियों और मूल निवासियों पर केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे अत्याचारों तथा उन्हें जल, जंगल और जमीन से दूर करने की साजिश का पर्दाफाश करेगी। भाजपा ने इस रैली को विशाल पारिवारिक मिलन समारोह बताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'आप हमेशा विराट पर निर्भर नहीं रह सकते'

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरूण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब आरसीबी के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें। कोहली इस आईपीएल में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर ओरेंज कैप लिए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 147.34 का है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 113 रन है। आरोन ने कहा, यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे। इस साल के शुरू में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 34 वर्षीय आरोन ने कहा, अगर आपको तालिका में शीर्ष के करीब या फिर इस तालिका के मध्य में पहुंचना है तो आपके पास ऐसे घरेलू खिलाड़ी होने चाहिए, जो दमदार प्रदर्शन करें क्योंकि आप हमेशा विराट कोहली पर निर्भर नहीं हो सकते।

### स्क्वाश: रमित टंडन ने क्रोयूइन को हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा। एलियास इस भारतीय के खिलाफ पिछली दो भिड़ंत में जीत हासिल कर चुके हैं।

### अजीतेश संधू ने पांच अंडर का कार्ड खेला

**रियाद।** अजीतेश संधू ने रविवार को यहां 10 लाख डॉलर पुरस्का राशि के सऊदी ओपन के अंतिम दिन पांच अंडर 66 का कार्ड खेला, जिससे वह भारतीय गोल्फरों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 14वें स्थान पर रहे। इसमें भाग ले रहे अन्य भारतीयों में शिव कपूर (67) संयुक्त 37वें और गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 49वें स्थान पर रहे।

# मुंबई इंडियंस की निगाहें राजस्थान रॉयल्स से बदला चुकता करने पर

## अंक तालिका में शीर्ष पर है संजू की टीम, जसप्रीत बुमराह टॉप विकेट टेकर

**एजेंसी।** जयपुर

**मुंबई** इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां आईपीएल मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है।

पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके। भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने नई गेंद से चमकदार प्रदर्शन किया और ज्यादा रन लुटाए बिना ही



यह विकेट हासिल किए।

बुमराह 13 विकेट लेकर इस आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। उनका इकोनोमी रेट भी दूसरे सर्वश्रेष्ठ नंबर पर है और उन्होंने छह रन से भी कम रन गंवाए हैं। जहां वह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं तो वहीं उनके साथी गेंदबाज ऐसा करने में जूझ रहे हैं। गेराल्ड कोएत्जी ने भी 12 विकेट लेकर प्रभावित किया है लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा रन लुटाए हैं। आकाश मधवाल और कप्तान हार्दिक पंड्या अनिरंतर रहे हैं। श्रेयस गोपाल ने अभी तीन मैच खेले हैं और प्रत्येक में एक एक विकेट झटका है। मुंबई इंडियंस को अपने अफगानिस्तान के अनुभवी आल राउंडर मोहम्मद नबी के बतौर गेंदबाज अनुभव का इस्तेमाल करने की जरूरत है। बल्लेबाजी में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का शानदार शतक सुर्खियों में रहा है, लेकिन इसके बावजूद टीम हार गई थी। वहीं ईशान किशन भी निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। हार्दिक ने भी अभी तक प्रभावित नहीं किया है जबकि तिलक वर्मा ने इन सबकी तुलना में अच्छा किया है।

मुंबई इंडियंस के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीज सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी 53 गेंद में 78 रन की पारी मुंबई इंडियंस के लिए अहम रही और अगर वह लय में आ जाएं तो किसी भी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा।

आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है, लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल 12 विकेट के साथ राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी विभाग के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, हालांकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन जूझते दिखे हैं। राजस्थान के लिए रियान पराग उनके सत्र के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं। असम के इस युवा बल्लेबाज ने अभी तक 318 रन बना लिए हैं जिससे टीम को काफी मदद मिल रही है।

टीम की बल्लेबाजी उनके इर्द गिर्द घूमती रही है, कप्तान संजू सैमसन ने भी टीम के लिए कुछ उपयोगी पारियां खेली हैं और अभी 276 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर ने अकेले दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अंतिम मैच में 200 से ज्यादा रन का स्कोर हासिल कर राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाई थी। लेकिन साथी सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रहे। शिमरोन हेटमायर भी जरूरत के समय अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, आवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी , युजवेंद्र चहल, तनुष कोटियान और केशव महाराज।

**मैच: शाम 7:30 से**

# केकेआर की रोमांचक विजय

## आरसीबी को एक रन से दी मात, 7वीं पराजय के बाद आगे की राह कठिन

**एजेंसी।** कोलकाता

**फिल** सॉल्ट और कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार बल्लेबाजी के बाद आंद्रे रसेल (25 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में दबाव में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को एक रन से शिकस्त दी।

सॉल्ट ने 14 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 48 रन बनाए तो वहीं अय्यर ने 36 गेंद में 50 रन की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जिससे केकेआर ने सात विकेट पर 222 रन बनाए। आरसीबी की पारी मैच के आखिरी गेंद पर 221 रन पर सिमट गई। विल जैक्स (32 गेंद में 55 रन) और रजत पाटीदार (23 गेंद में 52 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 102 रन की साझेदारी के दम पर आरसीबी ने पलटवार किया था लेकिन टीम ने 12वें और 13वें ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिए।



आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए दो विकेट रहते 21 रन की जरूरत थी और कर्ण शर्मा (सात गेंद में 20 रन) ने मिचेल स्टार्क की शुरुआती चार गेंद पर तीन छक्के लगाकर रोमांच बढ़ा दिया। वह पांचवीं गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए और आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन दूसरा रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गए जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंच कर चूक गई।

केकेआर के लिए आंद्रे रसेल ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि सुनील नारायण और हर्षित राणा को दो-दो सफलता मिली। वरुण चक्रवर्ती और स्टार्क ने एक-एक विकेट चटकाए। मौजूदा आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क ने अपने तीन ओवर में 55 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली (सात गेंद में 18 रन) ने हर्षित राणा और मिचेल स्टार्क पर छक्के के साथ शुरुआती दो ओवरों में आरसीबी को तेज शुरुआत दिलाई।

कोहली तीसरे ओवर में हर्षित की फुलटॉस गेंद का काबू नहीं नहीं रख सके और गेंदबाज को कैच दे बैठे। उन्होंने फुलटॉस गेंद कमर से ऊपर होने का दावा करते हुए रिव्यू लिया लेकिन तीसरे अंपायर का तर्क था कि कोहली क्रीज से बाहर थे और गेंद नीचे की ओर जा रही थी। इसी ओवर में राणा ने कप्तान फाफ डुप्लेसी (सात रन) को भी चलता किया। क्रीज पर आए जैक्स ने इसके बाद स्टार्क के खिलाफ तीन छक्के लगाए।

जैक्स ने चक्रवर्ती के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर 29 गेंद में अपना अर्धशतक और टीम का शतक पूरा किया। दूसरे छोर से रजत पाटीदार ने इंपैक्ट प्लेयर सुयश शर्मा के खिलाफ 10वें ओवर में दो छक्के और दो चौके लगाकर रनगति को तेज करने के बाद अगले ओवर में नारायण खिलाफ दो छक्के के साथ महज 21 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। रसेल ने चार गेंद के अंदर जैक्स और पाटीदार को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में केकेआर की वापसी कराई तो वही अगले ओवर में नारायण ने ग्रीन (छह रन) और महिपाल लोमरोर (चार रन) को चलता कर शिकंजा कस दिया।

दो ओवर में चार विकेट गंवाने के बाद अपना 250वां आईपीएल खेल रहे दिनेश कार्तिक (18 गेंद में 25 रन) और इंपैक्ट प्लेयर सुयश प्रभुदेसाई ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए कुछ बाउंड्री लगाई। कार्तिक ने 19वें ओवर में रसेल के खिलाफ छक्का और चौका जड़ा लेकिन उनके आउट होते ही आरसीबी की उम्मीदें लगभग टूट गई लेकिन कर्ण ने आखिरी ओवर में तीन छक्के लगाकर केकेआर को परेशान किया। वह हालांकि टीम को जीत नहीं दिला सके।

### कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट का 13वां दौर

# अलीरेजा को हराकर युवा ग्रैंडमास्टर गुकेश ने एकल बढ़त हासिल की

**एजेंसी।** टोरंटो

**युवा** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की।

इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैम्पियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैम्पियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। 22 साल की वैशाली ने इस तरह अपनी पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है।

रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रॉ खेला। गुकेश को संयम से खेलने का लाभ मिला और उन्होंने मुश्किल स्थिति में अलीरेजा की अंत में की गई भूल का फायदा उठाया। गुकेश के अब 13 में से 8.5 अंक हैं, जिससे



वह नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना से आधा अंक आगे हैं। आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती छह-छह अंक से संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि फिरोजा के 4.5 अंक और निजात अबासोव के 3.5 अंक हैं। कारूआना ने कड़े मुकाबले में प्रज्ञानानंदा को पराजित किया, जबकि गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रॉ खेला। गुकेश का सामना अब अंतिम दौर की बाजी में नाकामुरा से होगा, जबकि कारूआना की भिड़ंत नेपोमनियाच्ची से होगी। हालांकि चार खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता को जीत सकता है, लेकिन संभावनाएं काफी हद तक गुकेश के पक्ष में हैं, क्योंकि महज ड्रा भी उन्हें विश्व चैम्पियनशिप मैच के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार के रूप में उभरने के लिए काफी हो सकता है।

महिला वर्ग में झोंगई टान ने शीर्ष वरीय रूस की एलेक्सांद्रा से ड्रा खेलने के बाद अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और हमवतन टिंग्जी लेई पर पूरे एक अंक की बढ़त बनाई हुई है। वैशाली ने शानदार जीत से लेई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जबकि हम्पी ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और बुल्गारिया की नुरूग्युल सालिमोवा ने रूस की कैटरीना लाग्नो से बाजी ड्रा कराकर अंक बांटे।

# हॉकी इंडिया ने ओलंपिक से पहले 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप घोषित किया

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**हॉकी** इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिए पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्ईय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा।

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह मौजूद हैं। फॉरवर्ड में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल शामिल हैं।

# बलराज पंवार ने भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया

**7:01.27 मिनट का समय निकाल 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल किया**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बलराज** पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया।

भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे। उन्होंने 7:01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं।

पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में देश क्वालीफाई नहीं कर सका। भारत ने पिछले तोक्यो ओलंपिक में इस स्पर्धा में हिस्सा लिया था। उज्जवल कुमार और अरविंद सिंह की भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही जबकि इसमें शीर्ष दो जोड़ी कोटा हासिल करती हैं।

भारत इस तरह 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक में नौकायन में एक ही स्पर्धा में हिस्सा लेगा। अर्जुन लाल



और अरविंद सिंह ने तोक्यो ओलंपिक में पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वे 11वें स्थान पर रहे थे। एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराए जा रहे हैं, जिसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके एक दिन बाद हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरूआत के बाद दबदबा बनाया और तीसरे स्थान पर रहने में सफल रहे।

### ग्रीको रोमन पहलवानों का क्वालीफायर में फ्लॉप शो

**बिश्केश।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए।

सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। सुनील ने क्वार्टरफाइनल में दो बार खुद को उठाए जाने से बचाया। बल्कि कुछ समय के लिए वह मुकाबले में आगे भी चल रहे थे। लेकिन दो बार उन्हें प्रदान किए गए अंकों को वापस ले लिया गया क्योंकि उज्बेकिस्तान के शिविर ने रैफरी के फैसले को चुनौती दी। और अंत में सुनील को बर्डीमुरातोव से हार मिली। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई।


# 'अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी'

**एजेंसी।** बिश्केश

**ओलंपिक** कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करते रही हैं।

देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं



था। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी। इस 29 साल की पहलवान ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू की वेबसाइट से कहा, मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं।

# हेड और शर्मा की आतिशी बैटिंग ने से हारे हम

## सनराइजर्स से करारी शिकस्त के बाद डीसी के कोच आमरे ने पंत के फैसलों का बचाव किया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सनराइजर्स** हैदराबाद के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच में 67 रन की करारी शिकस्त का सामना करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे टीम के कप्तान ऋषभ पंत के टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने के साथ ललित यादव से शुरुआती ओवरों में गेंदबाजी करने जैसे फैसलों का बचाव किया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ने छह ओवर में रिकॉर्ड 125 रन बनाकर टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई। पंत ने पारी का




दूसरा और चौथा ओवर ललित यादव से डलवाया जिन्होंने दोनों ओवर में 21-21 रन लुटाए। इस दौरान उनके खिलाफ पांच छक्के और दो चौके लगे।

आमरे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में टॉस जीतने के बाद पहले क्षेत्ररक्षण करने के फैसले का बचाव करते हुए कहा, हम जब अभ्यास के लिए आए थे तो मैदान पर ओस थी लेकिन आज ऐसा कुछ भी नहीं था। हमें ऐसी बल्लेबाजी का श्रेय (ट्रेविस) हेड को देना होगा। छह ओवर में 125 रन, यह पावर प्ले का रिकॉर्ड है। हेड और अभिषेक (शर्मा) ने शानदार बल्लेबाजी की। कुलदीप ने मैच में कुछ हद तक हमारी वापसी कराई। उन्होंने पावरप्ले में ललित से गेंदबाजी करने के फैसले पर कहा, हम यह देख रहे थे एसआरएच के सलामी बल्लेबाजों को कौन रोक सकता है। दूसरी टीमों के तेज गेंदबाजों को भी उन्हें रोकने में परेशानी हो रही है।

दिल्ली के सहायक कोच ने कहा, हमारी सोच यह थी कि ललित स्थानीय खिलाड़ी है और उसे पिच के बारे में ज्यादा अच्छे से पता है। ऐसे में हम एक मौका लेना चाहते थे लेकिन जिस तरह से अभिषेक शर्मा ने स्पिनरों का सामना किया मुझे लगता है कि उसे श्रेय दिया जाना चाहिए। एक सोच यह भी थी ऑफ स्पिनर बाएं हाथ के दो बल्लेबाजों के खिलाफ प्रभावी होगा। यह किसी जुऐ की तरह था जो नहीं चला।

उन्होंने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय अगर जैक फ्रेजर गुर्क दो और ओवर तक क्रीज पर रहते तो इसका रुख उनकी टीम की तरफ मुड़ सकता था। गुर्क ने महज 18 गेंद में पांच चौके और सात छक्के की मदद से 65 रन बनाकर सनराइजर्स के गेंदबाजों को सकते में डाल दिया था।

उन्होंने कहा, हमने जिस तरह का जज्बा दिखाया वह शानदार था। जैक फ्रेजर गुर्क अगर दो और ओवर बल्लेबाजी करते तो मुझे लगता है कि हम मैच में बने रहते।

# प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख तैयारी करने का फायदा मिला: अभिषेक

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है।

अभिषेक ने शनिवार को यहां ट्रेविस हेड (32 गेंद में 89 रन) के साथ महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के दौरान पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी कायम किया। इस शानदार शुरुआत से सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी पारी में छह छक्के लगाए जिसमें चार छक्के कुलदीप की गेंद पर आए। उन्होंने कहा कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने से उन्हें फायदा हुआ। अभिषेक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे




उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास करने पर ध्यान देता हू। इससे काफी फायदा होता है। अपनी पारी में छह छक्के जड़ने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय उस कड़ी मेहनत का नतीजा है जो उन्होंने पिछले कुछ महीनों में की है। उन्होंने कहा, आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी, इससे मुझे काफी फायदा हो रहा है।